

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 29 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -325 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



नवाचार को अपनाएं युवा : ओम बिरला 02
■ जनता की राय लेकर दिल्ली का न्याय संकल्प पत्र...
■ उपराज्यपाल ने अनावश्यक आपत्ति लगाकर... 03
■ बाइडेन ने जारी किया संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा...
■ चीन-यूएई संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति ... 07
दीपिका पादुकोण की तीन चीजें चुराना चाहती ... 10

हिमाचल का सियासी भूचाल

# सुक्खू सरकार पर फिलहाल संकट टला

**शिमला,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आया संकट बुधवार को टल गया। भाजपा के नहले पर दहला फेंकते हुए कांग्रेस सरकार ने बजट सत्र के 12वें दिन बजट पारित करने में सफलता हासिल कर ली। इसके साथ ही विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा सदस्य का पद गंवाने के बावजूद कांग्रेस की सरकार को बचाने की रणनीति काम आई और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पहली परीक्षा पास करने में सफल हो गए। पहले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर समेत भाजपा के 15 विधायक विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के मार्शल से धक्का-मुक्की करने पर निलंबित हुए।

■ सदन में विपक्ष की गैरमौजूदगी में बजट पारित
■ विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

इससे पहले सदन में सत्तापक्ष के पास संख्या बल कम रहने की आशंका थी, मगर भाजपा विधायकों के निलंबर के चलते विपक्ष की गैरमौजूदगी में ही बजट पारित हो गया। बुधवार को विधानसभा की बैठक शुरू होने से पहले ही हाई वोल्टेज सियासी ड्रामा शुरू हो गया। पहले भाजपा विधायक राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को ज्ञापन के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की शिकायत करने गए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष के मार्शलों ने भाजपा विधायकों के साथ मंगलवार को धक्का-मुक्की की, जिससे उन्हें चोटें आई हैं। सुबह 8:00 बजे ही भाजपा विधायक दल राजभवन पहुंच गया।

### भाजपा के 15 विधायक मार्शल से धक्का-मुक्की करने पर निलंबित किए गए





बीते रोज भी भाजपा के विधायकों ने जबरन मेरे कक्ष में घुसने की कोशिश की तथा तोड़फोड़ भी की। उन्होंने हमला करने का भी प्रयास किया। इस तरह का व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है: **कुलदीप सिंह पठानिया, विधानसभा अध्यक्ष**

उनके पास जरूरी संख्या बल नहीं था। इसके बाद इनके सामने स्थिति ये पैदा हुई कि अगर बजट पास नहीं हुआ तो सरकार गिर जाएगी। इसके लिए भाजपा के 15 विधायक निलंबित किए गए : **जयराम ठाकुर, भाजपा नेता**

जयराम को सत्ता की भूख लग गई है। वह सदन के हर नियम को तोड़ रहे हैं। सदन की गरिमा बनी रहनी चाहिए और गुंडागर्दी नहीं चलने दी जाएगी। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी : **सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री**

#### विक्रमादित्य सिंह ने अनदेखी का आरोप लगाया

उसके बाद सुक्खू मंत्रिमंडल के सदस्य विक्रमादित्य सिंह ने अपनी और दिवंगत पिता वीरभद्र सिंह की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कैबिनेट मंत्री के पद से भावुक होकर इस्तीफा दे दिया। प्रश्नकाल शुरू होने से पहले ही संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष के चैंबर के बाहर भाजपा के 15 विधायकों नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, विपिन परमार, रणधीर शर्मा, लोकिंद्र कुमार, विनोद कुमार, हंसराज, बलवीर वर्मा, त्रिलोक जम्वाल, सुरेंद्र शौरी, दीपराज, पूर्ण चंद ठाकुर, इंद्र सिंह गांधी, दलीप ठाकुर, रणवीर सिंह निक्का और जनकराज ने धक्का-मुक्की की। उन्होंने प्रस्ताव पेश किया कि इन्हें सदन से निलंबित किया जाए। इस प्रस्ताव को स्वीकार कर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन की सहमति से उन्हें निलंबित कर दिया।

### विक्रमादित्य सिंह मेरे छोटे भाई : सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि विक्रमादित्य सिंह उनके छोटे भाई हैं और उनके इस्तीफे को स्वीकार करने का कोई औचित्य ही नहीं बनता। शिमला में देर शाम मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि उनकी विक्रमादित्य सिंह से आज बात हुई है। उनके इस्तीफे देने का कारण हो सकता है। जब गुस्सा आता है, तो त्यागपत्र दे दिया जाता है। सुक्खू ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह की जो भी नाराजगी है उसे दूर करेंगे। ऐसे में उनका इस्तीफा स्वीकार करने का कोई औचित्य ही नहीं है।

#### निलंबन के विरोध में विपक्ष का वाकआउट

हिमाचल प्रदेश विधानसभा से भाजपा के 15 सदस्यों के निलंबन के विरोध में पार्टी के शेष 10 विधायकों ने बुधवार को सदन से वाकआउट किया। भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने प्वाइंट ऑफ आर्डर के माध्यम से भाजपा विधायकों के निलंबन का मामला उठाया और इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया।

उत्तराखंड में भीषण कार हादसा

## 800 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, छह की मौत

**देहरादून,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड के चकराता में बुधवार को अटाल मार्ग पर हणस्नू गांव के पास एक कार 800 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है। सभी मृतक हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रहने वाले थे। वो अपने लोक देवता चालदा महराज के दर्शनों के लिए दसौं जा रहे थे। इसी बीच उनकी ऑल्टो कार (यूके 07 डीयू 4719) हादसे का शिकार हो गई।



इस हादसे पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, अटाल-त्यूणी मोटर मार्ग (चकराता) पर दुर्भाग्यपूर्ण कार दुर्घटना में 6 लोगों के हताहत होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर दिवंगतों की आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### झारखंड के जामताड़ा में ट्रेन से कटकर 12 की मौत

करीब आधा दर्जन लोग हुए घायल

**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा में बुधवार की शाम ट्रेन से कटकर 12 लोगों की मौत हो गई है। करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। रेलवे पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुट गई हैं। घटना करमाटांड़ के पास कलझारिया की है। बताया गया कि अंग एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की सूचना के बाद उस पर सवार यात्री अफरा-तफरी में नीचे कूदने लगे। इस बीची सामने से आ रही झाझा-आसनसोल पैसेंजर ट्रेन पटरी पर गिरे यात्रियों के ऊपर से गुजर गई। अंग एक्सप्रेस को भी रोक दिया गया है।

**सार संक्षेप**

### कांग्रेस ने राजस्थान के लिए गठित की अनुशासन समिति



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के लिए वरिष्ठ नेता उदयलाल अंजाना के नेतृत्व में चार सदस्य अनुशासन समिति का गठन किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने समिति के पदाधिकारियों के नाम को मंजूरी दी है और उन्हें तत्काल अपना काम शुरु करने के लिए कहा है। समिति में वरिष्ठ नेता शकुंतला रावत को सहअध्यक्ष, हाकम अली को संयोजक तथा विनोद गोदवाल को सदस्य बनाया गया है।

### यूसीसी को अनुमति के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 6 फरवरी को विधानसभा के विशेष सत्र में यूसीसी को सदन में पेश किया था। इसे 7 फरवरी को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया था। अब, बुधवार को उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने यूसीसी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेजा है। राष्ट्रपति से इस पर मुहर लगने के बाद यूसीसी उत्तराखंड में लागू हो जाएगा।

### 'पोषण उत्सव' का दिल्ली में उद्घाटन आज



**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी गुरुवार को 'पोषण उत्सव' का उद्घाटन करेंगी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि इस आयोजन में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स भी उपस्थित रहेंगे।

तेजस्वी यादव के बदले बोल

## पलटूराम से 'चाचाजान' पर आए तेजस्वी

**खगड़िया,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव कल तक नीतीश कुमार को पलटू बोल रहे थे और आज उन्होंने नीतीश कुमार को चाचाजान कहा है। यह हैरानी की बात तो है लेकिन तेजस्वी ने चाचाजान बोलकर नीतीश पर तंज ही कसा है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि नीतीश चाचाजान तो पलट गए लेकिन हम अपनी सरकार बनाकर रहेंगे। इस फिर दोनों के साथ आने की अटकलें लगनी शुरू हो गई है।



■ फिर साथ आने की लगी अटकलें

पूर्व उपमुख्यमंत्री व बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जन विश्वास यात्रा के दौरान बुधवार को खगड़िया पहुंचे। वे मुंगेर पुल होते हुए खगड़िया पहुंचे। यहां से महेशखूंट होते हुए एनएच 107 के रास्ते सहरसा के लिए निकल गए। जहां से वे मधेपुरा पहुंचेंगे।

खगड़िया में बलुआही स्थित राजद जिला कार्यालय के समीप एनएच 31 पर उनका रथ रुका। उन्होंने रथ पर से ही कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि न्योता देने आए हैं। तीन मार्च को सबको पटना आना है। तीन मार्च को महागठबंधन की ओर से जन विश्वास महारैली का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी को जम-जुटकर आना है। उन्होंने महेशखूंट में लोगों को संबोधित करते हुए सूबे के सीएम नीतीश कुमार को 'चाचाजान' बताते हुए तंज कसा। तेजस्वी ने कहा कि चाचाजान तो पलट गए। 2025 में अपनी सरकार बनानी है। इस मौके पर राजद के खगड़िया जिला अध्यक्ष मनोहर कुमार यादव भी मौजूद रहे।

#### 3 मार्च को है रैली

तेजस्वी यादव आमजनता को आगामी तीन मार्च को पटना में होने जा रही इंडी गठबंधन की रैली में भाग लेने का निमंत्रण भी दे रहे हैं। तेजस्वी के साथ पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव, आलोक मेहता सहित कई क्षेत्रीय नेता शामिल होंगे। रैली में लालू के अलावा राहुल गांधी, सीताराम येचुरी जैसे बड़े भी शामिल होंगे।

## भड़काऊ भाषण देने वालों को पहले से नोटिस भेजने जा रहा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण पर लगाम लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। आयोग ऐसे नेताओं को पहले ही नोटिस भेजने जा रहा है। यह नोटिस उन नेताओं को विशेष रूप से भेजा जाएगा, जिनका नाम चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में भड़काऊ भाषण देने के पहले से दर्ज है। मुख्य चुनाव





आयुक्त राजीव कुमार का मानना है कि लोकसभा चुनाव 2024 में

■ चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में पहले से दर्ज है ऐसे नेता

आयोग को सबसे ज्यादा चुनौती सोशल मीडिया और प्रचार के दौरान नेताओं के भड़काऊ भाषणों से आने वाली है। सोशल मीडिया के जरिए गलत खबरें फैलाएं जाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिशें रोकने के लिए हर जिले में एक प्रतिनिधि तैनात किया गया है। कोशिश है कि ऐसे सोशल मीडिया को तत्काल पहचान कर जरूरी प्रशासनिक कार्रवाई की जाए और जहां जरूरी लगे पोस्ट को हटवाने के लिए भी कार्रवाई की जाए। साथ ही ऐसे नेताओं को भी उनका पुराना रिकॉर्ड दिखाते हुए आगाह करने का काम किया जाएगा। इससे चुनाव को साफ सुथरा रखने में मदद मिलेगी।

चुनाव आयोग ने बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

### सरकार ने अधिकारियों का किया था तबादला

**कोलकाता।** भारतीय चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय और राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है कि क्या लोकसभा चुनाव से पहले नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण आयोग द्वारा निर्धारित नए मानदंडों की भावना के अनुरूप किये गए हैं। सूत्रों ने कहा कि आयोग ने विसंगतियों के मामलों के बाद रिपोर्ट मांगी है। हालाँकि विशेष पद पर तीन साल पूरे करने वाले नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को वैधानिक मानदंडों के अनुसार स्थानांतरित कर दिया गया है, लेकिन उन्हें उसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में या निकटवर्ती जिले में स्थानांतरित न करने के आयोग के अन्य निर्देश का कुछ मामलों में पालन नहीं किया गया है। निर्धारित स्थानांतरण प्रक्रियाओं से इस तरह के विचलन देखने के बाद 24 फरवरी को सीईओ, पश्चिम बंगाल के कार्यालय ने राज्य प्रशासन को आयोग के कहने से पहले ऐसे विचलन को सुधारने के लिए सचेत किया।

अब अखिलेश को किया तलब

## अवैध खनन मामले में सीबीआई ने सपा मुखिया को बुलाया

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव से पहले एक बार फिर सपा मुखिया अखिलेश यादव की मुश्किलें बढ़ती दिखाई पड़ रही है। अवैध खनन मामले में सीबीआई ने उन्हें 29 फरवरी को दिल्ली स्थित कार्यालय में पूछताछ के लिए समन भेजा है। वे इस मामले में एक गवाह के रूप में पेश होंगे। मालूम हो कि जनवरी 2019 में हमीरपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी,खनन अधिकारी ओर कई अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसमें यह आरोप था कि सरकारी अधिकारियो ने जिले में अवैध खान को प्रोत्साहित किया। इसी मामले में सीबीआई में अखिलेश यादव को नोटिस भेजा है। इसमें कहा गया है कि हमीरपुर में 2012 से 2016 के बीच हुए अवैध खनन में से जुडे मामले में उनसे पूछताछ की जानी है। वे तब उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री थे। सीबाीआई ने अखिलेश को यह नोटिस सीआरपीसी की धारा 160 के तहत भेजी है। इस मामले में बतौर गवाह उन्हें पेश होकर सीबीआई के सवालों का जवाब देना है।



■ आज पूछताछ के लिए दिल्ली आने को कहा

### बसपा छोड़ सपा में शामिल हुए गुड्डू जमाली

**लखनऊ।** पूर्व विधायक और बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने बुधवार को सपा मुख्यालय पर अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। गुड्डू जमाली ने बसपा के टिकट पर पिछले लोकसभा चुनाव में आजमगढ़ में सपा उम्मीदवार को हाराया था। इस मौके पर उन्होंने कहा, मैंने किसी लोभ-लालच में यह फैसला नहीं लिया है। मैंने सोच समझकर यह निर्णय लिया है। आज देश के जो हालात हैं उसके लिए यह एक जरूरी निर्णय है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि 2021 में विधानसभा चुनाव के पहले शाह आलम आए थे। लेकिन किसी कारण से हमारा इनका साथ नहीं हो पाया था।

## भाजपा कल जारी कर सकती है पहली सूची

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए कई राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करनी शुरू कर दी है। ऐसे में अब लोगों की नजर भाजपा की ओर टिक गई है।

माना जा रहा है कि पार्टी अपने उम्मीदवारों की पहली सूची 1 मार्च यानी शुक्रवार को जारी कर देगी। इस बीच बुधवार भाजपा के कोर ग्रुप की बैठक हुई। इसमें हिंदी पट्टी सहित 15 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के नेता शामिल हुए।

■ भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति की होगी बैठक आज
■ बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, शाह भी होंगे शामिल

राज्यों की इस कोर ग्रुप बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह ने भी हिस्सा लिया। इसमें राज्यों की तरफ से भेजे गए हर लोकसभा सीट पर तीन उम्मीदवारों के पैनल के नामों पर चर्चा हुई। वहीं कल गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो रही है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में तकरीबन 150 उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लग सकती है।

बैठक देर शाम तक चलेगी। इसलिए माना जा रहा है कि शुक्रवार को भाजपा अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर देगी। खबर है कि पार्टी पहले की तरह ही 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके लोगों को लोकसभा का उम्मीदवार नहीं बनाएगी।

## ईडी ने केजरीवाल को भेजा आठवां समन

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुधवार को आठवीं बार समन जारी किया। ईडी ने मुख्यमंत्री को चार मार्च को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा है। केन्द्रीय एजेंसी ने 22 फरवरी को सातवां समन जारी किया था। श्री केजरीवाल उसे गैर कानूनी बताते हुए ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। उन्होंने कहा कि वह ईडी के समक्ष तभी पेश होंगे जब अदालत ऐसा करने का आदेश देगी। भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने ईडी के समन पर अनुपस्थित रहने को लेकर श्री केजरीवाल के खिलाफ हाल ही में दिल्ली की एक अदालत में शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद अदालत ने मुख्यमंत्री को 16 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।



चार मार्च को पेश होने के लिए कहा

**घोषणा** *राष्ट्रीय दलों ने घोषित की अपनी आय*

## भाजपा के पास सबसे ज्यादा 2361 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)। देश के छह राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 3,077 करोड़ रुपए की अपनी कुल आय घोषित की है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सबसे अधिक यानी करीब 2361 करोड़ रुपये मिले। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बुधवार को यह जानकारी दी।**

इसने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 76.73 प्रतिशत है। आय के मामले में 452.375 करोड़ रुपए के साथ कांग्रेस ने दूसरा स्थान हासिल किया है। कांग्रेस की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 14.70 प्रतिशत है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप), नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी अपनी आय घोषित की है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के बीच, भाजपा की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 1917.12 करोड़ रुपए से 23.15 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 2360.844 करोड़ रुपए हो गई। एनपीपी की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 47.20 लाख रुपए से 7.09 करोड़ रुपए बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 7.56 करोड़ रुपये हो गई। इसी तरह, आम आदमी पार्टी की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 44.53 करोड़ रुपए से 91.23 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 85.17 करोड़ रुपए हो गई।



■ एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में दी जानकारी

### कांग्रेस की आय में कमी आई

निर्वाचन आयोग के पास जमा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2022-23 के बीच कांग्रेस, माकपा और बसपा की आय में क्रमशः 16.42 फीसदी (88.90 करोड़ रुपए), 12.68 फीसदी (20.57 करोड़ रुपए) और 33.14 फीसदी (14.50 करोड़ रुपए) की कमी आई है।

# देश

उवाच

"अखिलेश यादव जिस संसदीय क्षेत्र से खड़े होंगे, मैं भी वहीं से चुनाव लड़ूंगा। इसके लिए मैं भारतीय जनता पार्टी की संगठन की इकाई से आग्रह भी करूंगा।लोग समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा से ऊब चुके हैं।

–दिनेश लाल यादव निरहुआ, भाजपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23.0 | 14.0 |
| मुंबई | 28.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 20.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 24.0 |

# नवाचार को अपनाएं युवा : ओम बिरला

## कोटा में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया और इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि यह समारोह पहली बार कोटा परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जो संस्थान की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

**लोस अध्यक्ष ने स्नातक की उपाधि प्राप्त कर रहे छात्रों को दी बधाई**

दीक्षांत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओम बिरला ने स्नातक की उपाधि प्राप्त कर रहे छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आईआईआईटी, कोटा के छात्रों की औपचारिक शिक्षा के सफलतापूर्वक पूरा होने में इस संस्थान के प्रतिभाशाली, मेहनती और होनहार छात्रों के प्रयासों और उनके माता-पिता और शिक्षकों के अपार योगदान की सराहना की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्राचीन भारत में गुरुकुलों और शिक्षा की समृद्ध संस्कृति का उल्लेख किया जिसमें विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा बल्कि जीवन कौशल भी प्रदान किया जाता था, जिससे जीवन के सभी क्षेत्रों में उनका समग्र विकास होता था। उन्होंने कहा कि छात्रों में नई सोच को प्रोत्साहित और विकसित किया जाना चाहिए, जिसके परिणामस्वरूप वे नवाचार को अपनाएंगे,



**गुरुकुल पद्धति की हमारी प्राचीन विरासत ने ज्ञान प्राप्ति व भाईचारे की भावना को बढ़ावा दिया : ओम बिरला**

नया भविष्य गढ़ेंगे और समाज में सकारात्मक बदलाव का साधन बनेंगे। बिरला ने यह भी कहा कि तकनीकी आविष्कारों और नवाचार के वर्तमान काल में भारतीय युवा वैश्विक तकनीकी प्रगति में उल्लेखनीय और अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

### अमृत काल के वर्तमान युग में अपार अवसर उपलब्ध

लोस अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि अमृत काल के वर्तमान युग में अपार अवसर उपलब्ध हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए भारत की ओर देख रहा है। युवाओं को भावी बाधाओं का सामना अटूट आस्था के साथ करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए ओम बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि उनके दृढ़ प्रयासों से ही मजबूत और दृढ़ भारत की नींव रखी जाएगी।

देश में हाल ही में हुई तकनीकी प्रगति की बात करते हुए बिरला ने यूपीआई प्लेटफॉर्म की उपलब्धि पर प्रकाश डाला जिसे पूरी दुनिया में सराहना मिली है, और वहां के नेता अपने उन्नत देशों में इसे अपनाने के लिए उत्सुक हैं। बिरला ने यह भी कहा कि इसकी तुलना में भारत में सड़क पर सामान बेचने वालों, सब्जी बेचने वालों और अनौपचारिक क्षेत्र के लोगों ने भी व्यापक रूप से यूपीआई को अपनाया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्नत देशों में जिसकी अत्यधिक मांग है, वह देश के युवाओं की सक्रियता के फलस्वरूप भारत में रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल है। जापान, कनाडा और विभिन्न यूरोपीय देशों की यात्राओं के दौरान अपने अनुभवों के बारे में बताते हुए उन्होंने उल्लेख किया कि भारतीय युवा पूरी दुनिया में प्रौद्योगिकी, नवाचार, आर्टिफिशल इन्टेलिजन्स और स्टार्टअप में क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं।

### राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान अतुलनीय : लोस अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने संस्थान के आस-पास के गांवों में सामाजिक क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाएं और गांव के बच्चों और युवाओं को शिक्षित और प्रोत्साहित करके राष्ट्र निर्माण में योगदान दें, जिससे इन गांवों के साथ-साथ पूरे देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी बहुत मदद मिलेगी। अंत में बिरला ने छात्रों को बधाई दी और इस बात पर जोर दिया कि दीक्षांत समारोह आत्मविश्लेषण, प्रेरणा और नई शुरुआत का अवसर है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह दिन उनके लिए यादगार रहेगा और उन्हें समाज और राष्ट्र की भलाई के लिए उत्साह और गौरव के साथ काम करना जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।

# मोदी की अनंतनाग में रैली सात मार्च को

**जम्मू कश्मीर,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मार्च के पहले सप्ताह में एक बार फिर जम्मू कश्मीर के दौरे पर पहुंच रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस बार सात मार्च को पीएम कश्मीर घाटी के अनंतनाग में सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। ऐसा होने पर यह एक महीने से भी कम समय में उनकी दूसरी जम्मू कश्मीर की यात्रा होगी। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी आगामी यात्रा के दौरान जम्मू-कश्मीर समेत देशभर में महिला स्वयं सहायता समूहों और



अन्य लोगों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से दो दिन पहले होने जा रहा है। इसके अलावा, पीएम दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे, जहां वह विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ करेंगे और कल्याणकारी कार्यक्रमों के लाभार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। अनंतनाग में सार्वजनिक रैली एक महत्वपूर्ण घटक साबित होगी। यह कश्मीर घाटी में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी के चुनाव अभियान की शुरुआत का प्रतीक मानी जा रही है। लद्दाख के अलग होने के बाद जम्मू कश्मीर में पांच लोकसभा सीटें हैं। इनमें से दो सीटें जम्मू संभाग में और दो सीटें कश्मीर घाटी में पड़ती हैं।

# पुंछ में एलओसी पर पाकिस्तानी ड्रोन को खदेड़ा

## दोनों सेनाओं के बीच हुई गोलीबारी

**जम्मू,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। एलओसी से सटे पुंछ में भारतीय सेना ने उस पाकिस्तानी ड्रोन को वापस उस पार गोलीबारी कर खदेड़ दिया है जिसके प्रति शक था कि वह हथियारों की डिलीवरी करने आया था। इसी तरह से एलओसी पर एक अन्य सेक्टर में दोनों मुल्कों की सेनाओं के बीच गोलीबारी की भी खबर है। मिलने वाले समाचार कहते हैं कि पुंछ का एलओसी से सटा करमाड़ा क्षेत्र क रात गोलियों की आवाज से गूंज उठा था।



दरअसल घुसपैठिये देखने पर भारत और पाकिस्तानी सेना की ओर से अपने-अपने क्षेत्र में करीब 15 मिनट तक फायरिंग की गई। अचानक हुई फायरिंग से क्षेत्र के लोग भयभीत हो गए। हालांकि देर शाम हुई गोलीबारी को लेकर सुरक्षाबलों ने किसी भी प्रकार के संघर्ष विराम के उल्लंघन से इन्कार किया है। सूत्रों के अनुसार रात करीब 7 बजे करमाड़ा के उस पार तैनात पाकिस्तानी सेना की बलोच रेजिमेंट द्वारा अपने क्षेत्र में कुछ हरकत देखकर गोलीबारी की गई। सेना ने भी अपने क्षेत्र में कुछ मिनट तक गोलीबारी की। नियंत्रण रेखा के अग्रिम क्षेत्रों में इस प्रकार से अपने-अपने क्षेत्र में गोलीबारी करना नियमित सैन्य प्रक्रिया है। इस बीच दूसरी ओर सूत्रों ने बताया कि सेना के जवानों ने पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक पाक ड्रोन पर कुछ गोलियां चलाईं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मेंढर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास टोपी पोस्ट और परविंदर पोस्ट में दुश्मन के ड्रोन की गतिविधि पकड़ी गई थी, और एलओसी की रक्षा करने वाले सैनिकों ने कुछ राउंड फायरिंग की और इसे पाकिस्तानी को लौटा दिया। ओर। अधिकारी ने आगे बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है। याद रहे जम्मू कश्मीर पुलिस ने हाल ही में सीमा पार से नशीले पदार्थ, हथियार या विस्फोटक सामग्री गिराने के लिए उड़ाए गए ड्रोन की सूचना देने वाले को 3 लाख रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की, जिससे सामग्री की बरामदगी हो सके।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में दो ड्रग तस्करों की अवैध संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने बुधवार को दो ड्रग तस्करों की अवैध संपत्तियों को कुर्क कर किया। पुलिस ने कहा कि लडूरा रफियाबाद में कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद अयूब शाह और गुलाम मोहम्मद शाह उर्फ गुलशाह का एक मंजिला आवासीय घर और 60 रुपए कीमत का दो अलग-अलग स्नानघरों वाला दो मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, कुर्क कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि एनडीपीएस (मादक पदार्थ निवारण अधिनियम) 1985 की विभिन्न धाराओं के तहत यह कार्रवाई की गई है और यह बारामुला पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले जुड़ा है।

### मुंबई में झुग्गी बस्ती में आग से सात घायल

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के पास भयंदर में एक झुग्गी बस्ती में बुधवार तड़के भीषण आग लग गई, जिसमें सात लोग घायल हो गए। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आग लगने की घटना बुधवार को भायंदर ईस्ट के आजाद नगर स्लम इलाके में हुई। सूचना मिलते ही दमकल की करीब 20 गाड़ियां और पानी के टैंकर मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। इस मामले में और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### राम मंदिर पर राजनीति करना ठीक नहीं : कमलनाथ

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आदिवासी ब्लॉक हर्रई में आमसभा लेकर एक बार फिर से राम मंदिर के बहाने भाजपा पर निशाना साधा। कमलनाथ ने कहा है कि क्या राम मंदिर का पट्टा भाजपा के पास है। उन्होंने कहा है कि राम मंदिर के नाम पर राजनीति करना ठीक नहीं। राम मंदिर आपके पैसों से बना है, राम को राजनीति पर लाना सही बात नहीं है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने जजमेंट दिया। सरकार भाजपा की थी इसलिए उन्होंने बना दिया।

### बंगाल में पांच करोड़ की कीमत के सांप का जहर जब्त

**कोलकाता।** उत्तर बंगाल में मंगलवार देर रात तस्करी करके लाए गए चार किलोग्राम सांप के जहर को जब्त किया गया। इसकी कीमत 5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पश्चिम बंगाल वन विभाग और वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की संयुक्त कार्रवाई के बाद इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त किए गए सांप के जहर की कीमत बाजार में 5 करोड़ के आसपास है। जहर को दो विशेष रूप से डिजाइन किए गए क्रिस्टल जार में रखा गया था, जो फ्रांस में बनाए गए थे। सांप के जहर की तस्करी करने के आरोप में मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद अजमल व मोहम्मद ताहिद आलम की गिरफ्तारी हुई है।

# देश को नशा मुक्त बनाना सरकार की प्रतिबद्धता : शाह



**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश को नशा मुक्त बनाना सरकार की प्रतिबद्धता है। शाह ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा एक संयुक्त अभियान में तीन हजार किलो मादक पदार्थ जब्त किए जाने पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्त भारत के सपने को आगे बढ़ाते हुए हमारी एजेंसियों ने आज देश में विदेशों से लाई गई मादक पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती करने में बड़ी सफलता हासिल की है। एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस के संयुक्त अभियान में 3132 किलोग्राम ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त की गई। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता देश को नशा मुक्त बनाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस सफलता के लिए एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस को बधाई भी दी।

## झारखंड हाईकोर्ट से हेमंत सोरेन को झटका

# विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की नहीं मिली अनुमति

**रांची,** 28 फरवरी (आईएएनएस)। झारखंड हाईकोर्ट ने विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही में भाग लेने की इजाजत से संबंधित हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी है। हेमंत सोरेन जमीन घोटाले में 31 जनवरी से न्यायिक हिरासत में जेल में हैं। वह विधानसभा में बरहेट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

सोरेन ने 20 फरवरी को पीएमएलए कोर्ट में अर्जी दाखिल कर विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की इजाजत मांगी थी। 21 फरवरी को सुनवाई के बाद कोर्ट ने उनकी अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने पीएमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने 26 फरवरी को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। याचिका पर सुनवाई के दौरान



■ **जमीन घोटाले में 31 जनवरी से न्यायिक हिरासत में हैं हेमंत सोरेन**

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने हेमंत सोरेन का पक्ष रखते हुए कहा था कि उन्हें ईडी ने जिस मामले में गिरफ्तार किया है, उसमें चार्जशीट फाइल नहीं की गई है। वह राज्य के सीएम रह चुके हैं। बजट सत्र की कार्यवाही अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। दूसरी तरफ ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा था कि हेमंत सोरेन को विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव में भाग लेने के लिए कोर्ट से इजाजत दी गई थी, लेकिन उन्होंने इस अनुमति का दुरुपयोग किया। उन्होंने न्यायपालिका की आलोचना की। लेकिन, यह सदन के अंदर का मामला था, इसलिए उन्हें अवमानना के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। उनका आचरण भी उन्हें इस राहत के लिए पात्र नहीं बनाता है। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन बुधवार को भी सदन में विपक्षी विधायकों ने कई मुद्दों को लेकर हंगामा किया।

हालांकि शोरगुल के बीच ही विधानसभा अध्यक्ष ने प्रश्नकाल का संचालन किया। प्रश्नकाल के दौरान परिवहन, पंचायती राज, भवन निर्माण, पथ निर्माण, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और नगर विकास एवं आवास विभाग से जुड़े प्रश्नों पर विभागीय मंत्रियों की ओर से जवाब दिया गया। दोपहर बाद दूसरी वाली में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट पर चर्चा शुरू हुई। पक्ष-विपक्ष के कई सदस्यों ने चर्चा में हिस्सा लिया। इसके बाद वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक पर सामान्य वाद-विवाद के बाद वित्तमंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने सरकार की ओर से जवाब दिया।

### ईडी समन की अवहेलना में हेमंत सोरेन के खिलाफ दर्ज केस पर सुनवाई पूरी

**रांची।** समन की अवहेलना के आरोप में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ रांची में सीजेएम कोर्ट में दर्ज कराए गए कंप्लेन केस पर सुनवाई पूरी हो गई। अदालत ने इस मामले में फैसले के लिए 4 मार्च की तारीख मुकर्रर की है। ईडी की ओर से 20 फरवरी को दर्ज कराए गए केस में बताया गया है कि जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए उन्हें दस समन भेजे गए थे, लेकिन इनमें से मात्र दो समन पर वह उपस्थित हुए। यह पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत गैरकानूनी है। रांची के बड़गाईं अंचल से संबंधित जमीन घोटाले को लेकर ईडी ने उन्हें पहली बार 14 अगस्त 2023 को हाजिर होने के लिए समन भेजा था। इसके बाद 19 अगस्त, 1 सितंबर, 17 सितंबर, 26 सितंबर, 11 दिसंबर, 29 दिसंबर 2023 के अलावा 13 जनवरी, 22 जनवरी व 27 जनवरी 2024 को समन भेजे गए थे। दसवें समन पर उनसे 31 जनवरी को पूछताछ हुई थी और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

# पश्चिम बंगाल में सिख पुलिस अफसर पर आपत्तिजनक टिप्पणी निंदनीय : ममता

## भाजपा के असली सांप्रदायिक चेहरे को दर्शाती है टिप्पणी

**कोलकाता,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। पिछले हफ्ते संदेशखाली जाने से रोके जाने पर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा एक सिख आईपीएस अधिकारी को खालिस्तानी कहने वाले मामले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने इस मामले में भाजपा की आलोचना की है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि यह भाजपा के असली सांप्रदायिक चेहरे को दर्शाता है। एक आधिकारिक कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, जब वे (भाजपा) किसी आईपीएस अधिकारी को पगड़ी में देखते हैं तो वे उन्हें



खालिस्तानी कहते हैं। यह उनका असली सांप्रदायिक चेहरा है। पिछले हफ्ते संदेशखाली में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात सिख आईपीएस अधिकारी जसप्रीत सिंह ने दावा किया था कि भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के साथ चल रहे पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें खालिस्तानी कहा।

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को कहा कि मैं अपनी ड्यूटी कर रहा हूं। आप मेरे धर्म को क्यों निशाना बना रहे हैं। पुलिस अधिकारी को खालिस्तानी कहे जाने के विरोध में सिख समुदाय के लोगों ने कोलकाता में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय और आसनसोल में उसके कार्यालय के बाहर प्रदर्शन भी किया था।

### हमारी योजनाओं की नकल कर रही भाजपा

ममता बनर्जी ने इसी के साथ दावा किया कि कई राज्यों में भाजपा उनकी कल्याणकारी योजनाओं की नकल कर रही है। उन्होंने इस पर कहा कि भाजपा कहती है कि हमने बंगाल के विकास के लिए कुछ नहीं किया। लेकिन तथ्य यह है कि कई राज्यों में भाजपा हमारी योजनाओं की नकल कर रही है।

# बिहार में स्कूल के समय में बदलाव

## शिक्षा विभाग ने जारी की अधिसूचना

**पटना,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार में काफी हंगामे के बाद स्कूल की टाइमिंग में बदलाव कर दिया गया। शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई। बिहार में स्कूल अब सुबह 9.45 से शाम 4.15 बजे तक चलेंगे। इससे पहले स्कूल की टाइमिंग को लेकर प्रदेश में जमकर बवाल मचा था। बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भी विपक्षी सदस्यों द्वारा दो दिनों तक जमकर हंगामा किया गया था। स्थिति यहां तक पहुंच गई थी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी को सदन में इसे लेकर बयान देना पड़ा था। इस अधिसूचना में शिक्षकों के आने और जाने की समय सीमा भी तय की गई है। माध्यमिक शिक्षा के निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा जारी अधिसूचना में स्कूलों की नई टाइमिंग को लेकर आदेश दिया गया है। साथ ही पूर्व में इस संबंध में जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। इससे पहले 28 नवंबर 2023 को जारी आदेश के अनुसार शिक्षकों की ड्यूटी सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक थी।

मप्र एसोसिएशन ऑफ़ सर्जन ऑफ़ इंडिया कोन 2024 का आयोजन ग्वालियर में संपन्न

# डॉ. राजेश प्रजापति बने मध्य प्रदेश एसोसिएशन ऑफ़ सर्जन ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष

**ग्वालियर** 28 फरवरी (एजेंसियां)। कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट मध्य प्रदेश एसोसिएशन ऑफ़ सर्जन ऑफ़ इंडिया सिटी चैप्टर (ग्वालियर) की सहभागिता के तत्वावधान में एमपीएसईकोन-2024 का 22 फरवरी से 24 फरवरी सर्जरी विभाग गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय (ग्वालियर), आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय के जाने माने 500 के लगभग शल्य चिकित्सकों ने भागीदारी करी।

इसके प्रथम दिवस 22 फरवरी 2024 को प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया, जिसमें एसोसिएशन ऑफ़ सर्जन ऑफ़ इंडिया ( ए.एस.आई ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.प्रोबल नियोगी सहित देश एवं प्रदेश के प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक विशेष रूप से उपस्थित रहे । प्रेस वार्ता में डॉक्टर बी बी ओहरी मेमोरियल (ओरेशन) व्याख्यान ए.एस.आई के अध्यक्ष डॉ प्रोबल नियोगी के द्वारा दिया गया।





ए.एस.आई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय जैन (भोपाल), डॉ. प्रताप वरूते, डॉ. भंवर लाल यादव , सर गंगाराम हॉस्पिटल नई दिल्ली के डॉ. तरुण मित्तल एवं डॉ मुकुंद खेतन तथा मेदांता हॉस्पिटल गुड़गांव के डॉक्टर तरुण ग्रोवर जैसे कई प्रसिद्ध शल्य चिकित्सकों ने अपने व्याख्यान दिए। इसी क्रम में डॉक्टर बी आर पारेख मेमोरियल (ओरेशन) व्याख्यान ग्वालियर के डॉक्टर अचल गुप्ता द्वारा दिया गया। प्रेस वार्ता में चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टर बी आर श्रीवास्तव (डायरेक्टर कैंसर हॉस्पिटल, ग्वालियर) एवं डॉक्टर एस के निगम (भोपाल) को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया।

**मांग** — *मध्य प्रदेश में पटवारी भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग तेज*

# जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग के लिए जुटे अभ्यार्थी

**भोपाल, 28 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में पटवारी भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग तेज होती जा रही है। बुधवार को भोपाल में नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के बैनर तले अभ्यार्थी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर एकजुट हुए। एमपी नगर चौराहे पर एकजुट होने के बाद अभ्यार्थी वल्लभ भवन की तरफ बढ़े। पुलिस ने उनको व्यापम चौराहे के पास।**

बैरिकेटिंग कर रोक लिया। इसके बावजूद आगे बढ़ने की बात पर अड़े कुछ अभ्यार्थियों को हिरासत में ले लिया। अभ्यार्थी पटवारी परीक्षा की नियुक्ति प्रक्रिया को तत्काल रद्द करने, परीक्षा की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने, मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में तकनीकी विशेषज्ञों की कमेटी से जांच कराने, दोषियों को सख्त सजा दिलाने और दोबारा परीक्षा आयोजित करने की मांग कर रहे है। उनका कहना है कि



■ **दोबारा परीक्षा आयोजित करने की मांग की**

उनकी मांग नहीं मानी गई तो दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारी चयन मंडल ने ग्रुप-2, सबग्रुप-4 और पटवारी परीक्षा के लिए नवंबर-2022 में 9200 पद के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। 15 मार्च से 26 अप्रैल तक 78 सेंटर पर परीक्षाएं आयोजित हुई। इस परीक्षा में 12 लाख 7663 अभ्यार्थियों ने आवेदन किया।

जिसमें से 9 लाख 78 हजार 270 अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा का 30 जून 2023 को परिणाम आया। इसमें 8617 चयनित अभ्यार्थियों की मेरिट सूची जारी हुई। बाकी पद के लिए रिजल्ट रोक दिए गए। इसके बाद ग्वालियर के एक ही सेंटर से 7 टॉपर के नाम सामने आने के बाद परीक्षा पर सवाल खड़े हुए। जिसके बाद रिजल्ट रोक दिया गया और सेवानिवृत्त न्यायाधीश राजेंद्र वर्मा के नेतृत्व में एक सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में परीक्षा को क्लीन चिट दे दी। जिस पर 15 फरवरी को नियुक्ति देने के सरकार ने आदेश भी जारी कर दिए। अभ्यार्थियों का कहना है कि एक सदस्य जांच कमेटी के पास जांच के तकनीकी संसाधन ही नहीं थी। ऐसे में सिर्फ बयानों पर ही जांच रिपोर्ट बना क्लीन चिट दे दी गई। उन्होंने सवाल खड़े किए कि ऑनलाइन परीक्षा की जांच बिना टेक्नीकल सपोर्ट के एक व्यक्ति के करना संभव नहीं है। अभ्यार्थी सरकार से रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की भी मांग कर रहे है। अभ्यार्थी पूछ रहे हैं कि जांच समिति ने परीक्षा में टॉपर अभ्यार्थी के बयान लिए। क्या टॉपर के आपसी संबंधी और कनेक्शन की जांच की। ग्वालियर के एक सेंटर से 10 में से सात और प्रदेश के केवल तीन केंद्रों से 50 में से 34 टॉपर कैसे आ गए। क्या टॉपर की 10वीं और 12वीं की मार्कशीट की जांच की गई। क्या टॉपर में बोर्ड परीक्षा 35 प्रतिशत अंक से पास करने वाले भी है। पटवारी भर्ती परीक्षा में पास कुछ अभ्यार्थी दिव्यांग यानी उनके कानों से सुनाई नहीं देता जबकि वह वनरक्षक की भर्ती में फिट थे यह कैसे संभव है। क्या टॉपर का लॉग इन टाइम चेक किया गया।

# जनता की राय लेकर दिल्ली का न्याय संकल्प पत्र बनाएगी कांग्रेस

## लोकसभा चुनाव में तीस विषयों पर केंद्र सरकार को घेरेगी पार्टी

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनता के बीच अपनी बात रखने के लिए दिल्ली कांग्रेस की ओर से चुनाव के लिए मेनिफेस्टो तैयार करने की तैयारी की जा रही है। इस बाबत बुधवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि प्रदेश कांग्रेस की मेनिफेस्टो कमेटी जनता के बीच जाएगी और उनसे राय लेकर दिल्ली का न्याय संकल्प पत्र तैयार करेगी। लोकसभा चुनाव में 30 विषयों पर कांग्रेस केंद्र सरकार को घेरेगी। फिलहाल अभी तक दिल्ली की तीन सीटों पर लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की तरफ से प्रत्याशियों के नाम की घोषणा नहीं की गई है। कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली का कहना है कि



**लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नाम का पैनल बनाएगी स्क्रीनिंग कमेटी : अरविंद सिंह लवली**

स्क्रीनिंग कमेटी पहले लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नाम का पैनल बनाएगी।

यह पैनल सेंट्रल इलेक्शन कमेटी में जाएगा। इसके बाद उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की जाएगी। लवली ने बताया कि आज पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की गई। इसके बाद एक मेनिफेस्टो कमेटी का गठन किया गया। वहीं, मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि इंडिया एलायंस के तहत हम अपने वादे जनता के सामने रखेंगे। दिल्ली की जो दिक्कतें और परेशानियां हैं इन परेशानियों में केंद्र का जो रोल है।

### भाजपा का रामराज्य पिछड़ों व दलितों के लिए मनुराज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि राज्य में दलितों, पिछड़ों, महिलाओं और आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है और उनके लिए उत्तर प्रदेश में रामराज्य नहीं बल्कि मनुराज चल रहा है। कांग्रेस के असंगठित क्षेत्र के वर्कर्स तथा कर्मचारी संगठन के प्रमुख डॉ. उदित राज ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा का रामराज्य पिछड़ों, दलितों, महिलाओं तथा आदिवासियों के लिए मनुराज है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के रामपुर स्थित बड़ागांव में कुछ अधिकारी पुलिस फोर्स और दबंगों के साथ पहुंचे थे। जहां दलित छात्र सुमेश कुमार की हत्या कर दी गई। उनकी गलती यही थी कि ये गड्ढे को पाटकर बाबा साहेब का बोर्ड लगाना चाह रहे थे। उप्र में इस तरह का जुल्म जारी है। राज्य में कई सालों बाद करीब 60,000 पदों पर पुलिस कांस्टेबल की भर्ती आई थी। इस भर्ती का पेपर लीक करा दिया गया ताकि रेगुलर भर्ती न हो और लोकसभा चुनाव बीत जाने के बाद भर्ती न की जाए।

### उद्योग भवन स्टेशन मेट्रो ट्रैक पर कूदा यात्री

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन पर बुधवार सुबह एक व्यक्ति ने कथित तौर पर मेट्रो के आगे कूद गया। यात्री को निकालकर नजदीकी अस्पताल भेजा गया और दिल्ली मेट्रो रेल पुलिस को भी सूचित किया गया। इस दौरान ट्रेन सेवाओं को कुछ देर के लिए नियंत्रित किया गया और दोपहर 12:04 बजे सामान्य ट्रेन यातायात बहाल कर दिया गया। उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रैक पर एक व्यक्ति द्वारा कूदने की एक पीसीआर कॉल डीडी नंबर 19ए के माध्यम से पीएस राजीव चौक को प्राप्त हुई थी। आईओ पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ करने और सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि उस व्यक्ति ने उद्योग भवन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर सुबह करीब 11:29 बजे मेट्रो ट्रेन के आगे ट्रैक पर कूदकर आत्महत्या कर ली। आगे की पूछताछ पर उसकी पत्नी प्रीति से उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया, जिसने मृतक की पहचान आनंद कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री के रूप में बताई। उन्होंने बताया कि उनके पति पहले पेंटर का काम करते थे, लेकिन वह कैंसर से पीड़ित थे। इसलिए आजकल वह अपनी बीमारी के कारण काम नहीं कर रहे थे। एसओसी क्राइम टीम से निरीक्षण करा चुकी है। शव को आरएमएल अस्पताल ले जाया गया है। धारा 174 सीआर के तहत जांच की जा रही है।

# बिजली बकाया बिलों का भुगतान किस्तों में स्वीकार करेगा एनडीएमसी

### केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी की बुधवार को परिषद बैठक हुई। इस बैठक में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने नागरिक केंद्रित, बुनियादी ढांचे और कर्मचारी कल्याण संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी दी। बैठक की अध्यक्षता दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने की। बैठक में पालिका परिषद अध्यक्ष अमित यादव, उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, विधायक और सदस्य एनडीएमसी, वीरेंद्र सिंह कादियान, परिषद के सदस्य कुलजीत सिंह चहल, विशाखा शैलानी और गिरीश सचदेवा भी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न नागरिक केंद्रित, बुनियादी ढांचे और कर्मचारी कल्याण संबंधी प्रस्तावों पर विचार किया और मंजूरी भी दी गई। बैठक में एनडीएमसी क्षेत्र में बिजली बिलों का बकाया किस्तों में स्वीकार करने जैसे प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

जिसमें बिजली बकाया का 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान करने के बाद बचे हुए 50 प्रतिशत को दो किस्तों में भुगतान किया जा सकेगा। अधिकतम दो किश्तों में देय होगा, जिसका प्रतिशत विभाग द्वारा तय किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त बैठक में बिजली की कमी को पूरा करने जैसे प्रस्तव को भी मंजूरी दी गई। एनडीएमसी की अधिकतम मांग




लगभग 350-400 मेगावाट है।

इस प्रकार लगभग 200 मेगावाट की कमी है। घाटे वाली पावर में से, एनडीएमसी अपनी चरम मांग को पूरा करने के साथ-साथ आरपीओ को पूरा करने के लिए नवीकरणीय स्रोत के माध्यम से घाटे वाली पावर खरीदना चाहती है। मांग और आपूर्ति के अंतर की भरपाई के लिए एनडीएमसी ने घाटे वाली बिजली की खरीद के लिए भारत सरकार की पैरा बी वी शक्ति नीति में भाग लिया और 236.40 मेगावाट आवंटित किया। एनडीएमसी ने इस योजना के तहत 181 मेगावाट की आपूर्ति के लिए पांच जेनको के साथ एक समझौता किया है।

## सार संक्षेप

### क्यू एंड आई ने की प्रगतिशील जेईई एडवांस्ड लर्निंग सॉल्यूशन की घोषणा



**नई दिल्ली।** शिक्षात्मक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी एक व्यक्ति के रूप में क्यू एंड आई इस उत्कृष्ट जेईई एडवांस्ड समाधान का आगाज करने के लिए उत्साहित है। उत्कृष्टता के साथ विकसित यह कटिंग-एज पेशकश परीक्षा की तैयारी रणनीतियों में एक महत्वपूर्ण उन्नति का चिह्न बनाता है। विनय सिंह एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओए थॉमसन डिजिटल और क्यू एंड आई के नेतृत्व में यह रिलीज छात्रों और शिक्षकों के लिए जेईई एडवांस्ड अनुभव को पुनर्परिभाषित करने का वादा करता है। विशेषज्ञ प्रश्न सेटरू क्यू एंड आई का जेईई एडवांस्ड समाधान विशेष रूप से विशिष्ट विषयों और अध्यायों के लिए ध्यान से चुने गए प्रश्न प्रदान करता है। एक विस्तृत प्रकार के प्रश्नों को शामिल करके जैसे कि बहुविकल्पीय, समझ, पूर्णांक, और मैच करना, यह संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करता है। व्यापक मूल्यांकन छात्र अब अपनी प्रगति और सफलता की संभावना को सटीकता से माप सकते हैं। क्यू एंड आई प्रदर्शन पर विस्तृत प्रतिक्रिया प्रदान करता है, जो छात्रों को अपने शक्तियों और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में सहायक है। व्यक्तिगत सिफारिशें उन्नत एल्गोरिदम का लाभ उठाते हुए क्यू एंड आई व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर व्यक्तिगत सिफारिशें प्रदान करता है।

### निप्पॉन पेंट इंडिया ने प्रगति व्हील स्कूल के साथ की साझीदारी

**नई दिल्ली।** अग्रणी ऑटोमोटिव कोटिंग्स कंपनी निप्पॉन पेंट इंडिया उन समुदायों में सकारात्मक और टिकाऊ परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है जहां वह परिचालन करती है। यह प्रतिबद्धता शिक्षा, कार्य और सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए उसके समग्र सीएसआर के दृष्टिकोण से परिलक्षित होती है। आज, निप्पॉन पेंट इंडिया को नई दिल्ली में प्रगति व्हील स्कूल के साथ साझीदारी को घोषणा की। इस साझीदारी के जरिए कंपनी का लक्ष्य जूनियर विंग से विद्यार्थियों को सशक्त करना और एक उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उनका पथ प्रदर्शन करना है। यह साझीदारी प्रभावकारी सीएसआर पहल को लेकर निप्पॉन पेंट इंडिया के सामाजिक प्रयास पर निर्मित है। निप्पॉन पेंट इंडिया के निदेशक और अध्यक्ष शरद मल्होत्रा के मुताबिक, हमें प्रगति व्हील स्कूल के विविध सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों का सहयोग करते हुए बहुत खुशी है।

### महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन आठ मार्च को

**नई दिल्ली।** भोले का दीवाना मण्डल द्वारा आठ मार्च 2024 को त्रिनगर स्थित जय माता मार्केट शंकर चौक पर 15वां विशाल महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में करीब 30 से 35 हजार शिव के भक्तों की आने की संभावना है। महोत्सव के एक दिन पूर्व बैंड-बाजे और ढोल नगाड़ों के साथ भोले बाबा की बारात निकाली जाएगी। भोले का दीवाना मण्डल के अध्यक्ष हरिओम पाराशर ने बताया कि 8 मार्च को महोत्सव में लाखों भक्त भारत के कोने कोने से प्रभु के दर्शनों के लिए पहुंचेंगे और करोड़ों भक्त घर बैठे विभिन्न चैनलों के माध्यम से महाशिवरात्रि महोत्सव को देख सकेंगे। प्रभु भोलेनाथ का भव्य दरबार सजाकर अखण्ड ज्योति प्रज्वलित कर इत्रों की वर्षा की जाएगी। हरिओम पाराशर ने यह भी बताया कि पंडाल के बाहर सैकडों गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था की गई जाएगी तथा हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था के साथ जगह जगह एलईडी स्क्रीन भी लगाई जाएगी।

# शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने की कवायद में जुटी सरकार : शैली



**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय और नेता सदन मुकेश गोयल ने दिल्ली नगर निगम विद्यालय, मोलडबंद एक्सटेंशन का जीणोद्धार के उपरांत लोकार्पण कर जनता की सेवा में समर्पित किया। निगम विद्यालय में नए कमरों का निर्माण किया गया है। साथ ही बुनियादी ढांचे में सुधार किया गया है। इस मौके पर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम दिल्ली सरकार की तर्ज पर शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने की कवायद में जुटी हुई है। इसके तहत नए स्कूल और नए भवनों को बनाया जा रहा है। इनमें उन्नत शिक्षा व्यवस्था के साथ आधुनिक सुविधाएं स्कूली बच्चों को मिलेंगी और वे बेहतर तरीके से स्कूलों में पढ़ाई कर सकेंगे। स्थानीय पार्षद ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय बहुत ही जर्जर अवस्था में था और रख रखाव की आवश्यकता थी। इसके जीर्णोद्धार में कुल 8 माह का समय लगा। जिसके अंतर्गत कुल 22 कमरे, 6 पोर्टा केबिन और 14 शौचालयों का पुनर्निर्माण किया गया द्य इस कार्य में कुल एक करोड़ 80 लाख रुपए की लागत आयी। इस मौके पर मध्य क्षेत्र की उपायुक्त एंजल भाटी उपस्थित रहीं।

- मेयर ने मोलडबंद एक्सटेंशन के निगम विद्यालय में नए कमरों का किया लोकार्पण
- स्कूली बच्चों को मिल सकेंगी आधुनिक सुविधाएं

### शिक्षा को आगे बढ़ाना हमारा नारा : गोयल

इस मौके पर नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि जब से आम आदमी पार्टी निगम की सत्ता में आई है। हमारा एक ही नारा रहा है कि हमें शिक्षा को आगे बढ़ाना है। आप पार्टी ने शिक्षा को प्राथमिकता दी है। आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। हमारा मानना है कि शिक्षा देश और दुनिया को बदल सकती है। हम सभी हितधारकों को मिलकर कार्य करना होगा और निगम स्कूलों को आगे लेकर जाना है। निगम में संसाधनों की कमी है लेकिन आने वाले दो-तीन सालों में बदलाव देखने को मिलेगा।

# उपराज्यपाल ने अनावश्यक आपत्ति लगाकर रोकी सोलर नीति : आतिशी



**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तरफ़ से बैटिंग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने केजरीवाल सरकार की नयी प्रोगेसिव सोलर नीति 2024 की फाइल को रोक दी है। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन कहा कि 29 जनवरी 2024 को केजरीवाल सरकार ने अपनी कैबिनेट में एक नई सोलर नीति पास की। इसे देश के सबसे बेहतरीन और प्रोग्रेसिव पॉलिसी के तौर पर सराहा गया। ये एक ऐसी पॉलिसी है जो दिल्ली में रहने वाले 400 यूनिट से ज्यादा बिजली का इस्तेमाल करने वालों को भी जीरो बिजली का बिल मिल सके, इसका प्रावधान करती है। उन्होंने कहा कि अभी दिल्ली में सरकार 200 यूनिट तक फ्री बिजली और 200-400 यूनिट तक 50 फीसदी सब्सिडी देती है। लेकिन पहली बार इस नीति के माध्यम से 400 यूनिट से ज्यादा बिजली इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं का बिल भी जीरो हो सकता था तो स्वाभाविक बात थी कि दिल्ली के लोगों ने इसका स्वागत किया और जब से मुख्यमंत्री ने इस योजना की घोषणा की तो दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों से लोगों ने पूछना शुरू कर दिया कि हम कब इस पॉलिसी के तहत सोलर पैनल लगवा सकते हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस नीति का दूसरा महत्वपूर्ण प्रावधान ये है कि हर यूनिट उत्पादन पर सरकार रूफटॉप सोलर लगवाने वाले उपभोक्ताओं को पैसे देगी। तीन किलोवाट तक की बिजली के लिए प्रति यूनिट उत्पादन पर सरकार द्वारा 3 रूपये दिए जायेंगे और 3 किलोवाट से 10 किलोवाट तक प्रति यूनिट 2 रूपये दिए जायेंगे। इससे न सिर्फ उपभोक्ताओं का बिजली का बिल जीरो आएगा बल्कि वो अपने छत पर लगे रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट से पैसे कमा भी सकता है।

# मल्टीपल स्केलेरोसिस के उपचार के लिए रॉश ने लॉन्च किया ऑक्रेवस

### मल्टीपल स्केलेरोसिस वयस्कों में नान-ट्रॉमैटिक विकलांगता का एक प्रमुख कारण

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। रॉश फार्मा इंडिया ने मल्टीपल स्केलेरोसिस एमएस के इलाज के लिए अपनी ब्लॉकबस्टर सफल दवा, ऑक्रेवस ऑक्रेलिजुमैब के लॉन्च की घोषणा की है। इसके साथ ही कंपनी ने भारत में इस विकलांग बना देने वाले रोग से जूझ रहे कई रोगियों की अधूरी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने न्यूरोलॉजी पोर्टफोलियो का विस्तार किया है।

यह बीमारी ज्यादातर 20 से 40 वर्ष की उम्र के लोगों में होती है। मल्टीपल स्केलेरोसिस वयस्कों में नान-ट्रॉमैटिक विकलांगता का एक प्रमुख कारण है। इस लॉन्च के मौके पर रॉश फार्मा इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक वी सिम्पसन इमैनुएल ने कहा कि ऑक्रेवस की शुरूआत भारत में मल्टीपल स्केलेरोसिस के इलाज में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करती है। जबरदस्त असर, सुव्यवस्थित इलाज प्रणाली और एक सराहनीय दीर्घकालिक सुरक्षा रिकॉर्ड से युक्त ऑक्रेवस इस कठिन न्यूरोलॉजिकल परेशानी से जूझ रहे व्यक्तियों में उम्मीद की किरण पैदा करता है। पारस हॉस्पिटल्स की चेयरपर्सन, न्यूरोलॉजी पद्मश्री डॉ. प्रो. एम.वी. पद्मा श्रीवास्तव ने कहा कि रॉश द्वारा किया गया यह नवीनतम लॉन्च एमएस के लिए मौजूदा उपचारों से अलग है। तमाम प्रगति के बीच ऐसी दवाओं की काफी जरूरत बनी हुई है जो इस रोग के विकास को प्रभावी ढंग से रोक सकती हैं और विकलांगता का निवारण कर सकती हैं।

**आयोजन** *कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी एक्सपो का आयोजन सात मार्च को*

# नवीनतम उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे निर्माता

**नई दिल्ली, 28 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में 7 से 9 मार्च के बीच कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी उद्योग को समर्पित कोरुपैक प्रिंट इंडिया एक्सपो 2024 का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत की अग्रणी कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी एसोसिएशन द्वारा संचालित एकमात्र प्रदर्शनी है जिसका आयोजन इंडियन पेपर कोरुगेटेड एंड पैकेजिंग मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन आईसीपीएमए और फ्यूचरेक्स ग्रुप ने संयुक्त रूप से किया है।**

इस एक्सपो में कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी क्षेत्र के अग्रणी निर्माता अत्याधुनिक मशीनों के लाइव प्रदर्शन के साथ अपने नवीनतम उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य पैकेजिंग और कोरुगेटेड उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पादों का व्यापक प्रदर्शन प्रस्तुत करते हुए कोरुगेटेड उद्योग के पूरे स्पेक्ट्रम को एक साथ लाना है। 300 से अधिक प्रदर्शकों और 800 से ज़्यादा भाग लेने वाले ब्रांड्स के साथ, उपस्थित लोग पेशकशों और अवसरों की एक गतिशील श्रृंखला की उम्मीद कर सकते हैं। बुधवार को इस बाबत




जानकारी देते हुए आईसीपीएमए के अध्यक्ष और नेचुरल इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक हितेश नागपाल, सचिव और सुरजीत इंजीनियरिंग के निदेशक जतिंदर सिंह, फ्यूचरेक्स ग्रुप के प्रबंध निदेशक स्वामी प्रेम अन्वेषी और फ्यूचरेक्स ग्रुप के निदेशक नमित गुप्ता ने कहा कि कोरुगेटेड खंड के लिए एक स्पेशल इवेंट के रूप में कॉरु पैक प्रिंट इंडिया की अद्वितीय महत्ता को उजागर किया। उन्होंने इस प्रदर्शनी को संघ के एक प्रथम प्रयास के रूप में हाइलाइट किया, जिसने कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी निर्माताओं को एक साथ लाने की पहल की।

- कोरुगेटेड उद्योग के पूरे स्पेक्ट्रम को एक साथ लाना उद्देश्य

आईसीपीएमए भारत के पहले पेपर कोरुगेटेड और पैकेजिंग मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के रूप में, 2014 में नई दिल्ली में अपनी स्थापना के बाद से एक प्रेरक शक्ति रही है।


**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा आमंत्रण सूचना**

**कार्य का नाम और इसकी स्थितिः 30-Elect-49-T-R1-23-24-E3**
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार रेल भवन, एनआरएम और मोती बाग में स्थापित मौजूदा डीजी सेटों में ईंधन तंत्र प्रणाली के रूपांतरण के संबंध में विद्युत कार्य।
**निविदा की अनुमानित लागतः** रु. 107.54 लाख
**कार्यालय का पताः** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड़, नई दिल्ली
**बयाना राशिः** रु. 2,03,800.00
**निविदा निवेदन की दिनांक व समयः** 26.03.2024, 12:00 बजे
**निविदा खोलने की दिनांक व समयः** 26.03.2024, 12:00 बजे
**वेबसाइट व नोटिस बोर्डः** www.ireps.gov.in /वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली
636/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम धनौरी में उप जिलाधिकारी सदर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 146/एस0टी0-एस0 डी0एम0/2024 दिनांक 19.02.2024 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित हैः-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 1613, 1332, 1355, 1624, 1182/1786, 983, 590 | सेंगराम शर्मा पुत्र स्व0 बत्तू सिंह नि. ग्राम धनौरी तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | ब्रहमा देवी | 73 | पत्नी |
| | | | चन्द्रा नारायण दत्त | 59 | पुत्र |
| | | | लखमी नारायण दत्त | 53 | पुत्र |
| | | | कैलाश चन्द शर्मा | 46 | पुत्र |
| | | | मुनेश | 48 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमान्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-निविदा सूचना**
**वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग-बीः दो साल की अवधि के लिए डीएलआई-यूएमबी क्षेत्र (पीएसआई/एनयूआर, पीएसआई/पीएनपी और पीएसआई/केकेडीई) पर 25 केवी एसी ट्रैक्शन सिस्टम की पीएसआई रखरखाव गतिविधि की आउटसोर्सिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 1,13,45,794.96/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,06,700/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 06.03.2024 (00.00 बजे) से 20.03.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 20.03.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 07041032 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 11B-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक : 26.02.2024 629/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07239886 | वाइड कुशन फॉर ट्रांस्वर्स सीट | 10655 नग | 25-03-24 |
| 02 | 19240634 | हाउसिंग फॉर ट्रैक्शन बार ऑफ़ थ्री-फेज लोको | 159 नग | 26-03-24 |
| 03 | 19240862 | सरज अरेस्टर फॉर थ्री-फेज लोको | 61 नग | 26-03-24 |
| 04 | 16244216 | फ़िल्टर एलिमेंट | 1411 नग | 28-03-24 |
| 05 | 77239068RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर ग्लूड जवाइंट्स | 15000 नग | 01-04-24 |
| 06 | 19245004 | मैन ट्रांसफार्मर 7775 के वी ए | 79 सेट | 01-04-24 |
| 07 | 15235241 | सप्लाई इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ़ एक्सल जर्नल टर्निंग एंड बर्निशिंग मशीन | 01 नग | 02-04-24 |
| 08 | 07231058 | हेक्स हेड स्क्रू, एम 16 X 1.5 X 50 | 163212 नग | 04-04-24 |
| 09 | 77239058RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर वेल्डेबल सी एम एस क्रोस्सिंग्स | 1300 सेट | 09-04-24 |
| 10 | 07231537 | पी ओ एच किट फॉर के टाइप | 5726 सेट | 12-04-24 |
| 11 | 07230076A | एडजस्टिंग कप स्लीव फॉर कपलर | 450 नग | 18-04-24 |
| 12 | 07240187 | एंटी रोल बार एस्सी | 192 नग | 08-05-24 |
| 13 | 07231334A | फोल्डेबल बोतल होल्डर | 45633 नग | 17-05-24 |

निविदा शर्तें -1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 97/2023-24 दिनांक 28.02.2024 644/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

मंदिर के आस पास बैरिकेड, पानी के टैंक, गंगाजल की व्यवस्था, आस पास के सीवर टैंक खाली कराए जाएंगे,साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था, चुना, कूड़े एकित्र हेतु टेम्पो की व्यवस्था, सफाई दस्ते में 15 कर्मचारी, आस पास के गड्ढ़े आदि, आस पास का अतिक्रमण, मोबाईल टॉयलेट, मंदिर परिसर के आस पास एवं पीछे के रास्ते पर प्रकाश की व्यवस्था, बाहर पुल के नीचे पार्किंग की व्यवस्था आदि पर कार्य किया जाएगा सभी विभागाध्यक्ष स्वयं उपस्थित रहकर सभी तैयारियां पूरी कराएंगे। **सुनीता दयाल, महापौर**

## चिल्ला एलिवेटेड के इंतजार में बढ़ी वाहनों की संख्या

**नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। चिल्ला एलिवेटेड का अधूरा निर्माण फिर फंस गया। इसे पांच लाख वाहन चालकों को जाम से निजात दिलाने के लिए बनाया जाना था। 2008 में इस योजना को बनाया गया। 2019 में परियोजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया। 13 प्रतिशत काम होने के बाद योजना पर काम बंद हो गया। दोबारा निर्माण के लिए ब्रिज कारपोरेशन ने इसके लिए आरएफपी निकाली। दो कंपनियां आई लेकिन उनसे नेगोसिएशन नहीं हो सका। अब दोबारा से आरएफपी जारी की जा सकती है। इस योजना को 36 महीने में पूरा करना है।

दिल्ली को नोएडा एक्सप्रेस वे से एलिवेटेड के जरिए जोड़ने की ये योजना है। जब इस योजना को बनाया गया उस समय वीजन था कि 5 लाख वाहन चालकों को जाम से निजात मिलेगा। ये वाहन चालक रोजाना चिल्ला बार्डर से नोएडा, ग्रेटरनोएडा और यमुना के क्षेत्र में जाते है।

अब यहां वाहनों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन एलिवेटेड का निर्माण अब तक नहीं हो सका। अब यहां रोजाना करीब 7 लाख वाहन निकलते है। यानी वाहनों की संख्या तो बढी लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर अब भी फाइलों में ही बन रहा है।

### अब प्रोजेक्ट के बारे में जानते है

- मयूर फ्लाईओवर के करीब चिल्ला रेगुलेटर से महामाया फ्लाईओवर तक 5.96 किमी लंबे चिल्ला एलिवेटेड रोड का निर्माण होना है।
- छह लेन के एलिवेटेड रोड का काम तीन साल में पूरा करना होगा।
- पांच साल तक इसकी रखरखाव करनी होगी।
- इसकी निर्माण लागत 680 करोड़ रुपये होगी।
- परियोजना में यूपी शासन और नोएडा प्राधिकरण को 50-50 प्रतिशत धनराशि वहन करनी होगी।
- परियोजना में प्राधिकरण करीब 74 करोड़ रुपए खर्च कर चुका है और इसका 13 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

**■ 2008 में बनी योजना, 2019 में शिलान्यास, 13 प्रतिशत काम हुआ, अब दोबारा होंगे टेंटर**

**चिल्ला एलिवेटेड के लिए क्यों नहीं हो रहा नेगोसिएशन**

ब्रिज कारपोरेशन की ओर से जारी की गई आरएफपी में 6 कंपनियां आई थी। 4 कंपनियां पहले ही डिस्क्लीफाई हो गई। वहीं दो कंपनियां सफल रही लेकिन दोनों कंपनियों ने टेंडर में शामिल खर्च 680 करोड़ से अधिक धनराशि की अपनी वित्तीय बिड दी। इसमें पहली कंपनी दिनेश चंद्र अग्रवाल इंफ्राकॉन ने 21.77 फीसद यानी 828 करोड़ और एलएंडटी ने 34.89 फीसद यानी 917.25 करोड़। इन दोनों कंपनियों से नेगोसिएशन किया जा रहा है। जिस पर अब तक सहमति नहीं बन पाई है।

**मार्च 2025 से है नई डेडलाइन, चुनाव के बाद ही जारी हो सकती है आरएफपी**

एलिवेटड योजना को 36 महीने में पूरा करना है। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम की माने तो ब्रिज कारपोरेशन दोबारा से आरएफपी जारी करने का मन बना रहा है। यानी चुनाव बाद ही किसी कंपनी का चयन होने की उम्मीद है। इसके बाद ही कार्य को अवार्ड किया जा सकता है। जाहिर है कि प्रस्तावित डेड लाइन को और आगे बढ़ाया जाएगा।

**सेक्टर-15, 16 और 18 में बनेंगे पांच रैंप**

एलिवेटेड रोड से चढ़ने और उतरने के लिए पांच रैंप बनेंगे। यह रैंप सेक्टर-15, 16 और 18 को जोड़ेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, सेक्टर-15 से चढ़ने के लिए एक रैंप एलिवेटेड रोड पर बनाया जाएगा। सेक्टर-16 में दोनों ओर उतरने के लिए एक-एक रैंप बनेगा। वहीं, सेक्टर-16 में चढ़ने के लिए एक रैंप बनेगा। इसके अलावा सेक्टर-18 में उतरने के लिए एक रैंप बनेगा। चढ़ने और उतरने वाले रैंप तीन लेन के होंगे। वहीं इंटरमीडिएट रैंप दो लेन का होगा।

## महिलाओं के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता जरूरी : अग्रवाल



**नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। देश की सभी महिलाओं को आज आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। महिला सशक्तिकरण तभी संभव है जब आर्थिक आत्मा निर्भरता हो। नोएडा के सेक्टर 12 स्थित नमो सेवा केंद्र पर नारी वंदना एवं सशक्तीकरण संवाद के दौरान ये बातें भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सूर्या संस्थान तत्परता के साथ कार्य कर रही है और बड़ी संख्या में महिलाओं को सशक्त बना रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आज खुद को आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। इसके लिए सूर्या संस्थान महिलाओं को मजबूत कर रही है।

अग्रवाल ने कहा कि आज देश में नारी शक्ति पर जोर देने के लिए केंद्र सरकार भी तेजी से कार्य कर रही है। नमो सेवा केंद्र पर मौजूद सैकड़ों महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से आज महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने महिलाओं को स्किल डेवलपमेंट पर अधिक ध्यान देने पर भी जोर दिया ताकि वह खुद अपने पैरों पर खड़ा हो सकें। इस दौरान उन्होंने सभी उपस्थित महिलाओं को केंद्र सरकार के योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने केंद्र की योजनाओं से अवगत होने के लिए नमो सेवा केंद्र पर आने और योजनाओं से लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बीजेपी प्रवक्ता ने श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जनधन योजना अकाउंट के बारे में महिलाओं को अवगत कराया और उन्हें इसका फायदा उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सभी महिलाओं ने उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई। सभी ने कार्यक्रम को सराहा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2024 में जिताने का संकल्प लिया। आयोजन के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने लक्ष्मी सिंह, साक्षी, पिंकी, रूपेश कुमार को नमो सेवा केंद्र पर दी जानी वाली सुविधाएं भी प्रदान की। कार्यक्रम का आयोजन जागृति वाहिनी फाउंडेशन के द्वारा आयोजित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की संयोजक डीके मित्तल, आशा, उषा, काजल शर्मा, कविता, रोहिणी, राजेंद्र शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सार संक्षेप

### कपड़ा बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-88 स्थित कपड़ा बनाने वाली फैक्ट्री में बुधवार को आग लग गई। आग कंपनी के बेसमेंट में लगी। यहां रखा लाखों मॉल जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची दमकल की पांच गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान दमकल कर्मियों को करीब एक से डेढ़ घंटा लग गया। गनीमत रही आग से किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। सीएफओ ने बताया कि सेक्टर-88 के सी ब्लाक में टिमनी इंडिया नाम से गारमेंट कंपनी है। कंपनी में कपड़ा बनाने का काम होता है। बुधवार सुबह को कंपनी में शॉट सर्किट से आग लग गई। कपड़ा होने की वजह से आग तेजी फैली। बाहर मौजूद गार्ड ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को पुलिस को दी। मौके पर एक-एक करके दमकल की गाड़ी भेजी गई। पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची आग पर काबू पाया गया। ऐहतियात के तौर पर आसपास की कंपनियों पर भी पानी का छिड़काव किया गया। जिससे आग न फैले।

### केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने राम भक्तों के अयोध्या के जा रही विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाई



**गाजियाबाद।** सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह ने बुधवार को गाजियाबाद से अयोध्या धाम तक राम भक्तों के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बड़ी संख्या में गाजियाबाद के लोग अयोध्या के दर्शन के लिए इस ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं। इस अवसर पर सिंह ने यात्रा कर रहे सभी गाजियाबाद वासियों को इस यात्रा के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस यात्रा पर निकले सभी श्रद्धालुओं के चेहरे पर राम दर्शन का संतोष अलग ही दिख रहा था। सभी यात्रियों ने यात्रा की शुरुआत होते ही जनरल साहब का धन्यवाद किया।

### नए सेक्टरों में बनाए जाएंगे विद्युत उपकेंद्र

**नोएडा।** नोएडा में नए विकसित किए जा रहे सेक्टरों में निर्बाध रूप से बिजली की सप्लाई की जाएगी। इसके लिए यूपीपीसीएल विभाग के द्वारा लगातार उपकेंद्र स्थापित करने की मांग की जा रही है। इस क्रम में नोएडा में सेक्टर-151,155,156,162,164 में विद्युत उपकेंद्र बनाए जाने है। इसके लिए ई निविदा आमंत्रित की गई है। लो कास्ट कंपनी को निर्माण के लिए चुना जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए करीब 51 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा सेक्टर-45, 75,78 और 145 में भी विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जाने के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। ये सभी उपकेंद्र 33/11 केवी के बनाए जाएंगे। जिससे सेक्टरों में उच्च गुणवत्ता वाली विद्युत की सप्लाई की जा सकेगी। साथ ही ओवरलोड और फ्लक्चुएशन की समस्या नहीं होगी।

## जरुरतमंद बच्चों की बीच मनाया शहीद कैप्टन शशि कांत शर्मा का जन्मदिन

**नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। शहीद कैप्टन शशि कांत शर्मा का 51वें जन्मदिन गरीब बच्चों व बुजुर्गों के बीच मनाया गया।



देश के इस महान योद्धा के 51वें जन्मदिवस पर शहीद के पिता फ्लाईट लेफ्टिनेंट जेपी शर्मा, माता सुदेश शर्मा, छोटे भाई डॉ. नरेश शर्मा व छोटे भाई की पत्नी डॉ. संगीता शर्मा ने याद किया मौजूद रहे। 26 साल से लगातार हर साल की तरह, इस साल शहीद के परिवार ने सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-37 जाकर पूजा अर्चना की। तत्पश्चात सेक्टर-31 स्थित ने विद्या विद्या स्कूल के करीब 150 बच्चों ने पूजा वा गायत्री मंत्र के बाद शहीद कैप्टन शशि कांत शर्मा को पुष्पांजलि अर्पित की। सभी बच्चो को बैडमिंटन रैकेट, शाल व खाने के सील पैकेट बांटे गए। इसके बाद आनंद निकेतन वृद्ध आश्रम सेक्टर 55 में सभी सहवासियों द्वारा हवन व देश भक्ति गीत गाकर शहीद को श्रदांजलि दी गई। दोपहर का भोजन शहीद परिवार की तरफ से करवाया गया। उसके बाद शशि कांत एनक्लेव सेक्टर 37 में ही बने शहीद के समृति स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। सेक्टर 37 स्थित एसओएस स्कूल के 200 गरीब बच्चों को खाना व फल वितरित किया गया।

इस मौके पर शशि कांत एंक्लेव के वेनिश राय, डॉ. माथुर, मंजू राय, वीके शर्मा, प्रवीण चंदोला, राजेश रस्तोगी, जनरल शर्मा, जनरल नितिन कोहली, निकिता व अन्य वार्ड के निवासियों ने शहीद को श्रद्धांजलि दी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने किया गोविन्दपुरम अनाज मंडी का औचक निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने गोविन्दपुरम स्थित अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव व मतगणना के लिए होने वाली व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। चुनाव के उपरान्त ईवीएम रखने, स्ट्राग रूम, काउंटिंग स्थल, एआरओ के बैठने के स्थल, मतगणना अधिकारी/कर्मचारियों के बैठक का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निश्चित समयावधि में सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा के चाक-चौबंध व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने समय से दुकानों का अधिग्रहण करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, मण्डी सचिव, पीडब्लूडी सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## जीडीए ने 50 हजार वर्ग मी में विकसित की जा रही अवैध कालोनी ध्वस्त की



**गाजियाबाद,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने बुधवार को जोन 5 में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान यहां पर रोहन एनक्लेव व सद्भावना कॉलोनी के बीच 50 हजार वर्ग मीटर भूमि में अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कालोनी को ध्वस्त कर दिया गया।

सहायक अभियंता योगेश कुमार के नेतृत्व में जोन 5 की परिवर्तन दल के टीम बुधवार को डासना एनएच-9 से सटी रोहन एनक्लेव सद्भावना कॉलोनी के बीच टंडन कंस्ट्रक्शन पर पहुंची और वहां पर मनोहर लाल टंडन दरबारी लाल टंडन तथा सुभाष चंद्र द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। उधर जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने लोगों से अपील की है कि वह गाजियाबाद सीमा में प्रॉपर्टी खरीदने से पहले जीडीए में उसकी तस्दीक जरूर कर ले ताकि वह धोखे से बच सके।

## तेज रफ्तार ऑडी शौचालय की दीवार से टकराई

**नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर शौचालय की दीवार से टकरा गई। कार में पांच लोग सवार थे। जिनको हल्की चोट आई है। इनका इलाज निजी अस्पताल में कराया गया वहां से घर भेज दिया गया। दरअसल हरियाण नंबर की एक ऑडी कार मंगलवार देरराम सेक्टर-18 से सेक्टर-37 अंडरपास की ओर जा रही थी। कार की स्पीड ज्यादा होने से चालक नियंत्रण खो बैठा, और सेक्टर-37 के पास बने शौचालय की दीवार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी शौचालय की दीवार टूट गई।



**■ 5 लोग घायल, इलाज के बाद भेजा घर**

**■ क्रेन की मदद से कार को हटाया**

कार भी शौचालय की दीवार पर चढ़ गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी की मौत नहीं हुई। डीसीपी विद्या सागर ने बताया कि घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी को हल्की चोट लगी है। कार को क्रेन की मदद से हटाया गया। इस हादसे का का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें साफ दिख रहा है कि कर स्पीड क्या होगी जब टक्कर शौचालय की दीवार से हुई। गनीमत रही कि अनियंत्रित कार ने किसी ओर वाहन या फुटपाथ पर किसी को टक्कर नहीं मारी। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने बताया कि ऑडी से गौरव सिंह, सागर, अमित, हर्ष और आयुषी सेक्टर-18 से सेक्टर-37 की ओर जा रहे थे। इस दौरान कार अनियंत्रित होकर शौचालय की दीवार से टकरा गई। जिसमें गौरव को हल्की चोट लगी है।

## एमिटी में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024

**नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। नोबल पुरस्कार से सम्मानित भारतीय वैज्ञानिक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए मंगलवार को एमिटी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 मनाया गया। इस कार्यक्रम की थीम 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' थी। कार्यक्रम का शुभारंभ यूएसए के नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ, नेशनल आई इंस्टीटयूट के वरिष्ठ प्रिसिंपल इन्वस्टीगेटर डॉ. आनंद स्वरूप, एलकॉम इनोवेशन्स के सीईओ प्रदनील उसगांवकर ने किया। इस कार्यक्रम में न्यूरोसाइंस एंव न्यूरोटेक्नोलॉजी एक भविष्य का परिपेक्ष्य, भारतीय तकनीक, सेमीकंडक्टर की हालिया प्रगति, मातृभूमि की सुरक्षा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका, मानवजाति की सेवा में परमाणु विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। डॉ. आनंद स्वरूप ने कहा कि वर्तमान समय में जहां से भी ज्ञान मिले अवश्य प्राप्त करें और देश को मजबूत बनाये। उन्होंने छात्रों को अपने अनुभव पर सलाह देते हुए कहा कि जीवन में जोखिम लेने से न डरें, लेकिन जोखिम का आंकलन अवश्य करे, नवाचार केवल जोखिम लेने पर ही संभव है। डॉ. स्वरूप ने कहा कि वर्तमान समय में विभिन्न माध्यमों से सूचनाए उपलब्ध हो रही है। ऐसे में सही और गलत तथ्यों व सूचनाओं को पहचानना मुश्किल है।



**■ 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' रखी थीम, विषेज्ञयों ने रखे अपने विचार**

## चुनाव चिन्ह के बजाए प्रत्याशी की काबलियत पर वोट दे जनता : डॉ. बी पी त्यागी

**गाजियाबाद,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के प्रभारी वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. बीपी त्यागी ने कहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता को किसी पार्टी विशेष के चुनाव चिन्ह के बजाय प्रत्याशी की छवि व्यक्तित्व और उसकी काबिलियत के आधार पर जनप्रतिनिधि चुनना चाहिए उन्होंने कहा कि केवल किसी भी पार्टी को अपने चुनाव चिन्ह को प्रत्याशी घोषित करना किसी भी तरह से उचित नहीं है। यहां जारी एक बयान में डॉक्टर बी पी त्यागी ने कहा है कि किसी भी प्रजातंत्र में अपना नेता या कोई राजनीतिक दल का चुनाव करना एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। अत: इनका चयन बहुत सूझ बूझ से सारे बिन्दुओ को ध्यान में रखकर करना चाहिए। नेता को चुनने के लिए उसकी सारी योग्यताओं को देखना चाहिए। वह शिक्षित होना चाहिए। जमीन से जुड़ा हुआ हो यानी मिलन सार हो। सभी जाति और धर्म की जमीनी वास्तविकताओं के बारे में जानकारी हो। नई-नई समस्याएं के बारे में अच्छी जानकारी हो और उन समस्याओं का समाधान करना जानता हो। आज के परिवेश में उन समस्याओं को सदन में कैसे उठाया जाये और उनके विकल्प के लिए सदन में वाद-विवाद कैसे करे? यह भली भाती जानता हो। अपने कहे वादो को न भूलता हो।



उन्होंने कहा है कि राजनैतिक नेता अपने क्षेत्र में हर तरह के विकास में सहयोग करने वाला हो चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, जनता का विकास हो, क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर कैसे बने? आर्थिक विकास कैसे हो? स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना योगदान देने की क्षमता हो, अपने क्षेत्र के लोगों को रोजगार के अवसर पैदा करने की क्षमता हो, इसी प्रकार राजनैतिक दल के बारे में राजनैतिक दल भी विदेशी पॉलिसी कैसी है, अर्थशास्त्र पॉलिसी कैसी है, आयात निर्यात, स्वास्थ्य नीति देश की जनता के हित में हो, सबका साथ सबका विकास वास्तविक में हो।

डॉ. त्यागी ने कहा है कि आजकल में मानता हूं, कि अधिकतर दल अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए किसी भी हद तक जाते हैं। वह विज्ञापन पर जनता की कठिन परिश्रम से कमाए धन को पानी की तरह बहाते है । आयकर के रुप में मिले धन को दिखावे में व किसी एक धर्म को खुश करने में खर्च करते है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर अपने नेता और दल का चुनाव करना चाहिए। पता चला है कि एक राजनीतिक दल ने कमल के फूल को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जिससे लगता है कि नेता की कोई आवश्यकता नहीं है। केवल दल के चिन्ह प्राथमिकता दी गई है जो प्रजातंत्र में न्याय संगत नहीं है।

## महापौर पहुंची आदित्य वर्ल्ड सिटी, बिना ट्रीट किए नाले में डाला जा रहा था सीवर का पानी

**गाजियाबाद,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल बुधवार को बामेटा स्थित आदित्य वर्ल्ड सिटी पहुंची और वहां पर निरीक्षण निरीक्षण के दौरान बिल्डर द्वारा बिना ट्रीट किये नाले में सीवर डलता देखकर में भड़क गई और उन्होंने जीएम जल को कठोर कार्रवाई करने के आदेश दिए। महापौर ने बताया कि निरीक्षण में पता चला कि आदित्या वर्ल्ड सिटी द्वारा खुले में सीवर का पानी नगर निगम के नाले में डाला जा रहा है जोकि एन जी टी ने आदेश के भी खिलाफ है।

**■ भड़की महापौर ने दिए कठोर करवाई के निर्देश**

महापौर ने बताया कि नियमानुसार हाई राईज सोसाइटी को स्वयं ही सोसाइटी में एस टी पी लगाकर पानी को ट्रीट कर प्रयोग करना होता है जो आदित्या वर्ल्ड सिटी द्वारा नहीं किया जा रहा है बल्कि नाले में सीवर डाला जा रहा है जिसके लिए बिल्डर्स पर निगम द्वारा कानूनी कठोर कार्रवाई करने ले लिए जी एम जल को निर्देशित किया गया है और नोटिस के साथ पेनल्टी भी की जाएगी।

पार्षद पति ने बताया कि हजारो लोग निवास करते है वार्ड में, एवं गांव की भूमि भी बिल्डर ने ली है बिल्डर के नॉर्म्स में था कि जिस गांव जमीन में हाई राईज सोसाइटी बनाई जाएगी। वहां की सड़कें, सीवर, पानी, नाले की व्यवस्था बिल्डर को करनी है जबकि आदित्या वर्ल्ड सिटी द्वारा ऐसा नहीं किया गया।



जी एम जल के पी आनंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश कुमार, अवर अभियंता अजय कुमार आदि साथ रहे इन सभी अधिकारियों ने मौके की स्थिति देखी।

## महाशिवरात्रि की तैयारी के लिए महापौर ने किया दुधेश्वर नाथ मंदिर का दौरा

**गाजियाबाद,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी 8 मार्च को महाशिवरात्रि की तैयारी नगर निगम ने शुरू कर दी है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए महापौर सुनीता दयाल ने बुधवार को अधिकारियों के साथ श्री दुधेश्वर नाथ मंदिर का दौरा किया। महापौर ने मंदिर में गई, सर्वप्रथम महापौर व अधिकारियों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। उसके उपरांत महंत नारायण गिरी जी महाराज से वार्ता की और नगर निगम से क्या क्या कार्य कराया जाए यह भी जानकारी ली। महापौर ने बताया कि मंदिर के आस पास बैरिकेड, पानी के टैंक, गंगाजल की व्यवस्था, आस पास के सीवर टैंक खाली कराए जाएंगे,साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था, चुना, कूड़े एकित्र हेतु टेम्पो की व्यवस्था, सफाई दस्ते में 15 कर्मचारी, आस पास के गड्ढ़े आदि, आस पास का अतिक्रमण, मोबाईल टॉयलेट, मंदिर परिसर के आस पास एवं पीछे के रास्ते पर प्रकाश की व्यवस्था, बाहर पुल के नीचे पार्किंग की व्यवस्था आदि पर कार्य किया जाएगा सभी विभागाध्यक्ष स्वयं उपस्थित रहकर सभी तैयारियां पूरी कराएंगे।



**■ 10-15 कर्मचारी हर 15 मिनट्स में लगाएंगे झाड़ू ताकि श्रद्धालुओं को कंकर न चुभे : महापौर**

महापौर ने अभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10-15 कर्मचारी झाड़ू वाले लगाए जाएं। वह हर 15 मिनट्स में झाड़ू लगाए जिससे श्रद्धालुओं को कंकर न चुभे इसके साथ साथ मंदिर में रोजाना अर्पित होने वाले फूल और मालाओं को एकित्र कर साई उपवन भेजा जाए और उनका खाद बनाया जाए। साथ ही मंदिर परिसर के विद्या पीठ में फूलदार,फलदार,छायादार आदि पौधे भी लगाए जाएं।

जिससे आस पास का वातावरण भी अनुकूल रहे। इस दौरान मुख्य अभियंता एनके चौधरी, जीएम जल आनंद, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज, नगर स्वस्थ अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार, पूर्व पार्षद जाकिर सैफी आदि मौजूद रहे।

उवाच

सुरक्षा से संबंधित किसानों को जल्द ही अतिरिक्त प्रतिकर वितरित किया जाएगा। शासन के अंतिम मुहर लगते ही किसानों को अतिरिक्त मुआवजा बांटा जाएगा जगनपुर अट्टा गुजरान नौरगपुर इन गांवों ने 80 प्रतिशत की बाध्यता को पूरा कर लिया है। इन गांवों में अतिरिक्त प्रतिकर बांटने का कार्य शुरू कर दिया है किसानों को मिलने वाले 7 प्रतिशत भूखंड में भी तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।

**डॉ. अरूणवीर सिंह, प्राधिकरण सीईओ**

# कैपिटल ज़ोन

# प्राधिकरण के नाक के नीचे निरस्त भूखंड पर कॉलोनी काटने का प्रयास

**ग्रेटर नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। कॉलोनाइजरों के हौसले इतने बुलंद है कि प्राधिकरण के नाक के नीचे उसकी जमीन पर अवैध रूप से कॉलोनी काट कर बेचने का प्रयास कर रहे थे। शायद कॉलोनाइजरों के झांसे में आकर लोग फंस

- **यमुना प्राधिकरण के दो बिल्डर ग्रुप हाउसिंग के निरस्त भूखंड पर कॉटी जा रही थी अवैध कॉलोनी**
- **आम लोगों की शिकायत पर प्राधिकरण को लगी भनक, कॉलोनाइजर भूखंड बेचने में नहीं हो सके कामयाब**

जाते, समय रहते कुछ लोगों ने इसकी शिकायत यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण कार्यालय में कर दी। इसके बाद जाकर प्राधिकरण अधिकारियों की आंख खुली और मौके पर जाकर अवैध कॉलोनी काटने वालों को रोक दिया। हैरत की बात यह है कि प्राधिकरण अभी तक ऐसे लोगों की पहचान तक नहीं कर पाया है। सेक्टर-22 डी में बिल्डर ग्रुप हाउसिंग के भूखंड पर कॉलोनी काटी जा रही थी और इसी सेक्टर में प्राधिकरण का सब कार्यालय भी है।

बिल्डर ग्रुप हाउसिंग की निरस्त भूखंड पर कैसे कॉलोनी काटने का प्रयास किया गया और संबंधित परियोजना विभाग के अधिकारियों को इसकी भनक नहीं लगी, इसकी जांच कराई जाएगी, जांच में मामला सही पाएं जाने पर कार्रवाई की जाएगी और कॉलोनाइजरों के खिलाफ भी पुलिस में मामला दर्ज कराया जाएगा।

डॉक्टर अरूणवीर सिंह
मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने बिल्डर ग्रुप हाउसिंग योजना के तहत सेक्टर 22 डी में भूखंड संख्या टीएस-04 क्षेत्रफल सौ एकड़ एचसी इंफ्रासिटी प्रालि को 24 अप्रैल 2011 को आवंटित किया था। भूखंड पर 522.84 करोड़ बकाया, समय से निर्माण न करने और शत प्रतिशत कंपनी की हिस्सेदारी दूसरी कंपनी को देने के चलते प्राधिकरण ने 8 अगस्त 2022 को भूखंड का आवंटन निरस्त कर दिया था। इसी तरह भूखंड संख्या टीएस 03 क्षेत्रफल 100 एकड़ मैसर्स एडोर इंफ्रास्मित प्रालि को 2011 में आवंटित किया गया था। आवंटन राशि न जमा करने पर प्राधिकरण ने इस भूखंड को भी एक फरवरी 2012 को निरस्त कर दिया था। आवंटन निरस्त होने के बाद दो भूखंड यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के कब्जे में आ गया था। बावजूद इसके पिछले कुछ दिनों से कॉलोनाइजर दोनों भूखंड पर टेंट लगाकर कालोनी काट कर बेचने का प्रयास कर रहे थे। करीब 15 दिन पहले आसपास के लोगों ने अवैध कॉलोनी कटते देख इसकी शिकायत यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण में जाकर की। तब जाकर प्राधिकरण का बिल्डर्स विभाग जागा और महाप्रबंधक परियोजना को 23 फरवरी 2024 को पत्र लिखकर दोनों भूखंड पर काटने वाले कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। प्राधिकरण की टीम जब मौके पर पहुंची तो कॉलोनाइजरों को इसकी भनक पहले लग और बोरिया बिस्तर समेट कर रफूचक्कर हो गए। हैरत की बात यह है कि सेक्टर 22 डी में यमुना प्राधिकरण का सब कार्यालय है, जहां पर परियोजना विभाग के अधिकारी बैठते हैं, उन्हें कॉलोनी काटने की भनक तक नहीं लगी। प्राधिकरण की तरफ से अभी तक किसी के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

# यीडा में दयानतपुर गांव के पास 60 मीटर चौड़ी सड़क पर अवैध निर्माण किया ध्वस्त

**जेवर,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने बुधवार को नोएडा एयरपोर्ट को जोड़ने वाले 60 मीटर चौड़ी सड़क पर बने अवैध निर्माण को बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कर दिया। एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज को जोड़ने रोड़ पर भी बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। अवैध निर्माण हटाने के बाद ग्रेटर नोएडा से नोएडा एयरपोर्ट तक 60 मीटर चौड़ी सड़क का रास्ता साफ हो गया। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया के नेतृत्व में बुधवार को प्राधिकरण की अतिक्रमण टीम दयानतपुर गांव के पास एयरपोर्ट को तोड़ने वाले 60 मीटर चौड़ी सड़क पर बने अवैध निर्माण को बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कर दिया। अवैध निर्माण के 60 मीटर चौड़ी सर्विस रोड से जेवर तक सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया। यमुना एक्सप्रेस वे पर इंटरचेंज के पास भी अवैध निर्माण किया गया था। जिसमें प्राधिकरण की टीम ने ध्वस्त कर दिया। अवैध निर्माण के कारण बाउंड्रीवाल और सड़क का निर्माण अवरूद्ध हो गया था। अभियान के तहत प्राधिकरण ने 125 करोड़ रूपए की 85000 वर्गमीटर को अतिक्रमण से मुक्त कराया। ओसएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कुछ और लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है, उन्होंने अतिक्रमण स्वयं हटाने का समय मांगा। जिस पर उन्हें पांच दिन का समय दिया गया है। इस दौरान जेवर एसडीएम अभय सिंह, डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार शर्मा समेत जेवर कोतवाली की पुलिस और प्राधिकरण के परियोजना और भूलेख विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।

- **यमुना एक्सप्रेस वे पर इंटरचेंज के पास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण को किया ध्वस्त**
- **प्राधिकरण 125 करोड़ रूपए की करीब 85000 वर्गमीटर जमीन कराया अतिक्रमण**





# यमुना प्राधिकरण में फर्जी तरीके से इलाज के खर्च का भुगतान कराने का प्रयास

**ग्रेटर नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण के कार्मिक विभाग द्वारा चिकित्सा व्यय के भुगतान में लापरवाही बरते जाने का मामला सामने आया है। नायब तहसीलदार मनीष कुमार के दो बिलों का उल्लेख करते हुए उसे पास कराने के लिए एसीईओ के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। जबकि आईडी मनीष कुमार एडमिन एग्जीक्यूटिव की लगाई थी। संदेह होने पर नायब तहसीलदार से बात की गई तो फजीवाड़े का खुलासा हुआ। इस पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच करा कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। प्राधिकरण के कार्मिक विभाग द्वारा चिकित्सा व्यय के भुगतान से संबंधित एक पत्रावली बीते 26 फरवरी को एसीईओ के समक्ष प्रस्तुत की गई। कार्मिक विभाग द्वारा मनीष कुमार नायब तहसीलदार के बिल 1600 रुपए व 640 रुपए का उल्लेख करते हुए पत्रावली पास करने के लिए प्रस्तुत की गई है। जबकि बिल के साथ संलग्न प्रपत्रों पर मनीष कुमार एडमिन एग्जीक्यूटिव की आईडी लगी हुई थी। प्रस्तुत की गई पत्रावली पर संदेह होने पर एसीईओ ने व्यक्तिगत रूप से नायब तहसीलदार से बात की तो पता चला कि नायब तहसीलदार द्वारा 6 जनवरी 2024 को उनके द्वारा कोई चिकित्सा नहीं करायी गई और न ही कोई बिल दिया गया है। एसीईओ ने इस बारे में कार्मिक विभाग के अधिकारियों से बात की तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इससे यह प्रतीत होता है कि कार्मिक विभाग द्वारा अस्पतालों द्वारा भेजे जा रहे बिलों की जांच पड़ताल नहीं की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इस पर संज्ञान लेते हुए कार्मिक विभाग को दिशा निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा व्यय के नाम पर कोई फर्जीवाड़ा न कर सके, इसके लिए चिकित्सा व्यय के मद के अंतर्गत जो कर्मचारी आते हैं, उनके नाम व पदनाम तथा उनके आश्रितों की सूची कार्मिक विभाग द्वारा सभी अस्पतालों को भेजी जाएगी। इसके अलावा किसी कर्मचारी का स्थानांतरण होने की दशा में अस्पतालों को सूचित किया जाएगा। उपचार का सत्यापन संबंधित विभाग के किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराना होगा। मनीष कुमार कौन है, इसकी जांच की जा रही है।

- **नायब तहसीलदार के नाम पर जमा किया बिल, आईडी लगाई गई एडमिन एग्जीक्यूटिव की**
- **मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी कर रहा प्राधिकरण, कार्मिक विभाग की लापरवाही आई सामने**

चिकित्सा व्यय के भुगतान में लापरवाही बरते जाने का मामला सामने आया है। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पूर्व में हुए अन्य भुगतानों का भी सत्यापन कराया जाएगा।

**डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

# स्क्रैप माफिया रवि के पैतृक गांव का घर होगा कुर्क, चस्पा हुआ नोटिस

**ग्रेटर नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। स्क्रैप माफिया रवि काना पर लगातार पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने रवि काना के पैतृक गांव दादूपुर स्थित घर पर धारा-82 का नोटिस चस्पा किया है। पुलिस की टीम ढोल-नगाड़े के बजाकर अनाउंसमेंट किया कि अगर रवि जल्द ही कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ तो उसके मकान को कुर्क किया जाएगा। रवि 1 जनवरी से फरार चल रहा है। साथी पुलिस उसकी भाभी बेवन नागर पर भी नजर बनाए हुए हैं अगर वह रवि की किसी तरह से मदद या बात करती पाई जाती है तो पुलिस उनके खिलाफभी कार्रवाई करेगी। बता दे कि रवि काना के खिलाफ थाना बीटा-2 में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। इस मामले की जांच थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा की जा रही है। स्क्रैप माफिया काफी दिनों से फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कोर्ट द्वारा वारंट जारी किया गया है, लेकिन वह कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा है। सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कोर्ट ने आदेश जारी किया है। उसके घर पर नोटिस चस्पा किया गया है। अगर आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं होगा तो उसके घर की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि इस मामले में रवि काना की पत्नी मधु और चचेरे भाई राजकुमार समेत 6 लोगो को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। रवि काना और उसकी गर्लफ्रेंड सहित कई लोग अभी फरार हैं। रवि काना के खिलाफथाना सेक्टर-39 में सामूहिक बलात्कार का भी मुकदमा दर्ज है। एडिशनल डीसीपी ने कहा कि स्क्रैप माफिया रवि की भाभी बेवन नागर रवि से संपर्क करती है या फाइनेंशली रूप से मदद करती है तो उनके खिलाफभी करवाई की जाएगी।

# किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने यमुना प्राधिकरण के साथ की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान के नेतृत्व में यमुना प्राधिकरण के सभागार में समीक्षा बैठक की। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने कहा कि बैठक में आठ सूत्रीय मांगो को लेकर संगठन ने प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरूणवीर सिंह, ओएसडी शैलेंद्र सिंह, ओएसडी मेहराम सिंह, जीएम प्रोजेक्ट एके सिंह, डीजीएम राजेन्द्र सिंह, मनीष कुमार, तहसीलदार एवं सभी अधिकारियों की मौजूदगी में किसानों की मुख्य मांग के अतिरिक्त मुआवजा के संबंध में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विकास प्रधान ने कहा कि प्राधिकरण के अधिकारियों से सकारात्मक वार्ता हुई है। किसानों की जन समस्याओं का निस्तारण ही संगठन की प्राथमिकता है बैठक में प्राधिकरण के सीईओ ने कहा कि सुरक्षा से संबंधित किसानों को जल्द ही अतिरिक्त प्रतिकर वितरित किया जाएगा। शासन के अंतिम मुहर लगते ही किसानों को अतिरिक्त मुआवजा बांटा जाएगा जगनपुर अट्टा गुजरान नौरगपुर इन गांवों ने 80 प्रतिशत की बाध्यता को पूरा कर लिया है। इन गांवों में अतिरिक्त प्रतिकर बांटने का कार्य शुरू कर दिया है किसानों को मिलने वाले 7 प्रतिशत भूखंड में भी तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। दो महीने के अंदर दर्जनों गांवों के किसानों के प्लॉटों को आवंटित कर दिया जाएगा। संगठन की मांग पर 17.5 प्रतिशत कोटा के तहत मिलने वाले प्लॉट को भी विषम परिस्थितियों बीमारी शिक्षा शादी के लिए बेचने के लिए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास किया जाएगा।



- **प्राधिकरण ने किसानों की समस्या को सुना और जल्द निस्तारण के लिए दिया आश्वासन**

जेवर तक सर्विस रोड को बनाने का प्रस्ताव पास हो चुका है आचार संहिता से पहले सभी ग्राम विकास के टेंडर जारी कर दिए जाएंगे गावों में एलईडी लाइट के लिए टेंडर जारी हो चुके हैं, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। भट्टा पारसौल एवं सक्का मैं जल्द लाइब्रेरी का निर्माण कार्य शुरू होगा एसआईटी से प्रभावित गांवों की समस्या के लिए एडीएमएलए एवं जिलाधिकारी की मौजूदगी में जल्द ही बैठक कर किसानों की समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने उज्जवल भविष्य निर्माण पर दी मनमोहक प्रस्तुति



**ग्रेटर नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। रेयान इंटरनेशनल स्कूल में मोंटेसरी ग्रेजुएशन और वार्षिक समारोह का विषय 'उज्ज्वल भविष्य का निर्माण' विषय बच्चों ने शानदार अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति दी। इस दौरान बच्चों ने संदेश दिया कि यदि आप लोगों के लिए अच्छे काम करते हैं, तो आप अच्छी चीजों से पुरस्कृत होंगे उन्होंने यह भी प्रदर्शित किया। बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए परिवर्तनों को शालीनता से स्वीकार करें छात्रों ने पर्यावरण पर आधारित संगीतमय नृत्य और नाटक के माध्यम से अपनी खुशी को दर्शाया, जहां छात्रों ने विभिन्न मौसमों के दौरान खेत के जानवरों के माध्यम से प्रकृति का चित्रण किया। बेहतर भविष्य का निर्माण कर रहे रेयानिटीज की बेदाग प्रस्तुति ने हृदयस्पर्शी नृत्य और अभिनय के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक उत्सव के साथ-साथ मोंटेसरी ग्रेजुएशन भी आयोजित किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों को सम्मान की डिग्री प्राप्त हुई। कार्यक्रम में अतिथि मेजर जनरल राजन कोचर, वीएसएम उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय समाचार और प्रसारण परिषद और अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक मामले और रक्षा विशेषज्ञ, अतुल मेहतानी, कोरियोग्राफर और स्टूडियो के संस्थापक, अनुज चोपड़ा, मुख्य परिचालन अधिकारी, हायर एप्लायंसेज (इंडिया) पी. लिमिटेड), जतिन नरवाल, आईपीएस, दिल्ली पुलिस, डॉ. अमित सहगल, निदेशक, शारदा लॉन्चपैड फेडरेशन शारदा विश्वविद्यालय, बिनोद सुब्बा, सहायक कमांडेंट, सीआईएसएफ ग्रेटर नोएडा, राहुल सोलंकी, सहायक कमांडेंट, सीआरपीएफ ग्रेटर नोएडा और मुनेन्द्र सिंह,एसएचओ पुलिस स्टेशन, बीटा-दो शामिल हुए।

# वैज्ञानिक सी.वी. रमन प्रभाव की स्मृति में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**ग्रेटर नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार को भारतीय भौतिक वैज्ञानिक सर सी. वी. रमन प्रभाव की खोज की स्मृति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक, डाक्टर मयंक गर्ग, डीन डॉ. संजय यादव एवं एएसएच विभाग के प्रमुख डॉ. ओ.पी. चौधरी व अन्य विभागों के प्रमुख उपस्थिति रहे। यह कार्यक्रम मुख्यतः डॉ. ओपी चौधरी द्वारा विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी विषय पर एक विशेषज्ञ वार्ता के रूप में था। उन्होंने विज्ञान की खूबसूरत दुनिया के बारे में अद्भुत अंतर्दृष्टि साझा की और आधुनिक जीवन व स्वास्थ्य के कुछ महत्वपूर्ण और बढ़ते मुद्दों के उत्थान के लिए विज्ञान की शक्ति का उपयोग कैसे किया जा सकता है। इस बात के स्पष्ट उदाहरण दिए की वर्तमान परिदृश्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मानव जाति के समग्र विकास में कैसे मदद कर सकते हैं। कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए इसे और अधिक गतिविधियों के साथ मनाने का निर्णय लिया गया और अगली बार इस लंबी अवधि के लिए मनाया जा सकता है।




**NAME CHANGE**

I, Artee Rani Gupta W/o Manoj Khandelwal R/o 128/971, Y Block, Kidwai Nagar, Kanpur U.P. have changed my name to Artee Khandelwal for all future purposes.


# कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष ने नारी न्याय का हक कार्यक्रम का किया आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष राधा रानी ने नारी न्याय का हक मिलने तक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर सरकार का पुर जोर विरोध किया तथा राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर देश के प्रीति बलिदान को सराहा। जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने भाजपा को हराकर कांग्रेस को लाने की लोगों से अपिल की। अपने विचार व्यक्त करने वालों में जिला संगठन प्रभारी राम भरोसे शर्मा, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष हेम चंद नागर, एससी एसटी जिला अध्यक्ष धर्म सिंह वाल्मीकि, मुकेश गौतम, शाबू मालिक, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी शाहिद मेवाती, महिला नगर अध्यक्ष आशा ठाकुर, दादरी ब्लाक अध्यक्ष इमराना सैफी, राजेश कुमारी जिला सचिव, मेहसर जिला उपाध्यक्ष, कुंता देवी जिला सचिव, रेखा जिला उपाध्यक्ष आदि है तथा कई महिलाओं ने हिस्सा लिया।


पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिले की 16 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किया नियुक्ति पत्र



**ग्रेटर नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन लखनऊ में जनपदों में आंगनबाड़ी सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर नव चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति पत्र वितरण एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के द्वितीय चरण के अंतर्गत प्रदेश के 31 जनपदों में 1459 आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया। इसी श्रृंखला में डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आंगनबाड़ी सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोग भवन लखनऊ में आयोजित हो रहे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी एवं मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में किए जा रहे कार्यक्रम के उपरांत जनपद गौतम बुद्ध नगर की आंगनबाड़ी सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पद पर चयनित हुई 16 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किए गए। इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आज जो जिम्मेदारी आप सबको सौंपी गई है, आप सब उनका निर्वहन बड़ी ही निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें, ताकि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विजन को साकार किया जा सके। संचालन संध्या सोनी ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तोमर, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थिति रही।

- **मुख्यमंत्री के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ प्रसारण**


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 05/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 06.01.2024 के अनुसार मृतक स्व0 सरनी पुत्र स्व0 गरीबा नि0 ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व गौतमबुद्धनगर जिनकी मृत्यु दिनांक 24.03.2019 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है,

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अट्टा गुजरान | 302 | 450m | स्व0 सरनी पुत्र स्व0 गरीबा नि0 ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व गौमतबुद्धनगर | श्रीमती सुमित्रा | 43 वर्ष | पत्नी |
| | | | | श्री सरजीत | 28 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री संजीत | 29 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्रीमती संगीता | 31 वर्ष | पुत्री |
| | | | | श्रीमती सविता | 23 वर्ष | पुत्री |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 05/एस0टी0-एस0डी0एम0/2021 दिनांक 20.09.2021 के अनुसार मृतक स्व0 सुरेन्द पुत्र श्री चन्दी ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व गौतमबुद्धनगर जिनकी मृत्यु दिनांक 31.01.2021 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है,

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अट्टा | 77 | 402 | स्व0 सुरेन्द्र पुत्र चन्दी नि0 ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व गौतमबुद्धनगर | श्रीमती सुनीता | 46 वर्ष | पत्नी |
| गुजरान | 78 | 190घ | | श्री अनुज नागर | 20 वर्ष | पुत्र |
| औरंगपुर | 102 | 332अ 332ब | | श्री अनिल | 25 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्रीमती सोनिका | 28 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | | श्रीमती चंचल | 23 वर्ष | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. P1/07, 8th & 9th Floor, Area-348.513 Sqm. Purvanchal Silver City-II, Plot No. 10, Estate Chorosia, Sector- Pi-II, Greater Noida जो कि Mr. Paramvir Singh Likhari & Mrs. Tejinder Kaur Likhari निवासी E-200, Greater Kailash-I, New Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक 07.10.2010 को पंजीकृत है। Mrs. Tejinder Kaur Likhari की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र Mr. Paramvir Singh Likhari ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपनी माता के भाग का नामांतरण प्रस्तुत प्रपत्रों के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों Mr. Paramvir Singh Likhari S/o Late Sh. Jaswant Singh Likhari का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगनपुर अफजलपुर में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 853/एस0टी0-एस0डी0एम0/2021 दिनांक 18.01.2021 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 कुवरपाल पुत्र श्री बुद्धू निवासी ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 40म, 61म, 65म 66म, 761, 762, 763, 764, 771 | स्व0 कुवरपाल पुत्र श्री बुद्धू निवासी ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती राजेश्वरी | पत्नी | 55 वर्ष |
| | | | श्री सतीश | पुत्र | 32 वर्ष |
| | | | श्री अजीत | पुत्र | 31 वर्ष |
| | | | श्री जगदीश | पुत्र | 30 वर्ष |
| | | | श्री कर्मजीत | पुत्र | 23 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कर्म में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता है अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जाये।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरूवार 29 फरवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## गलत तरीकों पर सवाल उठाना जरूरी

मंगलवार को राज्यसभा की 15 सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर अपना वर्चस्व कायम कर लिया। हालांकि यह वर्चस्व किस तरह भाजपा ने हासिल किया है, वह एक गंभीर सवाल बन चुका है। गौरतलब है कि 15 सीटों में से उत्तरप्रदेश की आठ, हिमाचल प्रदेश की एक और कर्नाटक की एक सीट भाजपा के खाते में गईं, जबकि कर्नाटक की बाकी तीन सीटें कांग्रेस और उप्र की बाकी दो सीटें सपा के पास गई हैं। उत्तरप्रदेश और हिमाचल प्रदेश दोनों जगह भाजपा ने क्रास वोटिंग करवाई, यानी अपने विधायकों के अलावा दूसरे दलों के विधायकों को किसी न किसी तरह मजबूर किया कि वे उसके उम्मीदवार को वोट दें। यह मजबूरी धन यानी रिश्वत से उपजी है, या किसी और किस्म के दबाव के कारण बनी है, इसका खुलासा कभी नहीं हो सकेगा। क्योंकि भाजपा भी अब इस बात को जानती है कि लोग उसकी जीत की तारीफ करेंगे, पत्रकार इस बात को मास्टर स्ट्रोक बताएंगे कि कैसे हारी हुई बाजी को भाजपा ने अपने पक्ष में कर लिया और इस बात पर कोई सवाल नहीं करेगा कि राजनीति में बढ़ चुके इस गलत चलन को स्वीकार क्यों किया जा रहा है।

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, उसके पास स्पष्ट बहुमत है, फिर भी भाजपा नौ गैरभाजपाई विधायकों से अपने पक्ष में वोट डलवाने में कामयाब हो गई। यह निश्चित ही कांग्रेस की कमजोरी है कि वह अपने विधायकों को एकजुट नहीं रख पाई। सुखविंदर सिंह सुक्खू तो मुख्यमंत्री होने के नाते इस गलती के लिए जिम्मेदार हैं ही, कांग्रेस के हिमाचल प्रदेश प्रभारी की भी इसमें गलती है। लेकिन कांग्रेस की खासियत शायद यही बन गई है कि वह अपनी गलतियों से कोई सबक नहीं लेती। दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है, ऐसे मुहावरों पर कांग्रेस का कोई यकीन ही नहीं है। उसे खतरों के खिलाड़ी बनने में शायद ज्यादा मजा आता है, फिर चाहे सत्ता की बाजी ही दांव पर क्यों न लग जाए। मध्यप्रदेश, कर्नाटक, बिहार जैसे राज्यों में कांग्रेस ने भाजपा के आपरेशन लोटस के कारण सत्ता गंवा दी, झारखंड में भी ऐसा होने का खतरा था, जो टल गया। कांग्रेस चाहती तो अपने अनुभवों से सबक ले सकती थी कि अगर भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में महज 25 विधायकों के होने के बावजूद कांग्रेस के राज्यसभा उम्मीदवार के सामने अपना उम्मीदवार खड़ा किया है, तो उसके इरादे नेक नहीं हो सकते। वह कोई न कोई कोशिश जरूर करेगी कि क्रास वोटिंग हो जाए। लेकिन कांग्रेस ने अनहोनी की अंदेशा होते हुए भी लापरवाही बरती। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कहते रह गए कि अगर कोई बिका नहीं होगा तो हमारे 40 में से 40 वोट आएंगे। जबकि किसी के बिकने का इंतजार किए बिना मुख्यमंत्री सुक्खू कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की तरह अपने एक-एक वोट पर नजर रखते तो आज इस हार और शर्मिंदगी से बच जाते। राज्यसभा में कांग्रेस की एक पक्की सीट इतनी आसानी से भाजपा के हाथ में नहीं जाती। कांग्रेस आलाकमान और उसके तमाम वरिष्ठ नेता अब शायद भाजपा की चुनावी तैयारियों को गंभीरता से लेना शुरु करें। काश, उन्हें यह समझ आए कि इस दौर में भाजपा को केवल मुद्दों पर घेरकर और उसकी गलतियों की ओर ध्यान दिलाकर सत्ताच्युत नहीं किया जा सकता। भाजपा को सत्ता से तभी हटाया जा सकता है, जब उसकी रणनीतियों को विफल किया जाए।

भाजपा ने केवल हिमाचल प्रदेश ही नहीं, उत्तरप्रदेश में भी समाजवादी पार्टी के विधायकों को तोड़ कर जीत हासिल की है। अब राज्यसभा में भाजपा के 97 और एनडीए के 117 सांसद हो गए हैं और 240 सीटों की राज्यसभा में 121 के बहुमत के आंकड़ा अब भाजपा से खास दूर नहीं रह गया है। अगर तीसरी बार भी भाजपा को केंद्र की सत्ता हासिल हो जाती है, तो फिर राज्यों को किसी भी तरह जीतने का उसका खेल चलता रहेगा और इसी तरह नगरीय निकायों से लेकर राज्यसभा तक भी हर जगह केवल भाजपा का राज होगा। सियासत के मौजूदा चलन को देखकर यह कोरी कल्पना भी नहीं कही जा सकती। अभी चंद दिनों पहले चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा ने धांधली कर जीत हासिल की थी। सुप्रीम कोर्ट के दखल के कारण और सारा वाकया सीसीटीवी में कैद हो जाने के कारण धोखे से मिली इस जीत को गलत करार दिया गया। लेकिन राज्यसभा चुनावों में फिर से धोखे का खेल ही खेला गया है, लेकिन विडंबना है कि इसे भाजपा के महान कारनामे की तरह पेश किया जा रहा है। कांग्रेस ने तो अपनी एक जीती हुई सीट इस चुनाव में गंवा दी है, लेकिन गौर से देखा जाए तो पूरा देश इसमें अपने लोकतंत्र और राजनीति में सैद्धांतिक मूल्यों को गंवा रहा है। कांग्रेस को उसकी कमजोरियों और लापरवाही के लिए दोष दिया जा सकता है। मगर क्या सवाल भाजपा से भी नहीं किए जाने चाहिए कि आखिर जीत के लिए गलत तरीकों को अपना कर वह कौन सी परिपाटी इस देश में कायम करना चाहती है। क्या झूठ, फरेब, छल, भ्रष्टाचार इन अवगुणों के सहारे भाजपा देश में शासन करना चाहती है। अगर ऐसा है तो फिर वह इस बात की गारंटी कैसे देगी कि उसके शासन में भ्रष्टाचार के लिए शून्य सहनशक्ति रहेगी। क्या भाजपा का तथाकथित रामराज्य इन्हीं बुराइयों के साथ कायम होगा।

चंडीगढ़ से लेकर हिमाचल प्रदेश तक भाजपा ने जो सत्ता हथियाने का खेल रचा है, उसे अगर जनता की स्वीकृति मिल जाती है, तो फिर यह मान लेना चाहिए कि एक समाज के तौर पर हमारा नैतिक पतन हो चुका है। ऐसे समाज में अब अपराधी से नहीं, पीड़ित से सवाल-जवाब होने लगेंगे। और जरूरी नहीं कि पीड़ित हर बार कांग्रेस ही होगी, राजनीति के अलावा अन्य तबकों में भी यह रोग अपना असर दिखाएगा। इस रोग का इलाज करना है तो फिर गलत तरीकों पर सवाल उठाने शुरु करने होंगे।

# जनवरी, अगस्त और लोकतंत्र के सवाल

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

भारत में लोकतंत्र अब नहीं बचा है, केवल लोकतंत्र का दिखावा बचा है और असल में देश तानाशाही की ओर बढ़ चुका है, इस विचार को यू ट्यूबर ध्रुव राठी ने अपने ताजा वीडियो में कुछ उदाहरणों के साथ विस्तार से दिखाया है, जिसे कम से कम एक करोड़ लोग देख चुके हैं और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इस वीडियो को खूब शेयर और लाइक किया जा रहा है। नामी-गिरामी पत्रकार, नेता और सामाजिक कार्यकर्ता इस वीडियो को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील कर रहे हैं। सोशल मीडिया के इस जमाने में किसी वीडियो का रातों-रात वायरल हो जाना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। खासकर समाज पर प्रभाव रखने वाले लोग जब किसी चीज को पसंद करते हैं, तो फिर उनके अनुयायी भी उसे पसंद करने लगते हैं। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर नाम की एक नयी बिरादरी भी अब खड़ी हो चुकी है, जिसका काम ही लोगों की सोच को प्रभावित करना होता है। जो कुछ दिखाया जा रहा है, वो कितना सही है, कितना गलत, तर्क की कसौटी पर खरा उतरता है या नहीं, इस पर विचार किए बिना लाइक, डिसलाइक और शेयर की बटनें केवल इसलिए दबाई जाती हैं, क्योंकि सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर ने ऐसा करने कहा है। ध्रुव राठी ने अपने वीडियो की शुरुआत में ही बता दिया है कि जो लोग मोदीजी को दिल दे बैठे हैं, उन्हें अपना भगवान बता चुके हैं, उन्हें ये वीडियो पसंद नहीं आएगा, लेकिन लोकतंत्र को समझने के लिए दिल-दिमाग को खोल कर विचार करने वाले लोगों के लिए ये वीडियो बेहद जरूरी है। अपनी बात को साबित करने के लिए ध्रुव राठी ने जो उदाहरण दिए, वो मौजूदा हालात के हिसाब से एकदम सटीक हैं और पूरे वीडियो को देखकर यकीन हो जाता है कि देश में लोकतंत्र वाकई बड़े खतरे में है। जिन लोगों ने ध्रुव राठी की बात से इत्तेफाक रखा, उन्होंने इस वीडियो की भर-भर कर तारीफ की और जिन्हें इस पर आपत्ति लगी, उन्होंने इसमें खामियां भी दिखाईं। लोकतंत्र का यही बड़ा लक्षण है कि किसी भी चीज के, किसी भी पहलू पर बात करने से गुरेज न हो। निंदा और प्रशंसा दोनों के लिए बराबर का स्थान हो। लेकिन सोशल मीडिया में लोकतंत्र का यह लक्षण दबा दिया जाता है, क्योंकि यहां जो जितना बड़ा इन्फ्लूएंसर रहेगा, वो लोगों की स्वतंत्र चेतना को उतना अधिक प्रभावित कर, अपने मुताबिक सोच में ढालने के लिए प्रेरित करेगा। यह सोशल मीडिया का ही प्रभाव है कि अब तक भारत को कृषि प्रधान देश माना जाता था, लेकिन अब इसी देश में अगर सत्ता की ओर झुकाव रखने वालों ने किसानों को आतंकवादी और खालिस्तानी कह दिया तो लोगों के एक बड़े तबके ने यह मान लिया इस देश को किसानों से वाकई खतरा है और दिल्ली की ओर बढ़ रहे किसानों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार गलत नहीं है। अपने अन्नदाताओं को अगर लोगों ने अपशब्दों से नवाजना शुरु कर दिया है, तो फिर यह मान ही लेना चाहिए कि इस देश के बहुसंख्यक लोगों ने वाकई अपनी बुद्धि को सोशल मीडिया के लिए गिरवी रख दिया है।

बहरहाल, ध्रुव राठी पर लौटें, जिनका यू ट्यूब चैनल ख्यातिप्राप्त है और विभिन्न विषयों पर उनके बनाए वीडियो लाखों की संख्या में देखे और सराहे जाते हैं। सटीक ग्राफिक्स, शोधपरक जानकारी और आसान हिंदी व अंग्रेजी शब्दों के इस्तेमाल से तैयार की गई उनकी स्क्रिप्ट लोगों को सरलता से समझ आ जाती है, इसलिए उनके दर्शकों करोड़ों में हैं। ध्रुव राठी के ताजा वीडियो में भी उन्होंने बेहद सरल भाषा में यह बता दिया है कि भारत में लोकतंत्र को लेकर लोगों की क्या खुशफहमियां हैं। जैसे आम जनता चुनाव होने और वोट डालने के अपने अधिकार को अगर लोकतंत्र मान रही है, तो उसे याद रखना चाहिए कि उ.कोरिया और रूस में भी चुनाव होते हैं, लेकिन वहां नतीजे सत्तारुढ़ नेता के कारण प्रभावित होते हैं और भारत में भी अब ऐसा ही हो रहा है। इसके बाद चुनाव आयोग के पक्षपात, मीडिया का सत्ता की ओर झुकाव, जांच एजेंसियों का राजनैतिक इस्तेमाल, आंदोलनों का दमन ऐसे अनेक उदाहरण देकर आधे घंटे के इस वीडियो में ध्रुव राठी ने यह साबित करने की कोशिश की है कि भारत में अब लोकतंत्र नहीं बचा है। अगर हम बहुसंख्यकवाद को लोकतंत्र समझ रहे हैं, तो यह हमारी भूल है।

> पिछले 10 सालों में इस देश के अनेक स्वतंत्रचेता पत्रकार, लेखक, कलाकार, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, इसी बात को अलग-अलग तरीकों से व्यक्त करते आए हैं। विपक्ष के भी कई नेता इस सवाल को पुरजोर तरीके से उठा रहे हैं कि जब प्रधानमंत्री मोदी भारत को लोकतंत्र की जननी कहते हैं, विदेशों में जाकर भारत के लोकतंत्र का गुणगान करते हैं, तो फिर उनके अपने शासन में लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार क्यों किया जा रहा है।

श्री राठी के इस वीडियो में कोई नयी जानकारी या नया खुलासा नहीं है, बल्कि पिछले 10 सालों में इस देश के अनेक स्वतंत्रचेता पत्रकार, लेखक, कलाकार, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, इसी बात को अलग-अलग तरीकों से व्यक्त करते आए हैं। विपक्ष के भी कई नेता इस सवाल को पुरजोर तरीके से उठा रहे हैं कि जब प्रधानमंत्री मोदी भारत को लोकतंत्र की जननी कहते हैं, विदेशों में जाकर भारत के लोकतंत्र का गुणगान करते हैं, तो फिर उनके अपने शासन में लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार क्यों किया जा रहा है, क्यों सरकार के आचरण में लोकतंत्र के लिए उपेक्षा का भाव देखा जा रहा है। अभी कुछ वक्त पहले जवान फिल्म में शाहरुख खान ने फिल्म के आखिरी कुछ मिनटों में देश के मौजूदा हालात, चुनाव, लोकतंत्र और जनता की जागरुकता को लेकर ऐसे ही आंदोलित करने वाले संवाद कहे थे। तब उसकी खूब चर्चा हुई थी और जरा सा वक्त बीतते ही यह चर्चा शांत हो गई। इंस्टेंट नूडल्स के जैसे ही हमने अपनी याददाश्त के साथ पेश आना शुरु कर दिया है। स्वाद कैसा भी हो, उसका मजा तात्कालिक ही रहता है, जुबान या दिमाग पर ज्यादा देर तक नहीं चढ़ता। जो सामने रहता है वही याद रहता है और ओझल होने पर स्मृति से भी ओझल हो जाता है। इसलिए लोकतंत्र के मायने क्या हैं, क्यों आज लोकतंत्र खतरे में है, ये लोगों को खुद समझ नहीं आ रहा, उसे किसी को आकर याद दिलाना पड़ रहा है। अगर कहा जाए कि लोकतंत्र ही नहीं, हमारी चेतना भी खतरे में है, तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया के अनेक देशों में ये मिसाल सामने आ चुकी है कि जब-जब लोगों की चेतना जागती है, तब-तब अन्याय और अत्याचार की जड़ें हिल जाती हैं। फिर राजनीति के, सत्ता के, न्याय के और अधिकारों के नए सिद्धांत और मार्ग तैयार होते हैं। इसलिए मौजूदा दौर की पहली जरूरत लोगों का जागरुक और चेतनाशील होना है। ध्रुव राठी का वीडियो अगर 140 करोड़ की आबादी में 1 करोड़ लोगों ने देख लिया है, तो इसका विश्लेषण इस आधार पर नहीं होना चाहिए कि 139 करोड़ लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा कि लोकतंत्र बचा है या नहीं। बल्कि इस बात पर गौर किया जाना चाहिए कि देश में कम से कम एक करोड़ लोग लोकतंत्र के सवाल पर मंथन कर रहे हैं। दुष्यंत कुमार ने लिखा है मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही, हो कहीं भी आग लेकिन आग जलनी चाहिए।

आग का सुलगना लोकतंत्र के जिंदा होने का प्रमाण है। और ये आग आज से नहीं बरसों से सुलग रही है। इसलिए बाबा नागार्जुन ने दशकों पहले एक कविता लिखी थी-

किसकी है जनवरी,  
किसका अगस्त है ?  
कौन यहां सुखी है,  
कौन यहां मस्त है ?

सेठ है, शोषक है,  
नामी गला-काटू है  
गालियां भी सुनता है,  
भारी थूक-चाटू है।

चोर है, डाकू है,  
झुठा-मक्कार है।  
कातिल है, छलिया है,  
लुच्चा-लबार है।

जैसे भी टिकट मिला,  
जहां भी टिकट मिला।  
शासन के घोड़े पर वह भी सवार है,  
उसी की जनवरी छब्बीस।

उसी का पन्द्रह अगस्त है  
बाक़ी सब दुखी है,  
बाक़ी सब पस्त है'..।

इस लंबी कविता पर तब भी सहमतियां और असहमतियां थीं। प्राणों की भारी कीमत देकर हासिल की गई आजादी और अथक परिश्रम से बने संविधान की इस अमूल्य पूंजी पर सवाल तब भी उठे थे कि आखिर इस पूंजी पर किसका हक होना चाहिए और किसने हक जमा लिया है। बाबा नागार्जुन ने लोकतंत्र पर छाए खतरे की ओर जो ध्यान दिलाया था, आज ध्रुव राठी ने दूसरे तरीके से वही काम किया है। राहुल गांधी देश भर में घूम कर लोगों को इसी खतरे से आगाह कर रहे हैं। जनवरी और अगस्त किसके हैं, किसके होने चाहिए और क्यों होने चाहिए, इन सवालों को जनता के बीच पुरजोर तरीके से जब तक उठाया जाता रहेगा, तब तक लोकतंत्र बचा रहेगा।

# सीटों के बंटवारे पर बातचीत प्रगति पर

■ कल्याणी शंकर

विनाश का भविष्यवाणी करने वालों ने कहा था कि इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के बीच सीटों का बंटवारा विफल हो जायेगा, लेकिन उसके घटक दल धीरे-धीरे आगे बढ़े। अब उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे कुछ राज्यों में गठबंधन धीरे-धीरे आकार ले रहा है। गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खिलाफ संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है।

पिछले साल, वैचारिक मतभेदों और व्यक्तित्व के टकराव का सामना कर रहे विपक्षी दल अन्तत: केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए एक साथ आये और इंडिया ब्लॉक ने आकार लिया।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व वाले नये मोर्चे, इंडिया में दो दर्जन से अधिक प्रभावशाली क्षेत्रीय दल शामिल हैं जो कुछ राज्यों में एक-दूसरे के प्रत्यक्ष प्रतिद्वंद्वी हैं। सीट-बंटवारे पर मुहर लगाना अभियान के लिए दो महीने व्यस्त रहने का वायदा करने वाला पहला कदम है। वोटों का हस्तांतरण करने करने और नये वोटरों को आकर्षित करने के लिए अंकगणित से परे केमिस्ट्री की भी जरूरत है। उनके शीर्ष नेतृत्व और राज्य इकाइयों को मुद्दों और अभियान रणनीति पर तालमेल बिठाना होगा।

> कांग्रेस शुरू में 2009 के फॉर्मूले के आधार पर सीटें चुनने पर अड़ी थी, उत्तर प्रदेश में जो अंतिम सूची आई वह इससे परे तात्कालिक जरूरतों के आधार पर बनाई गई प्रतीत हो रही है। एक साथ आकर, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने पहले ही 20प्रतिशत मुस्लिम वोट को मजबूत कर लिया है, जो कई सीटों पर निर्णायक है। गांधी परिवार की दो पारिवारिक सीटों अमेठी और राय बरेली से कौन चुनाव लड़ेगा, इसे लेकर काफी दिलचस्पी है।

जबकि कांग्रेस शुरू में 2009 के फॉर्मूले के आधार पर सीटें चुनने पर अड़ी थी, उत्तर प्रदेश में जो अंतिम सूची आई वह इससे परे तात्कालिक जरूरतों के आधार पर बनाई गई प्रतीत हो रही है। एक साथ आकर, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने पहले ही 20प्रतिशत मुस्लिम वोट को मजबूत कर लिया है, जो कई सीटों पर निर्णायक है। गांधी परिवार की दो पारिवारिक सीटों अमेठी और राय बरेली से कौन चुनाव लड़ेगा, इसे लेकर काफी दिलचस्पी है।

आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों - दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, चंडीगढ़ और गोवा में गठबंधन के तहत लोकसभा चुनाव 2024 लड़ेंगी। कांग्रेस गुजरात में 24सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि आप दो सीटों पर।

हरियाणा में कांग्रेस 9 सीटों पर लड़ेगी और आप एक पर। गोवा में कांग्रेस दोनों सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि आप पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस गठबंधन के तहत चंडीगढ़ की सीट लड़ेगी।

उत्तर प्रदेश में सभी 80 लोकसभा सीटों के लिए सीट बंटवारे पर आखिरकार कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच सहमति बन गई। कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि बाकी 63 सीटें सपा के खाते में हैं।

मध्य प्रदेश में सपा एक सीट पर लड़ेगी जबकि कांग्रेस बाकी 28 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पश्चिम बंगाल में, तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस को दो सीटों की पेशकश की, लेकिन कांग्रेस अधिक सीटें चाहती है, कम से कम पांच। ममता बनर्जी ने कहा है कि टीएमसी सभी 42 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। देखने वाली बात यह होगी कि क्या कांग्रेस और टीएमसी के बीच आखिरी वक्त में कोई गठबंधन होता है या नहीं।

महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी को 18 से 20 सीटें मिलनी तय हैं, जबकि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को भी 18 से 20 सीटें मिलेंगी। शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी आठ सीटों पर चुनाव लड़ेगी। प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुजन अगाड़ी को भी दो से तीन सीटें मिलने का अनुमान है। महाराष्ट्र में कुल 48 सीटें हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भारत के उत्तरी क्षेत्रों में अपना दबदबा बनाये रखा है, जबकि दक्षिणी राज्य अभी भी बड़े पैमाने पर क्षेत्रीय दलों के नियंत्रण में हैं। हालांकि कांग्रेस और दो वाम दलों का तमिलनाडु में द्रमुक के साथ मजबूत गठबंधन है, लेकिन भाजपा की कर्नाटक को छोड़कर दक्षिणी राज्यों में कोई महत्वपूर्ण उपस्थिति नहीं है।

2019 के चुनाव में द्रमुक गठबंधन सहयोगी सी.पी.एम., सी.पी.आई., और वी.सी.के. दो-दो लोक सभा सीटों पर चुनाव लड़ी थीं, जबकि एम.डी.एम.के., के.एम.डी.के., आईयूएमएल और आई.जे.के. एक-एक सीट से चुनाव लड़ी थीं। पिछले हफ्ते, द्रविड़ मुनेत्रकड़गम (द्रमुक) ने तमिलनाडु में 2024 चुनावों के लिए सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया। पार्टी ने एक सीट अपने गठबंधन सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को दी। नमक्कल संसदीय क्षेत्र उसके गठबंधन सहयोगी कोंगुनाडुमक्कलदेसियाकाची (केएमडीके) को आवंटित किया गया है।

उम्मीद है कि द्रमुक जल्द ही कांग्रेस, वी.सी.के. और वामपंथी दलों सहित अन्य सहयोगियों के साथ सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप देगी। इस बीच द्रमुक गठबंधन ठोस और अक्षुण्ण है। 2019 के लोकसभा चुनाव में उसने 39 में से 38 सीटें जीती थीं।

2019 में, कांग्रेस ने तमिलनाडु की कुल 39 सीटों में से नौ पर चुनाव लड़ा और आठ पर जीत हासिल की, जबकि थेनी लोकसभा सीट अन्नाद्रमुक से हार गई थी। इस बीच, द्रमुक नेतृत्व इस बात पर जोर दे रहा है कि कांग्रेस केवल सात सीटों पर चुनाव लड़े, जिस पर कांग्रेस नेतृत्व को अभी तक सहमत होना बाकी है। द्रमुक का मानना है कि कांग्रेस के पास नौ सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए जमीनी स्तर पर ताकत नहीं है।

द्रमुक संभवत: विदुथलाईचिरुथिगलकाची (वी.सी.के.) और वामपंथी दलों - सी.पी.आई. तथा सीपीआईएम केसाथ अपनी सीट-बंटवारे की औपचारिकताएं इसी सप्ताह पूरी करेगी। ए.आई.ए.डी.एम.के. ने भाजपा से अपना गठबंधन तोड़ लिया है और संभवत: उसके नेता एक गठबंधन बनायेंगे। भाजपा भी छोटे दलों के साथ साझेदारी की तलाश में है।

भाजपा तमिलनाडु से कम से कम पांच सीटें जीतने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। शीर्ष भाजपा नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य केंद्रीय मंत्रियों सहित अन्य नेताओं ने तमिलनाडु के मतदाताओं को लुभाने के लिए अक्सर राज्य का दौरा किया है। हालांकि, राज्य हिंदुत्व विचारधारा से आकर्षित नहीं है।

कर्नाटक में हाल के विधानसभा चुनावों में हार के बाद भाजपा के लिए अधिक सीटें जीतने की उम्मीद कम है। तेलंगाना में कांग्रेस की मजबूत उपस्थिति है और आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाई.एस.आर.सी.पी. वापसी करेगी। भाजपा को दक्षिण से अधिक सीटें मिलने की संभावना नहीं है, जहां 130 सीटें हैं। क्षेत्रीय सहयोगियों और कांग्रेस के पास दक्षिण में जो कुछ भी है उसे उन्हें बरकरार रखना चाहिए तथा उत्तर भारत से भी और अधिक सीटें प्राप्त करनी चाहिए।

## पावन प्रसंग

### राष्ट्र जागरण का आधार-भावना

राष्ट्र जागरण का आधार भावनात्मक शक्ति का सुनियोजन एवं क्रियान्वयन है। स्थिर एवं पवित्र भावनाओं से असंभव कार्य संभव हो सकते हैं। जो कार्य बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाने, बहुत समय और धन लगाने पर भी ठीक तरह नहीं हो सकते, वे भावनाएं जाग्रत होने पर सहज ही पूरे हो सकते हैं। भावनाएं जन-जन को जोड़ती हैं और जनशक्ति के सहयोग से असाधारण कार्य संपन्न हो सकते हैं। भावनाओं का जागरण ही राष्ट्र का वास्तविक जागरण है। जब तक जनमानस में कर्तव्यबुद्धि और सामूहिकता के प्रति निष्ठा नहीं होगी, तब तक अन्य प्रयास उतने सार्थक सिद्ध नहीं हो सकते। जनभावनाओं के अभाव में हम प्रदर्शनात्मक और प्रचारात्मक तो बहुत कुछ कर सकते हैं, पर समुचित कार्य तभी होता है, जब उसे करने वाले की भावनाएं सच्चे मन से कार्य करती हो। हमारी समस्त दुर्बलताएं तभी समाप्त होंगी, जब भावनाएं परिष्कृत होंगी। उस जागरण के साथ ही हमारा सर्वतोन्मुखी जागरण होगा। इस जाग्रति की स्थिति में कोई भी हमें चुनौती देने का साहस नहीं करेगा। कोई लुटेरा अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सकेगा। सुरक्षा के लिए जागरण आवश्यक है। राष्ट्रीय जागरण का अर्थ है- जनभावनाओं की प्रखरता, तेजस्विता और जाग्रति। सुरक्षा का सशक्त मोर्चा सेना संभालती है और प्रगति का दूसरा मोर्चा प्रबुद्ध लोकसेवकों को संभालना पड़ता है। सुरक्षा से प्रगति होती है।

यदि जनता का मनोबल जाग्रत है और वह अपनी त्रुटियों का समाधान करती हुई प्रगति की दिशा में अग्रसर हो रही है, तो यह विश्वास किया जा सकता है कि इसकी सुरक्षा स्थिर रहेगी, प्रतिष्ठा पर कोई आंच न आने पाएगी और सुख-शांति की परिस्थितियां आगे बढ़ेंगी किंतु जनमानस का झुकाव पतनोन्मुख चरित्र की ओर है, मनोबल और प्रयत्न शिथिल हो रहे हैं, तो यह समझना चाहिए कि बाहर का शत्रु हमारा भले कुछ न बिगाड़ सके, पर भीतरी दुर्बलताएं बनी हुई हैं तथा वे ही नाश का कारण बनेंगी। तुनौती की इस महत्वपूर्ण वेला में भारतमाता के सपूत अपने प्राण हथेली पर रखकर सीमा की रक्षा के लिए खड़े हैं। कितने ही प्राण विसर्जित कर चुके हैं और कितनों को ही करने हैं। ये राष्ट्र के प्रहरी हमसे पूछते हैं कि हम इतना कर रहे हैं- प्रत्युत्तर में आप क्या कर रहे हैं ? हमें उसका उत्तर प्रखर तेजस्विता के साथ देना चाहिए। भावना के अभाव में प्रगति की सारी प्रक्रियाएं निर्जीव, निष्क्रिय और निस्तेज बनी रहती हैं।

हमें जनमानस में कर्तव्यपालन की नीति, धर्म और सदाचार के प्रति आस्तिकता और परमार्थ की प्रचंड भावनाएं उत्पन्न करनी चाहिए। ज्ञान से कर्म और कर्म से समृद्धि की उपलब्धि होती है। जैसे विचार मन में उठेंगे, शरीर में वैसे ही कर्म बन पड़ेंगे और जैसे कर्म होंगे, वैसे ही परिणाम सामने उपस्थित होगा। इसलिए हमें ज्ञान का, भावना का महत्व समझना चाहिए और उसके विकास का समुचित प्रयत्न करना चाहिए। संसार में जब भी भले या बुरे परिवर्तन हुए हैं, तब उनके मूल में विचार परिवर्तन की प्रक्रिया ही मुख्य आधार रही है। बुद्ध, विवेकानंद, महावीर, ईसा, मुहम्मद, गांधी, दयानंद जैसी प्रखर विचारधाराएं आंधी और तूफान की तरह होती हैं। मनुष्य उनके प्रभाव में सूखे पत्तों की तरह इधर-उधर उड़ते रहते हैं। हमें मनुष्य को मनुष्य बनाने की विचारधारा को जनमानस में गहराई तक प्रवेश कराते हुए परिवर्तन की महान प्रक्रिया को सफल बनाना चाहिए।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### मासिक धर्म जागरुकता में युवाओं की भागीदारी भी ज़रूरी

मासिक धर्म, मानव अस्तित्व का एक प्राकृतिक पहलू है, जिसे अक्सर कलंक और चुप्पी में छिपा दिया जाता है. दरअसल जागरूकता की कमी ने ही शर्म और गोपनीयता की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। हमारे देश के अधिकतर हिस्सों में आज भी इस पर चर्चा करना बुरा समझा जाता है। यहां तक कि महिलाएं आपस में भी इस पर बात करने में शर्म और झिझक महसूस करती हैं। ऐसे में पुरुषों विशेषकर युवा वर्ग में इसे किस प्रकार लिया जाता होगा, इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी मासिक धर्म पर चर्चा बहुत ही सीमित होती है। अन्य क्षेत्रों की तरह केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के लेह के सामाजिक वातावरण में भी मासिक धर्म का मुद्दा संवेदनशील माना जाता है।

मासिक धर्म अधिकारों में मासिक धर्म स्वच्छता, इससे जुड़े उत्पादों तक किशोरियों और महिलाओं की पहुंच, इसके बारे में व्यापक शिक्षा और इस प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया से जुड़ी भेदभावपूर्ण प्रथाओं के उन्मूलन पर चर्चा महत्वपूर्ण हो जाती है। वास्तव में मासिक धर्म का मुद्दा और इससे संबंधित बातचीत एक परिवर्तनकारी यात्रा से गुज़र रही है। परंपरागत रूप से दोस्तों के साथ छिपकर और दबी आवाज़ में इस मुद्दे पर बातचीत करना किशोरियों के लिए जानकारी का प्राथमिक स्रोत थी, जिससे यह एक वर्जित विषय बन गया। हालांकि, बदलते परिवेश में आज जबकि समाज में प्रगति हुई है, अब इस विषय पर माताओं और बेटियों के बीच खुली चर्चा संभव हो रही है। लेकिन अभी भी पुरुषों के बीच इस विषय पर चर्चा वर्जित ही मानी जाती है, जो इसके अंतर को और अधिक बढ़ा देता है।

मासिक धर्म से संबंधित मुद्दे पर समाज विशेषकर महिलाओं और किशोरियों को जागरूक करने के उद्देश्य से 28 मई को वैश्विक स्तर पर मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। दरअसल, विकासशील देशों में महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण होता है, जहां साफ पानी और शौचालय की सुविधाएं अक्सर अपर्याप्त होती हैं। इसके अलावा, पारंपरिक संस्कृतियां मासिक धर्म पर खुलकर चर्चा करना और अधिक कठिन बना देती हैं। यह महिला शरीर के सामान्य कार्यों के बारे में प्रासंगिक और महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुंच को सीमित कर देता है। इसका सीधा असर महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सम्मान पर पड़ता है। जिसे समाप्त करने के लिए ही वैश्विक स्तर पर मासिक धर्म स्वच्छता दिवस की शुरुआत की गई है। लेह में भी आगामी 28 मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए यहां के सरकारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस प्रकार का कार्यक्रम क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। इस दिन के कार्यक्रम में एक भी पुरुष की उपस्थिति नहीं होती है, केवल कार्यक्रम के कवरेज के लिए कैमरापर्सन पुरुष होता है, जिससे महिलाओं और किशोरियों के लिए इस महत्वपूर्ण विषय पर गहराई से विचार करने के लिए एक सुरक्षित स्थान बनता है। ऐसे समाज में जहां मासिक धर्म के बारे में बातचीत गोपनीयता में छिपी रहती है, लेह ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अंतर को पाटने का प्रयास करता है। हालांकि देश के अन्य हिस्सों की तरह लेह में भी अधिकांश दुकानदार सेनेटरी पैड को अखबार में लपेटकर देते हैं। जबकि अखबार में पैड लपेटना कोई समाधान नहीं है, बल्कि यह मासिक धर्म उत्पादों के अनुचित रखरखाव को बढ़ावा देता है।

**कमरुन निसा, लेह लद्दाख**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## रूसी सेना ने पेट्रोव्स्कोय पर किया नियंत्रण : रूसी रक्षा मंत्रालय

**मॉस्को।** रूस सशस्त्र बलों ने यूक्रेन में अवदीवका के पेट्रोव्स्कोय गांव पर कर लिया है। रक्षा मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गयी और बताया कि उनकी सेना ने अवदीवका में पेट्रोव्स्कोय गांव पर नियंत्रण कर लिया है, जिसे अवदीवका के नाम से भी जाना जाता है। मंत्रालय के बयान में कहा गया अवदीवका दिशा में, रूसी सेना ने पेट्रोव्स्कोय गांव को मुक्त कराया और डोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के क्षेत्रों में यूक्रेनी सशस्त्र बलों के हमले समूहों के 11 जवाबी हमलों को विफल कर दिया।

# बाइडेन ने जारी किया संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए आदेश

### देशवासियों के संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा को बाहरी देशों के दुरुपयोग से बचाने का उद्देश्य



**वाशिंगटन,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देशवासियों के संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा को बाहरी देशों के दुरुपयोग से बचाने के उद्देश्य से बुधवार को एक कार्यकारी आदेश जारी किया।

व्हाइट हाउस ने कहा, कार्यकारी आदेश अमेरिकी नागरिकों की डेटा सुरक्षा की रक्षा के लिए किसी भी राष्ट्रपति द्वारा अब तक की गई सबसे महत्वपूर्ण कार्यकारी कार्रवाई को चिह्नित करता है। यह अटॉर्नी जनरल को अमेरिकियों के व्यक्तिगत डेटा को चिंता वाले देशों में बड़े पैमाने पर हस्तांतरण को रोकने और अन्य गतिविधियों के आसपास सुरक्षा उपाय प्रदान करने के लिए अधिकृत करता है। व्हाइट हाउस ने कहा कि आदेश संवेदनशील जानकारी पर केंद्रित है, जिनमें जीनोमिक, बायोमेट्रिक, जियोलोकेशन और वित्तीय डेटा शामिल हैं। आदेश अमेरिकी न्याय विभाग को संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा के लिए चिंता वाले देशों द्वारा पहुंच और दुरुपयोग से सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियम जारी करने का निर्देश देता है। बयान में कहा गया है कि न्याय विभाग संवेदनशील सरकारी-संबंधित डेटा की सुरक्षा के लिए नियम भी बनाएगा, जिनमें संवेदनशील सरकारी साइटों पर जियोलोकेशन जानकारी और सैन्य सेवा सदस्यों के बारे में जानकारी शामिल है। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडेन प्रशासन गोपनीयता, सुरक्षा, प्रतिस्पर्धा, श्रम और मानवाधिकार उद्देश्यों को संतुलित करने के लिए प्रौद्योगिकी कंपनियों और अन्य हितधारकों के साथ जुड़ाव जारी रखेगा।

## भारत-अमेरिका ने आतंकवाद रोधी और सुरक्षा संबंधी सहयोग की समीक्षा की

भारत और अमेरिका ने आतंकवाद रोधी और सुरक्षा संबंधी विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की है। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बुधवार को यहां होमलैंड सुरक्षा संवाद हुआ जिसमें केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने भारतीय और अमेरिका के होमलैंड सुरक्षा विभाग की कार्यवाहक उप सचिव सुश्री क्रिस्टी केनेगेलो ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। संवाद के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभ रहे आतंकवाद रोधी और सुरक्षा संबंधी विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने आतंकवाद, मादक पदार्थ तस्करी और संगठित अपराध से मुकाबले के लिए द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के आवश्यक कदमों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने सुरक्षित और वैध माइग्रेशन सुनिश्चित करने, अवैध माइग्रेशन, मानव तस्करी, धन शोधन, साइबर अपराधों से मुकाबला करने और आतंकवादियों के वित्त पोषण सहित अन्य अवैध गतिविधियों के लिए साइबर क्षेत्र के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाकर दोनों देशों के लोगों के बीच जीवंत संबंधों को मजबूत करने की भी प्रतिबद्धता दोहराई।

## अमेरिकी कंपनी ने पुतिन के करीबियों के फोन के जरिए किया था नजर रखने का प्रयास



**वाशिंगटन,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी 'प्लैनेटरिस्क' ने करीब आठ वर्ष पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के परिचारकों समेत करीबी लोगों के फोन की निगरानी के माध्यम से उनकी गतिविधियों पर कथित तौर पर नजर रखने का प्रयास किया था।

'वायर्ड पत्रिका' ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल के पूर्व अमेरिकी रिपोर्टर बायरन ताउ की एक किताब के हवाले से यह जानकारी दी है।

पत्रिका ने मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया कि 2016 में, कंपनी ने कथित तौर पर लोकोमोटिव सॉफ्टवेयर का पहला संस्करण विकसित किया, जिसकी मदद से उसने विज्ञापन कंपनी 'उबरमीडिया' के वाणिज्यिक डेटा का उपयोग करके मोबाइल फोन को ट्रैक करना शुरू किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्लैनेटरिस्क को रूस से संबंधी एक डेटा सेट प्राप्त करने के बाद एहसास हुआ कि वह पुतिन के सुरक्षा कर्मचारियों, राजनीतिक सहयोगियों, ड्राइवरों और अन्य लोगों के फोन को ट्रैक कर सकती है, क्योंकि ये फोन हर उस जगह जाते हैं, जहां श्री पुतिन जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन मोबाइल फोन की निगरानी की जा रही थी, वे श्री पुतिन के नहीं थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर को बाद में वीआईएसआर नाम दिया गया और इसका इस्तेमाल अमेरिकी खुफिया और विशेष सेवाओं द्वारा किया गया।

## सुडोकू 6481

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 5 | | | | 9 | |
| 5 | | | 9 | | | | 3 | 1 |
| | | | | | | 8 | | |
| 3 | 6 | | | 5 | 4 | | 1 | |
| | | 1 | 8 | | 6 | 9 | | |
| | 7 | | 1 | 3 | | | 4 | 6 |
| | | 5 | | | | | | |
| 7 | 1 | | | | 3 | | | 9 |
| | 3 | | | | 5 | | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 29 फरवरी, 2024 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 5

### राशिफल

मेष -दांपत्यजीवन में मधुरता का अनुभव करेंगे। बाहर घूमने जाने और सुरुचिपूर्ण भोजन करने का अवसर मिल सकता है। आयात- निर्यात करने वाले व्यापारी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकेंगे। किसी खोयी वस्तु के मिलने के योग हैं।

वृषभ -आपका आज का दिन शुभ फलदायक है। आप निर्धारित काम में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। आपके अधूरे काम पूरे होंगे। शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। ननिहाल से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुन -आज का दिन सभी तरह से लाभदायक है। आपके परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। परिजनों के पीछे खर्च भी हो सकता है। विवाह योग्य जातकों के विवाह के संयोग बन सकते हैं। नौकरी में आय बढ़ सकती है।

कर्क -आज कोई अनजाना भय आपको लगा रहेगा। छाती में पीड़ा या तकलीफ हो सकती है। परिवार में लोगों के बीच अशांति और मतभेद हो सकता है। समाज में आपके आत्म सम्मान को चोट पहुंच सकती है। इससे आप दु

सिंह -काम में सफलता और विरोधियों पर विजय मिलने के कारण आपके उत्साह और उमंग में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ मिलकर आप घर के संबंध में कोई योजना बना सकेंगे।

कन्या -आज घर में शांति रहेगी। मधुर वाणी और लोकप्रिय व्यवहार के कारण आप सभी के प्रियपात्र होंगें। आर्थिक लाभ हो सकता है। मिठाई और स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है।

तुला -आपकी कुशलता को लोगों के समक्ष रखने के लिए आज बेहतर अवसर है, उसका लाभ उठाएं। आपकी रचनात्मकता निखरेगी। तन-मन में अधिक ताजगी का अनुभव करेंगे।

वृश्चिक -आज आप विदेश में रहने वाले दोस्तों और स्वजनों की तरफ से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। आज मनोरंजन के लिए धन खर्च करेंगे। अपने जीवनसाथी के साथ आपके संबंध बहुत प्रगाढ़ होंगे।

धनु -आज का दिन आपके लिए लाभदायी रहेगा। गृहस्थजीवन में सुख- शांति रहेगी। प्रिय व्यक्ति के साथ मिलना होगा। प्रेम के सुखद क्षण का आनंद ले सकेंगे। आय के स्रोत बढ़ेंगे। अधिकारी और बुजुर्गों की कृपादृष्टि रहेगी।

मकर -व्यापार- धंधे में लाभ होने के संकेत हैं। वसूली, यात्रा, आय आदि के लिए दिन शुभ है। सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। नौकरी में अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे।। पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

कुंभ -आज आपको शारीरिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव हो सकता है, परंतु मानसिक स्थिति अच्छी रहेगी। ताजगी कम लगेगी। ऑफिस में अधिकारियों से बातचीत में बेहद ध्यान रखें। विरोधियों के साथ बहस से बचें।

मीन -आपको अचानक आर्थिक लाभ होने का योग बनेगा। व्यापारी अपना रुका हुआ पैसा वापस प्राप्त कर सकेंगे। शारीरिक तथा मानसिक रूप से अधिक काम करना पड़ सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## पाकिस्तान में बस के खाई में गिरने से छह की मौत, 15 घायल

**इस्लामाबाद,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के हरिपुर जिले में मंगलवार को एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। बचाव सेवा ने यह जानकारी दी।




बचाव सेवा ने कहा कि यह दुर्घटना कल शाम को जिले के खानपुर इलाके में तेज गति के कारण हुई, जिसके परिणामस्वरूप लोग हताहत हुए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय मीडिया के मुताबिक, प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बस महिलाओं और बच्चों को लेकर पहाड़ी इलाके से पूर्वी रावलपिंडी शहर जा रही थी, तभी वह खाई में गिर गई।

दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जतायी गयी है क्योंकि कुछ घायलों की हालत गंभीर थी। पाकिस्तान में अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिसका मुख्य कारण खराब रखरखाव वाले वाहन, जर्जर सड़कें और सड़क सुरक्षा उपायों में लापरवाही है।

## चीन-यूएई संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति की 8वीं बैठक आयोजित

**बीजिंग,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। चीन-यूएई संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति की 8वीं बैठक संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबूधाबी में आयोजित हुई। चीनी वाणिज्य मंत्री वांग वनथाओ और संयुक्त अरब अमीरात के अर्थव्यवस्था मंत्री अब्दुल बिन तौक अल मारी ने बैठक की सह-अध्यक्षता की।



दोनों पक्षों ने दोनों राष्ट्राध्यक्षों द्वारा पहुंची महत्वपूर्ण सहमति के कार्यान्वयन में तेजी लाने और बेल्ट एंड रोड के उच्च गुणवत्ता वाले संयुक्त निर्माण को बढ़ावा देने पर गहन रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया। वांग वनथाओ ने बैठक में भाषण देते हुए कहा कि इस वर्ष चीन और संयुक्त अरब अमीरात के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ है। दोनों राष्ट्राध्यक्षों के रणनीतिक मार्गदर्शन में दोनों देशों के बीच सर्वांगीण रणनीतिक साझेदारी संबंध एक नए चरण में प्रवेश हुआ है। द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार सहयोग में नई उपलब्धियां प्राप्त की जा रही है।

चीन संयुक्त अरब अमीरात के साथ मिलकर व्यापार के स्तर को उन्नत करना और संयुक्त रूप से चीन और संयुक्त अरब अमीरात के बीच सर्वांगीण और त्रि-आयामी आर्थिक और व्यापार सहयोग का एक नया पैटर्न बनाना चाहता है। अल मारी ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात-चीन संबंधों में काफी प्रगति प्राप्त की जा रही है और द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार सहयोग में बड़ी उपलब्धियां हासिल हुईं। उन्होंने डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की मेजबानी में संयुक्त अरब अमीरात को दिए गए बड़े समर्थन के लिए चीन के प्रति आभार प्रकट किया। उनका दृढ़ विश्वास है कि संयुक्त रूप से बेल्ट एंड रोड के निर्माण से संयुक्त अरब अमीरात और चीन के बीच आर्थिक और व्यापार सहयोग का अधिक विकास किया जाएगा।

## भारत और जर्मनी ने रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने बर्लिन में जर्मनी के रक्षा सचिव बेनेडिक्ट ज़िमर के साथ भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता की है। मंगलवार को दोनों पक्षों ने भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया, हिन्द प्रशांत में जर्मनी के साथ संभावित संयुक्त अभ्यास पर भी चर्चा हुई और संभावित रक्षा औद्योगिक परियोजनाओं और प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने



घनिष्ठ रक्षा साझेदारी और दोनों पक्षों के रक्षा उद्योगों को एक साथ जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। रक्षा क्षेत्र में उच्च प्रौद्योगिकी में सहयोग पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इस बैठक का आयोजन जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस की पिछले वर्ष भारत यात्रा के बाद किया गया है।

## नाइजीरिया में नाव दुर्घटना में चार की मौत



**अबुजा,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। अफ्रीकी देश नाइजीरिया के दक्षिण-पश्चिमी राज्य लागोस में एक नाव पलटने के बाद करीब चार शव बरामद किए गए हैं। स्थानीय जलमार्ग प्राधिकरण ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लागोस राज्य जलमार्ग प्राधिकरण के प्रवक्ता वुराओला अलाके ने राज्य की राजधानी इकेजा में संवाददाताओं को बताया कि इकोरोडु क्षेत्र में हुई घटना के बाद अब तक ग्यारह लोगों को बचाया गया है।

श्री अलाके ने बताया कि घटना के सटीक कारण की अभी पुष्टि नहीं हुई है।

पश्चिम अफ़्रीकी देश में अक्सर नाव दुर्घटनाओं की सूचना मिलती रहती है, जिसका कारण अक्सर ओवरलोडिंग, प्रतिकूल मौसम की स्थिति और परिचालन संबंधी त्रुटियां हैं।

## वर्ग पहेली 6481

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१.व्यापार (उर्दू)
३. जो सुनने में अप्रिय लगे
५. दाखिर, भीतर घुसा हुआ
६. सलाहकार
७. कारखाना
९. चाल, गति वेग (उर्दू)
१०. विशेष लक्षणों से युक्त, अलौकिक
१२. झोंके के साथ दिया गया धक्का, झोंका, जोर से दिया गया आघात
१३. बाजू, कांख, पहलू पार्श्व, कपड़े का टुकड़ा जो अंगरखे कुरते आदि कंधे के नीचे लगाया जाता है (उर्दू)
१४. घायल और मृत
१६. धतूरा, स्वर्ण
१८. माया, जादू (उर्दू)
२०. धनहीन, दरिद्र
२१. सूर्यकिरण
२३. कशिश, खिंचाव

**ऊपर से नीचे:-**

१. पंचांग, कैलेण्डर
२. उदारमना (उर्दू)
३. तकलीफदेह
४. झगड़ालू स्त्री
५. वर्णन, प्रतिपादक, प्रसंग, संदर्भ
८. फायदेमंद
१०. बेचने वाला
११. माफ किया हुआ
१२. क्षणिक, अधूरा दर्शन
१३. उपद्रव, बखेड़ा (उर्दू)
१४. षड़यंत्र, साजिश
१५. गर्भ (उर्दू)
१७. नृत्य करने वाला
१८. टीका, माथे पर लगाया गया चंदन आदि का निशान
१९. याद करना
२२. ईश्वर, खुदा (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6480

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ उ | त्प्र | २ स | व | ■ | ■ | ३ अ | ट | ४ प | टा |
| त्सु | ■ | म | ■ | ५ स्था | प | त्य | ■ | गा | ■ |
| ६ क | न्नी | का | ट | ना | ■ | ७ धि | क्का | र | ८ ना |
| त्य | ■ | ली | ■ | ९ भा | वु | क | ■ | ■ | ट |
| ■ | १० ज | न | ११ र | व | ■ | ■ | १२ उ | द | क |
| ■ | ल | ■ | ज | ■ | १३ बु | रा | दा | ■ | का |
| १४ अ | धि | १५ कृ | त | ■ | लं | ■ | १६ स | १७ मी | र |
| प्र | ■ | त | ■ | १८ अं | द | १९ र | ■ | ना | ■ |
| २० स | र्व | ज्ञ | ■ | ज | ■ | २१ ति | जा | र | २२ त |
| न्न | ■ | २३ ता | त्का | लि | क | ■ | ■ | ■ | म्र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1744 – रॉयल सोसायटी आफ लंदन के सदस्य फ्रांस के प्राकृतिक दर्शनशास्त्री जॉन थियोफिलस डेजाग्युएलिये का निधन हुआ था।

1780 – ओमिक्रान डेल्टा ओमेगा सह-एड बिरादरिन की स्थापना बेंजामिन फ्रैंकलिन ने की थी।

1840 – आधुनिक पनडुब्बी के जनक आयरिश -अमेरिकी वैज्ञानिक जॉन फ़िलिप हॉलैण्ड का जन्म हुआ।

1860 – हरमन होल्लेरिथ ने सारणी मशीन का आविष?कार किया।

1896 – पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का जन्?म हुआ था, मोरारजी देसाई भारत के छठे प्रधानमंत्री थे।

1928 – अमेरिकी कवयित्री, लेखिका और पुस्तकालय संचालिका इनका डोन्ना कूलब्रिद का निधन हुआ।

1936 – नेचर पत्रिका ने नील्स बोर के बाउल आफ बॉल्स के बारे में छापा था।

1960 – मोरक्को के दक्षिणी शहर अगादीर में आए भीषण भूकंप में हज़ारों लोगों की मौत हो गयी। इस भूकंप की तीव्रता 6.7 थी।

1984 – कैनेडियन प्रधान मंत्री, पियरे ट्रुडो ने सेवानिवृत्ति की घोषणा की।

1996 – 4 साल तक लगातार गोलीबारी और हमलों के बाद बोसनिया की राजधानी सरायेवो की घेराबंदी ख़त्म हो गयी।

2004 – अंतार्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के यात्री मिशेल फोएल का अलेक्जेंडर केलरी अंतरिक्ष में उतरे, पर अंतरिक्ष सूट में ख़राबी के कारण पुन: वापस स्टेशन लौट गये।

2008 – प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. बच्चन सिंह को अनुवाद के लिए वर्ष 2008 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।

**परेशानी** *संयुक्त राष्ट्र अधिकारी ने दी जानकारी*

# गाजा की एक-चौथाई आबादी अकाल की कगार पर

**तेल अवीव, 28 फरवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के एक संगठन के एक वरिष्ठ सहायता अधिकारी ने चेतावनी दी है कि युद्धग्रस्त गाजा की एक-चौथाई आबादी अकाल की कगार पर है। गाजा में संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसियों से उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के समन्वय के निदेशक राजेश राजसिंघम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को आने वाले दिनों में पट्टी के खतरे के बारे में सूचित किया है।**

संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ सहायता अधिकारी ने सुरक्षा परिषद को सूचित किया है कि गाजा पट्टी में लगभग 5,76,000 लोग भूख और अकाल का सामना कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापक अकाल लगभग अपरिहार्य हो सकता है।




उन्होंने कहा कि उत्तरी गाजा में दो साल से कम उम्र के हर छह बच्चे में से एक गंभीर कुपोषण का शिकार है। अधिकारी ने कहा कि फ़िलिस्तीनी इलाके के सभी 23 लाख लोग जीवित रहने के लिए बेहद अपर्याप्त खाद्य सहायता पर निर्भर हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के उप कार्यकारी निदेशक कार्ल स्काऊ ने 15-सदस्यीय परिषद को बताया कि गाजा में पर्याप्त मात्रा में महत्वपूर्ण खाद्य आपूर्ति लाने में असमर्थता के कारण अकाल का खतरा बढ़ रहा है।

### गाजा में और बड़ी मानवीय आपदा को रोकने की चीनी प्रतिनिधि की अपील

**बीजिंग।** संयुक्त राष्ट्र में चीनी प्रतिनिधिमंडल के अस्थायी दूत ताई पिंग ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से गाजा में एक और बड़ी मानवीय आपदा को रोकने के लिए नागरिकों की सुरक्षा और जीवन बचाने के लिए कार्रवाई करने का आह्वान किया। ताई पिंग ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक सार्वजनिक बैठक में कहा कि गाजा में चार महीने से अधिक समय से जारी संघर्ष में लगभग 30,000 नागरिक मारे गए हैं। स्थिति ने गाजा में लाखों लोगों को बुनियादी सुरक्षा और जीवित रहने के लिए आवश्यक आपूर्ति के बिना छोड़ दिया है, जिससे उन्हें मौत, भूख और बीमारी के लगातार खतरों का सामना करना पड़ रहा है।

## दुनिया को जानें

# कनाडा के सामूहिक हत्यारे की मौत कोकीन के अत्यधिक सेवन से

**ओटावा,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। कनाडा में 2022 में 11 लोगों की हत्या और 17 अन्य को घायल करने वाला हत्यारे के मौत के कारणों को लेकर हुई सुनवायी में फोरेंसिक वैज्ञानिक ने बताया कि संभव है कि कोकीन का अत्यधिक सेवन के कारण वह मर गया हो। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। एक फोरेंसिक रोगविज्ञानी ने मंगलवार को एक सार्वजनिक कोरोनर पूछताछ में बताया कि अपराधी के मौत का कारण कोकीन का अत्यधिक सेवन है। माइल्स सैंडरसन ने चार सितंबर 2022 को 11 लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी, जिनमें से 10 उसके गृह समुदाय जेम्स स्मिथ क्री नेशन में और एक अन्य पास के गांव वेल्डन, सस्केचेवान में था।बाद में उसी दिन पुलिस हिरासत में उसकी मृत्यु हो गई। उम्मीद है कि पूछताछ में सैंडरसन की मौत के कारण पर फैसला सुनाया जाएगा। सीटीवी न्यूज ने मंगलवार दोपहर को बताया कि पूछताछ में डॉ. शॉन लैडहैम की गवाही सुनी गई, जिन्होंने सैंडरसन का शव परीक्षण किया था। डॉ लैडहैम ने बताया कि सैंडर्सन के शरीर में कोकीन का स्तर बहुत अधिक था।

# प्रादेशिकी

## मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज भी बनाया जाना चाहिए

**चंडीगढ़,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा है कि भविष्य में बनाये जाने वाले सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में नर्सिंग कॉलेज भी बनाये जायेंगे। श्री विज ने बुधवार विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान कहा कि देश-विदेश में नर्सों की बहुत जरूरत है। राज्य सरकार ने सरकारी अस्पतालों में छह नर्सिंग कॉलेज बनाने के लिए मंजूरी दी है ताकि नर्सों को वहां पर अच्छी प्रकार से प्रशिक्षित किया जा सके। नर्सिंग के लिए एक नीति बनाई गई है जिसके तहत कम से कम 100 बिस्तर का एनएबीएच मान्यता प्राप्त अस्पताल होना चाहिए या वह कालेज सरकारी अस्पताल के साथ संलग्न होना चाहिए। उन्होंने बताया कि राजकीय नर्सिंग कॉलेज सादत नगर, रेवाडी अभी निर्माणाधीन हैं और निर्माण कार्य 88 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

# आंकड़ों की अर्थव्यवस्था में उत्तराखण्ड का हर क्षेत्र में विकास



- सदन में पेश की गई आर्थिक सर्वे रिपोर्ट
- प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 2 लाख 60 हजार रुपए हुई
- विकास दर पर 7.03 प्रतिशत से बढ़कर 7.58 प्रतिशत पहुंची
- बेरोजगारी दर 8.4 फीसदी से घटकर 4.9 फीसदी पर आई

**देहरादून,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड की धामी सरकार ने बुधवार को बजट सत्र के तीसरे दिन वर्ष 2023-24 की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा है। सरकार द्वारा पेश किए गए इन आर्थिक सर्वे में सूबे की अर्थव्यवस्था सरपट दौड़ती दिख रही है। तमाम मोर्चो पर भारी तेज गति से विकास दिखाते यह आंकड़े बता रहे हैं की बहुत जल्द उत्तराखंड आर्थिक और सामाजिक विकास की दौड़ में अन्य राज्यों को पछाड़कर सबसे आगे निकल जाएगा।

इस आर्थिक सर्वे रिपोर्ट में राज्य की विकास दर और प्रति व्यक्ति आय में ही वृद्धि नहीं दर्शायी गई है बल्कि बेरोजगारी दर में भी भारी कमी आने की बात कही गई है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार राज्य की विकास दर 7.03 फीसदी से बढ़कर अब 7.58 प्रतिशत हो गई है और इसमें आधा फीसदी से भी अधिक का इजाफा हुआ है तथा इसके बहुत जल्द से 8 फीसदी से ऊपर पहुंचने की संभावनाओं को दर्शाया गया है। राज्य में बेरोजगारी दर में इस रिपोर्ट में भारी गिरावट आने की बात कही गई है। रिपोर्ट में राज्य की बेरोजगारी दर जो पहले 8.4 फीसदी थी वह घटकर 4.9 फीसदी ही रह गई है। जो इस बात को दर्शाती है कि राज्य में युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। राज्य में प्रति व्यक्ति आय साल दर साल बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान आर्थिक सर्वे रिपोर्ट में 12.64 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ अब यह प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 60 रूपये सालाना तक पहुंच चुकी है जो राज्य के आर्थिक रूप से मजबूत होते आम आदमी के जीवन को बेहतर होने के संकेत हैं। यही नहीं इस रिपोर्ट में सरकार द्वारा निर्धारित किए गए लखपति दीदी के लक्ष्य को समय से पहले ही आधा प्राप्त कर लिया गया है। सरकार द्वारा राज्य में जो 1 लाख 25 हजार लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया था उसके सापेक्ष अब 68 हजार 516 लखपति दीदी बन जाने का दावा किया गया है। सरकार की आर्थिक रिपोर्ट के आधार पर ही सरकार अपनी भावी जन कल्याण और विकास की योजनाएं बनती है। इस सर्वे रिपोर्ट को लेकर सरकार का उत्साहित होना भी स्वाभाविक है क्योंकि इसमें अर्थव्यवस्था सरपट दौड़ती दिख रही है।

# निलंबन के विरोध में विपक्ष का वाकआउट

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा से भाजपा के 15 सदस्यों के निलंबन के विरोध में पार्टी के शेष 10 विधायकों ने बुधवार को सदन से वाकआउट किया। भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने प्वाइंट ऑफ आर्डर के माध्यम से भाजपा विधायकों के निलंबन का मामला उठाया और इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। सत्ती ने कहा कि भाजपा सदस्यों का बजट सत्र से निलंबन गलत है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद यह साफ हो गया है कि कांग्रेस सरकार अल्पमत में है। इसलिए बीते रोज भाजपा ने कटौती प्रस्तावों पर मत विभाजन की मांग की थी। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के छह और तीन निर्दलीय सदस्यों ने भाजपा उम्मीदवार का समर्थन किया है। ऐसे में सरकार के पास अब बहुमत नहीं रह गया है।

सतपाल सत्ती ने कहा कि सदन में बहुमत की स्थिति साफ होने के बावजूद सरकार ने बजट पास करवाने के लिए भाजपा सदस्यों का निलंबन किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की हत्या है और भाजपा के शेष सदस्यों ने इस निलंबन के विरोध में सदन में नहीं बैठने और वाकआउट का फैसला किया है। इसी दौरान संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने भाजपा सदस्यों के निलंबन को सही करार देते हुए कहा कि इन सदस्यों ने आज सदन में न केवल विधानसभा स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार किया, बल्कि अध्यक्ष के आसन पर जाकर कागज भी फैंके। उन्होंने इस घटना को शर्मनाक करार दिया और इसकी निंदा की तथा ऐसा करने वाले सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसी मुद्दे पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा आए दिन लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सदस्यों ने जिस तरह से आज सदन में हंगामा किया और बीते रोज भी राज्यसभा चुनाव में विघन डालने का प्रयास किया, वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि निलंबन के बावजूद भाजपा सदस्य सदन से बाहर नहीं गए और विधानसभा नियमों की अवहेलना की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने जिन छह कांग्रेस सदस्यों से क्रॉस वोटिंग करवाई है, वह बिना प्रलोभन के नहीं हो सकती। नेगी ने कहा कि भाजपा ने विधायकों की खरीद करके लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह हरकत उसकी सत्ता से बाहर रहने की तड़प को दर्शाती है। उन्होंने निलंबन के फैसले को सही करार दिया और कहा कि जिन अधिकारियों ने आदेशों के बावजूद भाजपा के निलंबित सदस्यों को सदन से बाहर नहीं किया, उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### मेरे आदेशों की उल्लंघना हुई : अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने माना कि निलंबन के बाद भाजपा सदस्यों को सदन से बाहर ले जाने के आदेशों की उल्लंघना हुई है और इसके लिए वह नियमों के तहत कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि निलंबन के बाद भाजपा सदस्यों का सदन में रहना गलत है। उन्होंने कहा कि निलंबन और सदन के स्थगित होने के बाद नियमों के तहत ऐसे सदस्य सदन में नहीं रह सकते। विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि बीते रोज भाजपा के विधायकों ने जबरन उनके कक्ष में घुसने की कोशिश की तथा तोड़फोड़ भी की तथा उन पर हमला करने का भी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इस तरह का व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है।

### जयराम को सत्ता की भूख : सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सदन में हुए हंगामे की निंदा करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को सत्ता की भूख लग गई है। इसी के चलते वह सदन के हर नियम को तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदन की गरिमा बनी रहनी चाहिए और गुंडागर्दी नहीं चलने दी जाएगी तथा आज के घटनाक्रम के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष कर्मचारियों और अधिकारियों को भी डरा-धमका रहा है और बीते रोज भी कांग्रेस विधायकों को प्रदेश से बाहर ले जाने में सीआरपीएफ का सहारा लिया गया।

**सार संक्षेप**

### श्रीनगर में 5 मार्च से सजेगी नाटकों की महफिल

**पौड़ी।** प्रसिद्ध नाट्य महोत्सव जश्न ए विरासत का सातवें संस्करण श्रीनगर में आगामी 5 मार्च से शुरू होगा। नाट्य महोत्सव में इस वर्ष देश के विभिन्न राज्यों के थिएटर के कलाकार प्रस्तुति देंगे। जश्न ए विरासत के सदस्य परवेज अहमद ने बताया कि 5 से 8 मार्च तक गढ़वाल विवि के लोक कला एवं निष्पादन केंद्र में नाट्य महोत्सव जश्न ए विरासत भव्य एवं दिव्य रूप से होगा। कहा कि मोहन नैथानी और मनोज कंडियाल की स्मृति में आयोजित होने वाले इस नाट्य महोत्सव में पांच मार्च को खालिद की खाला, 6 मार्च को उत्तर प्रदेश के मनीष मुनि द्वारा लिखित मीरा राज हंस, देहरादून की एकलव्य नाट्य संस्था के कलाकार खिड़की नाट्य पर प्रस्तुति देंगे। जबकि महोत्सव के अंतिम दिन गढ़वाल विवि के लोककला एवं निष्पादन केंद्र के थैक्यू बाबा लोचन दास नाट्य प्रस्तुति से महोत्सव का समापन होगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान पेंटिंग, फोटो और डाक टिकट की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### पर्वतीय जनपदों में पाले से एहतियात बरतने के सुझाव

**देहरादून।** पर्वतीय जनपदों में पाला अब भी लोगों की मुसीबतें बढ़ा सकता है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने पाले को लेकर पर्वतीय जनपदों के लिए येलो अलर्ट जारी किया हैद। ऐसी स्थिति में लोगों को पाले को लेकर विशेष एहतियात बरतने के सुझाव दिए गए हैं। राजधानी देहरादून में भी राज्य भर की तरह अगले दिनों में आसमान साफ रहने की उम्मीद है। अगर तापमान के दृष्टिकोण से देखें तो राजधानी में अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। इस तरह देखा जाए तो जहां मौसम विभाग राजधानी में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी का अनुमान लगा रहा है तो वहीं न्यूनतम तापमान में कमी आ सकती है। मौसम विभाग के विभिन्न स्टेशन पर रिकॉर्ड किए गए तापमान नजर डाली जाए तो देहरादून पंतनगर मुक्तेश्वर और नई टिहरी सभी जगह अधिकतम तापमान सामान्य से कम दिखाई दे रहा है, जबकि इन चार स्टेशन पर न्यूनतम तापमान सामान्य के करीब ही है।

### राजस्व विभाग का तकनीकी सहायक रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान बुधवार को बरनाला जिले के मेहल कलां के तहसीलदार के कार्यालय में तकनीकी सहायक के पद पर तैनात कुलबीर सिंह को 35 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हााि गिरफ्तार किया। सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला शहर मेहल कलां निवासी संजय सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उपरोक्त आरोपी ने संबंधित हलका पटवारी हरदेव सिंह के माध्यम से नायब तहसीलदार मेहल कलां से रजिस्ट्री करवाने के लिए 40 हजार रुपये की मांग की थी।

### सुडोकू 6481 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 3 | 1 |
| 1 | 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 | 2 | 3 |
| 2 | 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 2 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |

# उत्तराखंड की सड़कों पर घूम रहे 27,000 आवारा पशु

**देहरादून,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड में आवारा पशुओं की समस्या वैसे तो कोई नई बात नहीं है, लेकिन पहली बार पशुपालन विभाग मामले में असहाय होता दिखाई दिया है। विधानसभा में उठे सवालों के बाद विभागीय मंत्री ने साफ किया है कि बिना आम लोगों के सहयोग के इस समस्या का समाधान नहीं हो सकता। ऐसे में लोगों को ही अपनी मानसिकता बदलनी होगी।



■ पशुपालन मंत्री बोले लोगों को बदलनी होगी मानसिकता


उत्तराखंड में आवारा पशुओं की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि प्रदेश में अब 27,000 आवारा पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। इसके कारण यातायात की समस्या होने के साथ ही सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। बड़ी परेशानी यह है कि राज्य में सरकार के पास इतनी गौशालाएं ही नहीं हैं कि इन निराश्रित पशुओं को रखा जा सके। हालांकि राज्य पशुपालन विभाग 70 नई गौशालाएं बनाने की तैयारी कर रहा है, लेकिन इनके बनने के बाद भी इन सभी आवारा पशुओं को रखना नामुमकिन है।

पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि ऐसी समस्या से निजात पाने के लिए केवल आम लोगों की मदद और उनकी सोच ही मददगार हो सकती है। पशुपालन विभाग ने अब तक करीब साढ़े तीन हजार आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजा है। इसके अलावा राज्य सरकार ने पहली बार इसके लिए पॉलिसी भी बनाई है।

उन्होंने कहा कि 70 गौशालाओं में से 52 गौशालाओं की डीपीआर बनाई जा चुकी है। जिसके लिए 17 करोड़ रुपए स्वीकृत भी किए जा चुके हैं। इसके अलावा सभी आवारा पशुओं को गौशालाओं में रखना फिलहाल मुमकिन नहीं है। ऐसे में आम लोगों को अपनी सोच बदलनी होगी, ताकि गौवंश को सुरक्षित रखा जा सके।

# बिजली के खंभे ट्रांसमिशन कंपनियां अपने खर्चे पर हटाएंगी

**चंडीगढ़,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार विधानसभा बजट सत्र के अंतिम दिन बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि सड़कों को चौड़ा करते समय बीच में आने वाले बिजली के खंभों को अब ट्रांसमिशन कंपनियां अपने खर्चे पर हटाएंगी। श्री खट्टर ने एक और घोषणा करते हुए कहा कि सरकार ने आबकारी नीति में प्रावधान किया था कि एक मार्च से डिस्टलरीज प्लास्टिक की बोतलों की बजाये कांच की बोतलों में शराब की सप्लाई करेगी, लेकिन अब सरकार ने पॉलिसी की अवधि तक इस अनिवार्य प्रावधान को वैकल्पिक कर दिया है, ताकि डिस्टलरीज को किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा चलाई जा रही प्रोपर्टी पहचान पत्र (आईडी) की व्यवस्था की केंद्र सरकार ने सराहना की है और इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने 150 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान सात बैठकें हुई हैं और सत्र के सुचारू संचालन के लिए विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।



# विस की कार्यवाही देखने आई छात्राओं ने मुख्यमंत्री धामी से भेंट की



**देहरादून,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को उत्तराखंड विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन करने आये महादेवी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.) की छात्राओं ने विधान सभा में भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने छात्राओं से लोकतंत्र की प्रणाली के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि युवाओं को लोकतंत्र में विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपलिका आदि कैसे कार्य करते हैं, के सम्बन्ध में पूरी जानकारी होनी चाहिए तथा आशा व्यक्त की कि छात्राएं विधानसभा की कार्यवाही के अवलोकन से एक नया अनुभव लेकर जायेंगी।

# केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली पहुंचे धामी

**देहरादून,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी देहरादून में उत्तराखंड का बजट सत्र चल रहा है। आज बजट सत्र का तीसरा दिन है। बजट सत्र के तीसरे दिन कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान विपक्ष ने भी धामी सरकार को घेरने के लिए रणनीति तैयार की है। बजट सत्र के बीच ही सीएम धामी दिल्ली दौरे के लिए रवाना हो गये हैं। मुख्यमंत्री धामी के साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और संगठन मंत्री अजय कुमार भी दिल्ली रवाना हुए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून के जीटीसी हेलीपैड से दिल्ली के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री धामी दिल्ली में लोकसभा चुनाव से जुड़ी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही बीजेपी की अन्य चुनाव संबंधी बैठकों में भी सीएम धामी हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही सीएम धामी दिल्ली में सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात करेंगे। बता दें हाल ही में राष्ट्रीय राजमार्ग-119 पर 6 किलोमीटर लंबे 4 लेन कोटद्वार बाईपास के निर्माण के लिए 691.70 करोड़ की स्वीकृति मिली है। इसी संदर्भ में सीएम धामी केंद्रीय में सड़क परिवहन मंत्री से मुलाकात करेंगे। सीएम धामी ने कहा केंद्र की मोदी सरकार लगातार देश के विकास के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा उत्तराखंड में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।धामी मंत्रिमंडल में अभी चार सीटें खाली हैं। इन सीटों पर भी नेताओं की नजरें टिकी है। चूंकि, लोकसभा चुनाव नजदीक हैं, ऐसे में नेताओं को उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले मंत्रिमंडल की सीटों को भरे जाने पर फैसला हो सकता है। सीएम धामी के दिल्ली दौरे पर अक्सर इसकी चर्चाएं शुरू हो जाती हैं। सीएम धामी फिर से दिल्ली रवाना हो गये हैं। ऐसे में उम्मीदों से भरे नेताओं की नजरें एक बार फिर इस पर टिक गई हैं। सभी नेता क्षेत्र के साथ ही सियासी समीकरणों के गुणा भाग में लग गये हैं।

**गडकरी से भी करेंगे मुलाकात**

# बिंदुखत्ता को राजस्व गांव घोषित करने की मांग उठाई

**देहरादून,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। बुधवार को नैनीताल जिले के बिंदुखत्ता को राजस्व गांव घोषित किए जाने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने इंडिया एलाइंस के सहयोगियों के साथ मिलकर विधानसभा कूच किया। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने इस दौरान कहा कि उनकी पार्टी राज्य के ज्वलंत मुद्दों को उठाएगी। हरदा ने कहा कि कानून व्यवस्था के साथ ही राज्य के कई ज्वलंत मुद्दे हैं, जिन्हें कांग्रेस पार्टी उठाएगी। हरीश रावत ने अतिक्रमण के नाम पर हटाए जा रहे लोगों की तरफदारी करते हुए कहा कि हम सरकार बदल देंगे। इससे पहले हरीश रावत समेत तमाम नेता और कार्यकर्ता हरिद्वार रोड स्थित एक होटल के निकट इकट्ठा हुए। उसके बाद जुलूस की शक्ल में पैदल मार्च निकालते हुए विधानसभा की ओर पड़े। लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रिस्पना पुल से पहले बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया इस दौरान आगे बढ़ने को लेकर पुलिस और प्रदर्शन में भाग ले रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई। इससे नाराज प्रदर्शनकारी सड़क पर ही धरने पर बैठ गए और अपनी मांगों को लेकर सभा का आयोजन किया।




इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि 100 साल से ज्यादा के इतिहास के साथ गोट, खत्ते आदि तराई के भाबर में बसे हुए हैं। इन लोगों ने बंजर भूमि को आबाद किया जिनकी संख्या हजारों में है। उन्होंने कहा कि यहां शिल्पकारों, भूमिहीनों, गरीबों और दलितों ने वहां बसकर बंजर भूमियों को आबाद करते हुए पशुपालन और खेती-बाड़ी की। उन्होंने कहा कि एक लाख से अधिक आबादी वाला बिंदुखत्ता और इसी तरह सुंदरखाल, पापड़ी जैसे कई गांवों को राजस्व गांव का दर्जा दिया जाना चाहिए। हरीश रावत का कहना है कि राज्य सरकार ने बिंदुखत्ता सहित दर्जनों ऐसे खत्तों और गोटों को वन भूमि अतिक्रमण घोषित किया है और एक सरकारी सूची जिसमें इनको अतिक्रमणकारी बताया गया है, सरकार ने अभी उसको वापस नहीं लिया। दूसरी तरफ इन बसासतों में रहने वाले लोग राजस्व गांव के दर्जे की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी गांवों को राजस्व गांव का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

हरीश रावत ने कहा कि संयुक्त संघर्ष समिति ने सरकार को इसको लेकर ज्ञापन भी सौंपा था। सीएम से मांग की कि इसे राजस्व गांव का दर्जा दिया जाए। यह एक लंबे समय से लंबित मांग है। वे क्षेत्र से हटाए जाने का जोखिम उठा रहे हैं। हम उनके लिए लड़ेंगे। अभी हम हैं विधानसभा में लड़ रहे हैं। फिर हम सीएम आवास में प्रवेश करेंगे। अगर बाकी सब कुछ हुआ तो हम सरकार बदल देंगे। इधर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भी इस मामले को लेकर सरकार पर हमला बोला है।

# हिमाचल का वर्ष 2024-25 का 62,421.73 करोड़ का बजट पास

**शिमला,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने बुधवार को विपक्षी दल भाजपा सहित कांग्रेस के छह और तीन निर्दलीय विधायकों की गैरमौजूदगी में राज्य का वर्ष 2024-25 का 624217376000 रुपए का बजट पारित कर दिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश विनियोग विधेयक 2024 सदन में पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में 17 फरवरी को अगले वित्त वर्ष का बजट पेश किया था। बजट में विकास कार्यों के लिए 28 फीसदी राशि का प्रावधान किया गया है, जबकि कर्मचारियों और पेंशनरों के वेतन, भत्तों और पेंशन पर कुल बजट की 42 फीसदी राशि खर्च होगी। 11 फीसदी बजट प्रदेश सरकार द्वारा लिए गए कर्जों के ब्याज की अदायगी पर खर्च होंगे, जबकि 9 फीसदी बजट कर्जे वापस लेने पर खर्च होगा। बजट का 10 फीसदी हिस्सा स्वायत संस्थानों के लिए अनुदान पर खर्च होगा। वर्ष 2024-25 के बजट में मुख्यमंत्री ने सात नई योजनाओं का ऐलान किया है।



बजट में लोकसभा चुनावों को भी ध्यान में रखा गया है और किसानों-बागवानों, महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों और पिछड़े वर्गों को लुभाने का प्रयास किया गया है। बजट में किसी प्रकार के नए कर का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। जबकि दूध को पहली बार एमएसपी के दायरे में लाया गया है और ऐसा करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है। बजट में जहां खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि को बढ़ाया गया है, वहीं पुलिस की डाइट मनी भी 220 रुपए के बढ़ाकर 1000 रुपए की गई है। कर्मचारियों के लिए बजट में पहली अप्रैल से 4 फीसदी डीए और सेवाकाल के दौरान दो बार एलटीसी की सुविधा देने का भी प्रावधान किया गया है।

### बजट सत्र एक दिन पहले समाप्त

हिमाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र निर्धारित अवधि से एक दिन पहले ही समाप्त हो गया। राज्यसभा चुनाव में सत्ताधारी कांग्रेस की हार के बाद पैदा हुए राजनीतिक संकट के बीच सरकार ने एक दिन पहले ही सदन में वित्त विधेयक पेश कर राज्य के अगले वित्त वर्ष के बजट को पास कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सदन के पास सत्र के लिए कोई कार्य शेष नहीं रह गया है। ऐसे में विधानसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया जाता है।

### व्हिप के उल्लंघन पर कार्रवाई की मांग

संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने व्हिप का उल्लंघन करने पर विधानसभा अध्यक्ष से कांग्रेस के छह विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोजनावकाश के बाद हर्षवर्धन चौहान ने यह मामला उठाते हुए कहा कि बीते रोज कटौती प्रस्तावों के दौरान हाजिर रहने के लिए कांग्रेस ने अपने विधायकों को व्हिप जारी किया था, लेकिन पार्टी के छह विधायक सदन से गैर हाजिर रहे। उन्होंने कहा कि पार्टी व्हिप का उल्लंघन करना दलबदल विरोधी कानून के दायरे में आता है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से इनके खिलाफ इस कानून के तहत कार्रवाई का आग्रह किया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि यह मामला उनके ध्यान में है और वे इसका संज्ञान लेंगे।

# उत्तराखंड बजट सत्र के तीसरे दिन नंदा गौरा योजना के साथ उठे कई मुद्दे

**देहरादून,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड विधान सभा में बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में नन्दा गौरा योजना का मुद्दा उठा। भाजपा विधायक प्रीतम पंवार ने इस मुद्दे को उठाया। महिला विकास मंत्री रेखा आर्य ने सदन में प्रीतम पंवार का जवाब दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि 2021- 22 तक का भुगतान हो चुका है। साल 2022- 23 और 2023- 24 का भी जल्द भुगतान किया जाएगा। उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने सदन में प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियों को शामिल नहीं करने पर इस योजना को लेकर सवाल उठाया। जिस पर रेखा आर्य ने कहा जिन लड़कियों के प्राइवेट स्कूलों में आरटीई के तहत एडमिशन हुए हैं, उनको इस योजना का लाभ मिल रहा है। राशन कार्ड में यूनिट दर्ज न हो पाने का मामला भी सदन में उठा। विधायक प्रमोद नैनवाल ने सदन में इस मामले को उठाया। उन्होंने कहा पर्वतीय क्षेत्रों में लोग इससे परेशान हैं। जिस पर मंत्री रेखा आर्य ने सदन में जानकारी दी। उन्होंने कहा राष्ट्रीय सुरक्षा खाद्य योजना के तहत केंद्र ने यूनिट फिक्स की है। अंत्योदय और प्राथमिक परिवार कार्ड धारकों के लिए यूनिट फिक्स है। प्रदेश में यूनिट का टारगेट फुल चल रहा है। इसके चलते नई यूनिट दर्ज नहीं हो रही हैं। विधानसभा सत्र का आज तीसरा दिन है। आज सदन के पटल पर कई विधेयक रखे जाएंगे। इसके बाद 29 फरवरी को बजट पर चर्चा की जाएगी। साथ ही राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा।

# प्रादेशिकी

## आदिकाल से नारी शक्ति रही है पूजनीय : मोनिका

**फर्रुखाबाद,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। 26 फरवरी 2024 दिन सोमवार को कायमगंज के सीपी गेस्ट हाउस में कायमगंज विधानसभा का नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ से संबंधित महिलाओं ने शिरकत की जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक ने की इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने सभागार में उपस्थित महिलाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने कहा आदिकाल से नारी शक्ति पूजनीय रही हैं। नारी के सम्मान से ही समाज का सम्मान सुरक्षित है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में भारतीय नारी का योगदान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# उप्र की सभी 80 सीटें जीतना लक्ष्य : योगी

**लखनऊ,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। माहौल हमारे अनुकूल है, प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के काम, उनका नाम और नेतृत्व के साथ ही इस बार भगवान श्रीराम का भी आशीर्वाद हमारे साथ है। ऐसे में इस बार 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है। साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि हम अति आत्मविश्वास में ना रहें। हमें अपनी बूथ संरचना को और सुदृढ़ करते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद को और अधिक प्रगाढ़ करना है।

- मुख्यमंत्री ने विकसित भारत 'मोदी की गारंटी' पेटिका अभियान का किया शुभारंभ
- भाजपा के संकल्प पत्र के लिए घर घर जाकर जनता से सुझाव लेंगे भाजपा कार्यकर्ता




याद रहे राजनीतिक दलों के व्यवहार और कार्यपद्धति को जनता हमेशा नोट करती है और वक्त आने पर जवाब भी देती है। पार्टी का प्रत्याशी मतलब कमल का फूल, हमें बस यही मानकर चलना है। ये बातें बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित विकसित भारत 'मोदी की गारंटी' पेटिका अभियान के शुभारंभ के दौरान कही। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सहित बीजेपी नेताओं की मौजूदगी में सीएम योगी ने इस अभियान को शुरू किया है।

**हमें अपनी बूथ संरचना को और सुदृढ़ करते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद को और अधिक प्रगाढ़ करना है : योगी आदित्यनाथ**

इसके अंतर्गत विकसित भारत 'मोदी की गारंटी' पेटिका को बीजेपी कार्यकर्ता घर-घर लेकर जाएंगे और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगेंगे। इसके अलावा पार्टी की ओर से मिस्ड कॉल अभियान की भी शुरूआत की गई है। इसमें 9090902024 पर मिस्ड कॉल के जरिए भी पार्टी के संकल्प पत्र के लिए जनता से सुझाव आमंत्रित किये जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने का एक ही तरीका है, हम अपने बूथ पर ध्यान दें। बूथ जीते तो सब जीते। बूथ पर हम जितना सशक्त और सामर्थ्यवान हैं, परिणाम उतना ही अनुकूल आएगा।

हमारे संगठन का दायरा बढ़ा है। ऐसी स्थिति में हमें भाजपा के पक्ष में 80 में से 80 सीटें प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का कार्यकर्ता संकल्पित होकर आगे बढ़ेगा तो इस परिणाम को कोई रोक नहीं सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्चा लोकतंत्र वही है, जहां जनता का शासन, जनता के द्वारा, जनता के लिए होता है और जनता का शासन जनता के सुझावों से ही प्रारंभ होता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र के साथ जनता के पास जाती है। जनता को जनार्दन के रूप में मान्यता देकर हम उसकी उपासना और सेवा करते हैं।

### अपने हर संकल्प को पूरा करती है भाजपा : भूपेन्द्र सिंह

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने के लिए हम अपना संकल्प पत्र तैयार कर रहे हैं। इसके लिए हम जनता के बीच जाकर उनके सुझाव लेंगे। बीजेपी हमेशा अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए जानी जाती है। हमने जो कहा उसे मोदी-योगी के नेतृत्व में पूरा किया है। हमारा कोई हिडेन एजेंडा नहीं, बल्कि हमारा हरदम ओपेन एजेंडा होता है। धारा 370 हो या श्रीराममंदिर का निर्माण, ये सभी बातें हमारे संकल्प पत्रों का हिस्सा रही हैं। हमारे सभी संकल्पों को मोदी-योगी के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है।

## अमेठी के किसानों के लिए गेहूं की बिक्री को खुले 85 क्रय केंद्र

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। अमेठी के सवा तीन लाख किसानों को गेहूं की सरकारी बिक्री के लिए मूल्य समर्थन योजना में 85 क्रय केंद्र खुले हैं। जिससे किसानों को औने-पौने दामों पर गेहूं की बिक्री न करना पड़े। इसके लिए पहले से सरकारी क्रय केंद्र खोल दिए गए हैं। जायस के विपणन अधिकारी सत्यप्रकाश राय ने बताया कि किसानों को गेहूं की बिक्री के लिए 85 क्रय केंद्र खोले गए हैं। इसमें तहसीलवार गौरीगंज 17, अमेठी 16, मुसाफिरखाना 26 और तिलोई में 26 क्रय केंद्र खुले हैं। उन्होंने बताया कि ब्लाक स्तर पर गौरीगंज 5, शाहगढ़ 2,जामो 10, अमेठी 6,भादर 6,भेटुआ 2, संग्रामपुर 2, मुसाफिरखाना 5, जगदीशपुर 13, शुकुलबाजार 8, तिलोई 5, बहादुरपुर 13 और सिंहपुर में 8 क्रय केंद्र खुले हैं।



राय ने बताया कि क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए सभी सुविधाएं मुहैया कराई गई है। इसके लिए जिलाधिकारी निशा अनंत बैठक भी कर चुकी हैं। गौरीगंज के विपणन अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि अभी फसल की कटाई शुरू नहीं हुई है। जिससे गेहूं की खरीद शुरू नहीं हो पाई है। लेकिन किसानों को टोकन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने कहा कि मोदी और योगी सरकार किसानों पर मेहरबान है। जिससे बिचौलियों की दुकानें बंद हो गई है।

## वेटेरिनरी भ्रमण करने पहुंचे विनायक विद्यापीठ के छात्र

**मेरठ,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विनायक विद्यापीठ के बीएससी (बायोलॉजी,बायोटेक्नोलॉजी एवं माइक्रोबायलॉजी) के छात्र छात्राओं के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल एंड टैक्नोलॉजी में वेटेरिनरी भ्रमण का आयोजन किया, जिसको विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, उन्होंने छात्र छात्राओं को रवाना करते हुए कहा कि इस भ्रमण को करने का हमारा उद्देश्य आपको सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान देना है जो कि आपके लिए अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान महाविद्यालय के निदेशक इंजि. विकास कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, बीएससी (माइक्रोबायोलॉजी) की विभागाध्यक्ष सृष्टि नलवा, सहायक प्रोफेसर दीप्ति चौधरी, अपूर्वा इत्यादि उपस्थित रहें। भ्रमण के दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बायोलॉजी लेबोरेटरी, जेनोमिक्स लेबोरेटरी एवं एनिमल बायोटेक्नोलॉजी लेबोरेटरी का भ्रमण कराया और कुछ प्रयोग भी करके दिखाए। छात्रों ने उनसे विभिन्न प्रकार के प्रश्न भी पूछे जिनका अधिकारियो ने संतोषजनक जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया। महाविद्यालय के निदेशक इंजि. विकास कुमार ने इस भ्रमण के आयोजन पर सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल एंड टैक्नोलॉजी का हमारे छात्र-छात्राओं को बायलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी से संबंधित जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया उन्होंने कहा की विनायक विद्यापीठ छात्र-छात्राओं के लिए इस प्रकार के भ्रमण का आयोजन समय-समय पर कराता रहता है, जिससे छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान ज्यादा से ज्यादा की जानकारी प्राप्त हो सके।



## सार संक्षेप

### तक्षशिला में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रर्दशनी आयोजित



**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में नेशनल साइंस डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें विभिन्न विषयों से संबंधित माडल्स की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के वर्किंग व नान वर्किंग मॉडलस का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का आयोजन कक्षा 1 से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा मॉडलस के विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी गयी तथा उन्हें क्रियान्वित करके दिखाया गया। बच्चों ने अपनी सृजनशीलता, कलात्मकता तथा रचनात्मक कौशल को बहुत ही खूबसूरती के साथ प्रदर्शित किया। विज्ञान का हमारे जीवन में क्या महत्व है तथा प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. सी.वी. रमन की खोज पानी का रंग नीला क्यों होता है मॉडल के द्वारा समझाने का प्रयास किया गया। बच्चों को थियेटर में इस्रो के स्पेस रिसर्च के सम्बन्ध में फिल्म दिखाई गई। बच्चों ने सैटेलाइट प्रोजेक्टस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। सभी माडलस को देखकर विद्यालय के चेयरमैन डा. ओमपाल सिंह ने बच्चों की भूरी-भूरी प्रशंसा की व उनका उत्साहवर्धन किया एवं विज्ञान के रास्ते भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने बच्चों को विज्ञान के महत्व को समझाया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कुटिलता सर्व अनर्थों की जड़ : भावभूषण महाराज

**मवाना/हस्तिनापुर।** जैन धर्म नगर स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मंदिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिए आयोजित 48 दिवसीय भक्तामर विधान एवं पाठ के 11वें दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मंत्रों से क्रियाओं का शुभारंभ किया। बुधवार को स्वर्ण कलश से अभिषेक अजय बण्डी शान्तिधारा महेन्द्र जैन, महेन्द्र जैन, संदीप, रितिक, सुनील जैन अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्जवलन अनीता जैन, प्रफुल्ल जैन प्रमोद जैन सुशीला जैन गाजियाबाद ने किया।

### स्थानीय नौजवानों को मिल में रोजगार दिया जाए : भाटी

**मवाना।** मवाना शुगर मिल के सभागार में मवाना सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड की बुधवार दोपहर आयोजित वार्षिक साधारण सभा में पूर्व चेयरमैन विनोद भाटी व क्षेत्रीय कृषकों ने शुगर मिल में स्थानीय नौजवानों को रोजगार नहीं दिए जाने पर आक्रोश जताया। कहा गया कि मिल प्रबंधन क्षेत्रीय कृषकों की इस मांग को उच्च प्रबंधन व मिल मालिकों तक पहुंचाये। सभा में उपस्थित कृषकों ने इस मामले को लेकर हुंकार भरी। किसानों ने कहा कि मिल प्रबंधन उनके धैर्य की परीक्षा ना लें। किसानों ने पिछले दस सालों में आर्थिक संकट के समय मिल प्रबंधन के कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग दिया था। सहकारी गन्ना समिति की वार्षिक साधारण सभा में पूर्व चेयरमैन विनोद भाटी ने कहा कि मिल प्रबंधन ने स्थानीय नौजवानों को रोजगार देने पर प्रतिबंध लगा रखा है। इस मामले को लेकर युवाओं व किसानों में नाराजगी है।



## सीवी रमन के जन्मदिन के सम्मान में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**मवाना,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने विश्व प्रसिद्ध और नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक, सीवी रमन के जन्मदिन के सम्मान में एक उत्साहपूर्ण उत्सव के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। जीवन विज्ञान, कृषि विज्ञान और गृह विज्ञान विभागों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान की प्राचार्य डॉ. उर्मिला मोरल व निदेशक डॉ. मनोज शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य न केवल महान वैज्ञानिक को श्रद्धांजलि देना था बल्कि छात्रों के लिए विज्ञान को अधिक सुलभ, मनोरंजक और समझने योग्य बनाना भी था। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न आकर्षक खेलों और मॉडलों का उपयोग किया गया। विज्ञान विभाग ने विज्ञान विषयों को रोचक ढंग से प्रस्तुत कर वास वायर गेम से विद्यार्थियों का मन मोह लिया। इसके साथ ही, बीसीए विभाग ने मदरबोर्ड तंत्र की जटिलताओं का प्रदर्शन किया, छात्रों को चौट जीपीटी और रोबोटिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से परिचित कराया। चंद्रयान 3 और विक्रम लैंडर के मॉडल ने अंतरिक्ष अन्वेषण में एक गहन अनुभव प्रदान करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# श्री वेंक्टेश्वरा विवि में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजित

**मेरठ,** 28 फरवरी (देशबन्धु) राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2024' पर 4 दिनो से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के समापन पर उनके विजेता छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न वरिष्ठ वैज्ञानिकों शिक्षाविदों ने विज्ञान को रटने के बजाय जीवन में आत्मसात करने पर बल देते हुए नवाचारो के साथ रिसर्च को बढ़ावा देने का आह्वान किया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2024' पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस.अरोड़ा, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. ए.के. शुक्ला, कुलसचिव डॉ.पीयूष कुमार पाण्डे, सलाहकार आर.एस. शर्मा डॉ. राजेश सिंह एवं डीन एप्लाईड साईन्स डॉ. विश्वनाथ झा आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ.सुधीर गिरि ने कहा कि बुधवार को विज्ञान एवं तकनीक के दम पर कई यूरोपीय देश दुनिया के सिरमौर बने बैठे है। हमे भी नयी शिक्षा निति के अनुरूप विज्ञान को रटने के बजाय आत्मसात करने की आवश्यकता है। हमें विकसित भारत बनाने के लिए शिक्षा को नवाचार, संस्कार एवं रोजगार से जोड़ना होगा। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि वेंक्टेश्वरा ने विज्ञान में शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा दने के लिए अभी तक दुनिया के सौ से अधिक ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों संस्थानो के साथ 'शैक्षणिक अनुबन्ध' किया है।



- परिसर में आयोजित हुई एक दर्जन से अधिक प्रतियोगिताएं
- चार सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग
- विजेताओ को विश्वविद्यालय प्रबंधन/प्रशासन ने किया सम्मानित

### छात्र-छात्राओ ने किए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत

'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' पर संस्थान के छात्र-छात्राओ ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के समापन पर संस्थान प्रबन्धन ने विजेता छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. विश्वनाथ झा, डायरेक्टर डीन अकेडमिक अफेर्स डॉ. राजेश सिंह, डॉ. सी.पी. सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राजवर्धन, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ. एना ऐरिक ब्राउन, एल.एस. रावत, डॉ. वर्षा यादव, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, एस. एस. बघेल, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन डॉ. पवनजीत कौर ने किया।

## छात्र-छात्राओं ने देखी और सीखी पेपर बनाने की प्रक्रिया

**मेरठ,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, मवाना के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट विभाग द्वारा मैनेजमेंट एवं कॉमर्स विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए पसवाड़ा पेपर्स लिमिटेड में एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसको महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल, निदेशक डॉ. मनोज शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल, निदेशक डॉ. मनोज शर्मा, एकेडमिक कॉर्डिनेटर संजीत सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, वाणिज्य विभाग अध्यक्ष राकेश देशवाल बीबीए विभाग अध्यक्ष मोनी उपाध्याय एवं सहायक प्रोफेसर काजल चौहान मौजूद रहे।



प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल ने छात्र-छात्राओं को रवाना करते हुए कहा कि हमारा इस भ्रमण को करने का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी देना है जो कि इसी प्रकार के भ्रमण से ही मिलता है उन्होंने छात्र-छात्राओं को इस भ्रमण से अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।

इस भ्रमण के लिए ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने पसवाड़ा पेपर्स लिमिटिड के निदेशक दीप्त अग्रवाल का विशेष धन्यवाद किया कि उन्होंने हमारे छात्र-छात्राओं को इंडस्ट्री मे भ्रमण करने की अनुमति प्रदान की। इसी के साथ-साथ वाइस प्रेसीडेंट नरेश तोमर, मैनेजर (पल्प मिल) राजवीर सिंह, मैनेजर (इलेक्ट्रिकल), दिनेश शर्मा, प्रोडक्शन मैनेजर अरविंद सिंह, मैनेजर (एचआर) पंकज गोयल एवं विवेक शर्मा का धन्यवाद किया कि उन्होंने हमारे छात्र-छात्राओं को पेपर बनाने की पूरी प्रक्रिया को दिखाया और समझाया। इस भ्रमण का नेतृत्व कॉमर्स विभाग अध्यक्ष राकेश देशवाल एवं सहायक प्रोफेसर काजल चौहान द्वारा किया गया।

## अर्थशास्त्र तथा चित्रकला में नौ छात्राएं अनुपस्थित

**मवाना,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। नगर स्थित ए एस इंटर कॉलेज में बुधवार को आयोजित बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में अर्थशास्त्र तथा दूसरी पाली में चित्रकला की परीक्षा में 180 छात्राओं में से 9 छात्राएं अनुपस्थिति रही।

छात्राओं ने बताया की अर्थशास्त्र तथा चित्रकला दोनों के प्रश्न पत्रों में कोई भी प्रश्न घुमावदार नहीं था दोनों ही विषय की परीक्षा में बहुत सरल प्रश्न पूछे गए थे परीक्षा के उपरांत छात्राएं एक दूसरे से प्रश्न पत्र पर चर्चा कर कर खुश थी केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक डॉक्टर मेघराज सिंह ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण सीसीटीवी की निगरानी में संचालित हो रही है जनपदीय, मंडलीय तथा प्रदेश स्तरीय कंट्रोल रूम से भी निगरानी की जा रही है।

किसी भी छात्र-छात्रा को केंद्र पर कोई परेशानी नहीं हो रही है समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण है। छात्र-छात्राओं को उनकी सुविधा के अनुसार प्रकाश इत्यादि की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण है।

## शिक्षा समेत दर्जनों विषयों पर एसोचैम के अध्यक्ष ने की चर्चा

**मेरठ,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। शोभित विवि के कुलाधिपति तथा एसोचैम राष्ट्रीय शिक्षा परिषद के अध्यक्ष कुंवर शेखर विजेंद्र ने दिल्ली में आयोजित ऑस्ट्रेलिया इंडिया बिजनेस काउंसिल के साथ साझेदारी में एसोचैम द्वारा आयोजित सेलेक्ट इंडस्ट्री राउंडटेबल में भारतीय प्रतिनिधि मंडल की अध्यक्षता की। गोलमेज वार्ता में दोनों देशों के बीच शिक्षा, ऊर्जा, फार्मा, कृषि-तकनीक, क्षमता निर्माण और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई तथा भविष्य के सहयोग के लिए आधार पर विचार विमर्श किया। एसोचौम राष्ट्रीय शिक्षा परिषद का प्रतिनिधित्व करते हुए कुंवर शेखर विजेंद्र ने भारत की शैक्षिक शक्तियों और ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध शैक्षिक ढांचे के बारे में विचार रखे तथा भारतीय विश्वविद्यालयों द्वारा किए जा रहे अनुसंधानों को औद्योगिक विकास के लिए इस्तेमाल किए जाने पर जोर दिया। ऑस्ट्रेलियाई प्रति निधिमंडल में दक्षिण एशिया ऑस्ट्रेड की प्रमुख कैथरीन गैलाघेर, ऑस्ट्रेलिया-भारत सीईओ फोरम की निदेशक जोडी मैके और डीकिन विवि से रवनीत पावहा शामिल थीं।

- दिल्ली में आयोजित किया गया था सेलेक्ट इंडस्ट्री राउंडटेबल
- कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा की गई भारतीय प्रतिनिधि मंडल की अध्यक्षता




**आयोजन** | *शोभित विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम अयोजित*

# आज के समय में लड़किया का हिस्सा लेना सराहनीय : कुंवर विजेंद्र

**मेरठ,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम अयोजित किया गया जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता एवं मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पोस्टर प्रेजेंटेशन से हुई और मॉडल प्रदर्शनी सुबह 11.30 बजे से हुई। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र रहे। इस अवसर पर कुलाधिपति ने सभी मॉडल एवं पोस्टर का निरीक्षण करते हुए छात्रों के साथ साइंस पर बातचीत की और उनसे जुड़े आयामों से अवगत कराया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा की आज के समय में जिस प्रकार लड़किया बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही है वह सराहनीय है। इसके अलावा उन्होंने विज्ञान एवं कृषि को एकसाथ नए आयामों से जोड़कर एक नई दिशा दी जाए इस पर बल दिया। उन्होंने प्रस्तुत किए गए मॉडल को शोध पत्र के माध्यम से प्रकाशित किए जाने के लिए छात्र-छात्राओं को मोटिवेट किया। कार्यक्रम का संचालन प्रखड प्रताप बीटेक एवं सौम्या बीटेक के छात्र ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्राजवलं से हुई। विभाग निदेशक प्रो. राकेश कुमार जैन ने आज के दिन की महत्ता एवं अतिथियों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जयानंद ने अपने भाषण में विज्ञान की बारीकियों और नई तकनीकों के बारे में बात करते हो उन्होंने कहा कि अगर छात्र अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं तो निश्चित रूप से यही छात्र बहुत बड़ा कार्य कर सकते हैं।



- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्रों ने प्रस्तुत किए विभिन्न मॉडल

कार्यक्रम में आये छात्रों को विज्ञान के बारे मे और रमन इफेक्ट पर विचार प्रस्तुत किये गए। कार्यकर्म की संयोजिका प्रो. डॉ. ज्योति शर्मा ने सभी को धन्यवाद प्रेषित किया। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में नेशनल साइंस डे की इस वर्ष की थीम विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियां के उपर विज्ञान के विभिन्न उपयोग्यता को दर्शाया गया। जिसमे मुख्य रूप से स्टूडेंट्स ने मॉडल और पोस्टर तैयार किए, जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र सोलर कार, गेमिंग मॉडल, हाई स्पीड एयर क्राफ्ट, स्मार्ट सिटी, ब्लैक होल, ऑटोमैटिक सोलर प्लेट मुख्य रहे। वहीं कृषि विज्ञान के छात्रो ने विभिन्न तकनीक को दर्शाया। पोस्टर प्रतियोगिता में मन्ना कुमारी बीटेक सीएस और श्रुति कुमारी बी.टेक सीएस ने प्रथम, क्षितिज राज और रचित कुमार गुप्ता बीटेक 1ज ईयर ने दितीय अतीकुर रहमान और जतिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मॉडल प्रदर्शनी में आर्यन कौशिक को अपने हाई स्पीड एयर क्राफ्ट के लिए प्रथम और शिवा बी.टेक बीएम को दूसरा स्थान मिला तीसरा पुरस्कार अतीकुर रहमान, जतिन , अभिनव और आकाश ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विवि के कुल सचिव डॉ. गणेश भरद्वाज, डीन इंजीनियरिंग प्रोफेसर विनोद कुमार त्यागी, प्रोफेसर विपिन कुमार त्यागी, नेहा वशिष्ठ, प्रोफेसर निधि त्यागी, प्रोफेसर संदीप तेवतिया, प्रोफेसर सहदेव सिंह, प्रोफेसर शैल ढाका, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अभिषेक डबास, अल्पना जोशी, विजय महेश्वरी, जयंत महतो, शमशाद हुसैन, इवेगेनिया जहरिकोवा, अजय त्रिपाठी, आकृति गोस्वामी, रमन कौशिक एवं सभी विभाग के निदेशक मौजूद रहे।

## अवैध निर्माण का किया ध्वस्तीकरण

**मवाना,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। मेरठ विकास प्राधिकरण (मेडा) की टीम ने बुधवार को मवाना व आसपास बनी अवैध कालोनियों पर बुलडोजर चलाया। आठ अवैध कालोनियों पर बने निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। कालेनियों में लगाये गये बिजली के 38 पोल भी गिरा दिए गए। इससे भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया। मवाना क्षेत्र में मेरठ विकास प्राधिकरण की टीम वे अवैध निर्माण गिराने की पहली बार कार्रवाई की है। मेरठ विकास प्राधिकरण 2031 महायोजना का विस्तार होने के बाद देहात क्षेत्र भी प्राधिकरण के क्षेत्र में आ गया है। इस क्षेत्र के अंर्तगत मवाना, बहसूमा, हस्तिनापुर, किला परीक्षतगढ़, फलावदा व रामराज कस्बे में चारों ओर अवैध कालोनियां बनायी जा रही है।




देशबन्धु नई दिल्ली, गुरुवार, 29 फरवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### 100 धुनों से गुजरने के बाद 'रुसलान' के लिए आयुष शर्मा को मिला सिग्नेचर साउंड

**मुंबई।** सलमान खान के बहनोई एक्टर आयुष शर्मा जल्द ही अपकमिंग फिल्म 'रुसलान' में दिखाई देंगे। इन दिनों वह इसकी तैयारियों में व्यस्त हैं। उन्होंने फिल्म के निर्देशक करण भूटानी और निर्माता केके. राधामोहन के साथ मिलकर सौ से अधिक धुनों पर काम किया, इसके बाद फिल्म के लिए एक धुन फाइनल की। फिल्म के सिग्नेचर साउंड के लिए धुन की एक यूनिक क्वालिटी जरूरी थी। फिल्म के लिए सौ धुनों के बीच से एक धुन को चुना गया, जिसने इसमें इमोशनल टच दिया, और 'रुसलान' के सार से जुड़ गई। टीम में इसको लेकर उत्साह रहा। यह धुन फिल्म के टीजर की धड़कन बनकर उभरी। इसके बारे में बात करते हुए एक्टर आयुष ने कहा कि मैं 'शोले' और 'हीरो' जैसी फिल्मों की सिग्नेचर साउंड से मंत्रमुग्ध था, जो आज भी याद रखी जाती है।

## दीपिका पादुकोण की तीन चीजें चुराना चाहती है अनन्या पांडे



**मुंबई,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे, दीपिका पादुकोण की तीन चीजें चुराना चाहती हैं।

अनन्या पांडे ने दीपिका पादुकोण के साथ फिल्म 'गहराईयां' में काम किया है। इस फिल्म में दोनों की एक्टिंग लोगों का काफी पसंद आई थी। अनन्या पांडे से पूछा गया कि आप दीपिका पादुकोण की क्या चीजें चुराना चाहेंगी तो उन्होंने तीन चीजों के नाम बताए।

अनन्या पांडे ने बताया कि दीपिका के यहां बहुत अच्छी क्रॉकरी है, और उनके घर का साउथ इंडियन खाना बहुत अच्छा होता है। मैं दीपिका कीबॉडी, दूसरा उनका खाना और तीसरा उनका घर चुराना चाहती हूं।

# शोधकर्ताओं ने विकसित की कैंसर उपचार की दवा

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। कैंसर के उपचार के लिए बनाई गई 100 रुपए की नई गोली की उपयोगिता और कुशलता को मानव परीक्षण के बाद ही समझा जा सकेगा। एनडीटीवी की रिपोर्ट के

**■ 100 रुपए की नई कैंसर-रोधी गोली की उपयोगिता का पता लगाना संभव**

मुताबिक, मुंबई स्थित टाटा मेमोरियल सेंटर में शोधकर्ताओं ने दावा किया कि उन्होंने कैंसर के उपचार के लिए एक दवा विकसित की है, जिसकी कीमत मात्र 100 रुपए है।

चूहों पर अध्ययन करने से इस गोली को विकसित किया गया है, जिसका नाम आरप्लस सी यू है, जिसमें रेस्वेराट्रोल और तांबे का प्रो-ऑक्सीडेंट संयोजन है, जो कैंसर की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए पेट में ऑक्सीजन रेडिकल्स उत्पन्न करता है। मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. श्याम अग्रवाल ने बताया कि चूहों पर किया गया अध्ययन स्थापित उपचारों का विकल्प नहीं है। इससे कैंसर रोगी लगातार स्वस्थ्य हो रहे हैं।


एक्स पर एक पोस्ट में राष्ट्रीय आईएमए कोविड टास्क फोर्स के सह-अध्यक्ष डॉ. राजीव जयदेवन ने इसे 'एक अतिरंजित दावा' कहा। शोध को दिलचस्प, प्रशंसनीय बताते हुए उन्होंने कहा कि इसे 'कैंसर के इलाज' के रूप में नहीं देखा जा सकता।

डॉ. श्याम अग्रवाल ने बताया कि शोध से पता चलता है कि सामान्य ऊतकों पर कोशिका-मुक्त क्रोमैटिन (कीमोथेरेपी के बाद कैंसर कोशिकाओं से निकलने वाले गुणसूत्रों के टुकड़े) का प्रभाव पड़ता है, जिससे सूजन होता है और इसके दुष्प्रभाव से म्यूकोसाइटिस जैसी बीमारी हो सकती है। उन्होंने कहा कि तांबे और रेस्वेराट्रोल (एक व्यवसायिक रूप से उपलब्ध न्यूट्रास्युटिकल) के संयोजन का उपयोग कोशिका-मुक्त क्रोमैटिन को खराब करने के लिए दिखाया गया है, जिससे कुछ मानव अध्ययनों में विषाक्तता में कमी आई है। अन्य मानव अध्ययन चल रहे हैं।

अध्ययन में दावा किया गया है कि यह गोली कीमोथेरेपी से होने वाले दुष्प्रभावों को आधा कर सकती है। साथ ही कैंसर होने की संभावना को 30 प्रतिशत तक कम कर सकती है। डॉ. राजीव जयदेवन ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा कि शोधकर्ताओं ने तांबे और रेसवेराट्रॉल (मूंगफली, कोको, अंगूर में पाया जाने वाला) के प्रो-ऑक्सीडेंट संयोजन का इस्तेमाल किया, जो ऑक्सीजन रेडिकल्स उत्पन्न करके डीएनए को नुकसान पहुंचाने के लिए जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि क्या यह कैंसर (चूहों से परे) वाले लोगों के लिए वास्तविक दुनिया के परिणामों में तब्दील होगा। इसके प्रो-ऑक्सीडेंट, डीएनए-हानिकारक प्रभाव से क्या विषाक्तता हो सकती है। यह अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है।

हालांकि, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट गुरुग्राम के प्रधान निदेशक और प्रमुख बीएमटी डॉ. राहुल भार्गव ने इसे



'चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता' कहा। भारतीय शोधकर्ता इतिहास रच रहे हैं। अगर दवा काम करती है तो यह कैंसर रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद होगी। उन्होंने बताया कि टैबलेट आशाजनक है और असरदार होने की क्षमता रखता है, लेकिन मानव परीक्षण अभी पूरा नहीं हुआ है। इसमें लगभग पांच साल लग सकते हैं। टैबलेट को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से मंजूरी का इंतजार है और जून-जुलाई तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है।

## फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा में रोबोटिक सर्जरी के मध्यम से हुआ जीभ के कैंसर का इलाज

**नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के ऑन्कोलॉजिस्ट ने एक बार फिर अपनी चिकित्सकीय हुनर का प्रदर्शन करते हुए एक मरीज की रोबोटिक सर्जरी कर उसकी जान बचाई है। मेरठ, उत्तर प्रदेश के रहने वाले समरपाल सिंह, 67 वर्ष के हैं। वे जीभ के निचले हिस्से में बार-बार होने वाले कैंसर से पीड़ित थे। रोबोटिक सर्जरी से जहां उनकी जीभ के कैंसर की सर्जरी की गई। वहीं उनकी जीभ को भी बचा लिया गया। जबकि पारंपरिक सर्जरी में आमतौर पर वो हिस्सा निकाल दिया जाता। मरीज अब आसानी से बातचीत भी कर पा रहे हैं।

**■ रोबोटिक सर्जरी की वजह से मरीज की बची जीभ, मरीज अब बातचीत करने में सक्षम**

मेरठ के समरपाल सिंह को नवम्बर 2022 में पता चला कि उनकी जीभ के निचले हिस्से में कैंसर है। मेरठ में उन्होंने छह हफ्ते तक कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी करवाई।

शुरुआत में लगा कि इलाज का असर हो रहा है, लेकिन सितंबर 2023 में कैंसर की पुनरावृत्ति हुई और यह पहले से भी ज्यादा बड़ा हो गया था। अब मेरठ के डॉक्टरों के लिए पारंपरिक तौर तरीकों से इलाज करना मुश्किल हो गया था। इसके बाद जनवरी 2024 में समरपाल सिंह ने नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में डॉक्टरों से सलाह ली।

नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में डॉ. अरुज ध्यानी की देखरेख में मरीज को पहले इम्यूनोथेरेपी का एक चक्र दिया गया। यह आजकल कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली एक नई तकनीक है। लेकिन मरीज की हालत में सुधार नहीं हुआ और फिर इलाज का तरीका बदलना पड़ा। फोर्टिस अस्पताल, नोएडा में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. शुभम गर्ग ने रोगी की जटिल स्थिति को देखते हुए आशा की किरण के रूप में रोबोटिक सर्जरी की वकालत की।

उन्होंने बताया कि रोबोटिक सर्जरी में, डॉक्टर एक खास रोबोट का इस्तेमाल करते हैं। ये रोबोट बहुत ही सटीक और तेज होता है। इसके चार रोबोटिक आर्म्स होते हैं, जिसके कारण डॉक्टर शरीर के अंदरूनी हिस्सों में भी आसानी से काम कर सकते हैं। पारंपरिक तरीकों के विपरीत रोबोटिक सर्जरी में गलती होने की संभावना लगभग नगण्य होती है। इसके अलावा, रोबोटिक सर्जरी में मरीज को कम दर्द होता है और जल्दी ठीक भी हो जाता है। इस मामले में भी रोबोटिक आर्म्स ने बड़ी ही कुशलता से ट्यूमर को बाहर निकाल दिया। हालांकि, ट्यूमर एक मुश्किल जगह पर फंसा हुआ था, लेकिन रोबोट ने उसे बड़ी ही सावधानी से बाहर निकाल दिया। यह काम पहले बहुत मुश्किल था, लेकिन अब रोबोट की मदद से यह आसान हो गया है। रोबोट बहुत सटीकता से काम करता है। मरीज जल्दी ठीक हो गया और अब वह पहले की तरह खा-पी सकता है और बोल सकता है। यह रोबोटिक सर्जरी के बेहद प्रभावी होने का प्रमाण है। डॉक्टर गर्ग का कहना है कि रोबोट सर्जरी के सफल होने के लिए मरीज की अच्छी तरह जांच करके ही ये पता चल सकता है कि ये सर्जरी उनके लिए सही है या नहीं। इससे इलाज का अच्छा नतीजा आने की संभावना बढ़ जाती है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि कैंसर का इलाज करते समय हर मरीज का इलाज उनके रोग की गंभीरता और जटिलता के आधार पर होना चाहिए।

## रंगले पंजाब मेले में तैयार हुआ दुनिया का सबसे बड़ा परांठा

**अमृतसर,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की ओर से यहां आयोजित पहले रंगला पंजाब मेले में बुधवार को दुनिया की सबसे बड़ा परांठा तैयार किया गया, जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। विभाग के अधिकारी बी.एस. चना ने बताया कि 37.5 किलो का यह परांठा ताज होटल के रसोइये ने तैयार किया था और रंगला पंजाब देखने आए दर्शकों के बीच बांटा और खाया गया। इसके पोषण और स्वाद का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। इस मौके पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के लिए गठित समिति चेयरमैन-कम-डिप्टी कमिश्नर अमृतसर घनशाम थोरी, निदेशक पर्यटन विभाग नीरू कत्याल गुप्ता और विभाग के सुपरवाइजिंग इंजीनियर भूपिंदर सिंह चाना ने गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस रिकॉर्ड को बनाने की कोशिश से पहले ताज के कर्मचारियों द्वारा कई दिनों तक लगातार इसका अभ्यास किया गया। उन्होंने कहा कि इस रिकॉर्ड को हासिल करने के लिए सात कुंतल से अधिक आटे का इस्तेमाल किया गया।



उन्होंने बताया कि खास बात यह भी है कि इस परांठे को बनाने के लिए 510 फीट की तीन-तीन कुंतल की दो तवे विशेष तौर पर दिल्ली से तैयार कराए गए थे, जबकि पकाने के लिए 20 बर्नर वाले गैस चूल्हे का इस्तेमाल किया गया था जबकि परांठा ताज के आठ रसोइयों ने तैयार किया था। यहीं नहीं इस परांठे को तैयार करने के लिए यहां विशेष तौर पर 22-22 किलो की दो बेलने भी विशेष तौर पर तैयार करवाए गए थे।

## नए अंदाज में आ रहे दलेर मेहंदी के 'ना ना ना ना रे' में राजकुमार राव, तृप्ति डिमरी नजर आएंगी



**मुंबई,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाबी गायक दलेर मेहंदी के फेमस गीत 'ना ना ना ना रे' को रीबूट किया जा रहा है। इसमें उनके साथ बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी नजर आएंगी, जो 'एनिमल' की सफलता के साथ बुलंदियां छू रही हैं।

यह गाना उत्तर भारत में शूट होने वाली एक आगामी फिल्म का हिस्सा होगा। गाने का म्यूजिक वीडियो ऋषिकेश की नैसर्गिक छटाओं के बीच सेट किया जाएगा।

यह गाना, जो मूल रूप से दलेर मेहंदी और समीर अंजान ने लिखा था, सचिन जिगर द्वारा फिर से बनाया गया है।

गाने के बारे में दलेर मेहंदी ने एक बयान में कहा कि ना ना ना ना रे को इतने उत्साह के साथ दोबारा इस्तेमाल होते देखना वाकई संतुष्टिदायक है। यह गाना मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है, और मैं राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की प्रतिभाओं के माध्यम से एक बार फिर इसके सतत आकर्षण को देखने के लिए उत्साहित और उत्सुक हूं।

'ना ना ना ना रे' मूल रूप से अमिताभ बच्चन की कमबैक फिल्म 'मृत्युदाता' के लिए रिलीज़ हुई थी। यह गाना पीढ़ियों से काफी पसंद की गई है। इसकी जबरदस्त लय और ऊर्जा के लिए इसे पसंद किया जाता है, जो इसे संगीत समारोहों में महत्वपूर्ण बनाता है।

**खाने के मामले में भी अमेठी का गांधी चौक नंबर वन**

## टमाटर चावल टिकिया चावल, टेस्ट लेने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़

**अमेठी,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। घूमने के साथ-साथ खाने के मामले में भी अमेठी का गांधी चौक नंबर वन है लखनऊ से तकरीबन 133.7 किलोमीटर वाया जगदीशपुर जब आप अमेठी पहुंचते हैं तो गांधी चौक पर कुछ जायके आपका बेसब्री से इंतजार करते हैं। ऐसे में अमेठी का सबसे फेमस फूड है टमाटर चावल टिकिया चावल और गोभी चावल सुबह से ही टमाटर चावल का टेस्ट लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगती है उबले हुए टमाटर को बेसन के घोल और कुछ मसालों के साथ एक राउंड पहले ही फ्राई कर लिया जाता है अखरी दौर की जब सर्व करने की बारी आती है तब दूसरा राउंड के फ्राई का प्रयोग करके टमाटर चावल तैयार किया जाता है।

**15 रुपए का हाफ प्लेट टमाटर चावल**

15 रुपए का हाफ प्लेट टमाटर चावल मिलने के साथ 20 रुपए में फुल प्लेट टमाटर चावल लोगों तक पहुंचता है अमेठी शहर के गांधी चौक पर यह फेमस दुकान मौजूद है जो सुबह 5 बजे ही खुल जाती है और तकरीबन 10 बजे तक सिमट भी जाती है गिन के पांच घंटे में काम काज खतम।

## भारत टेक्स -24 में केकेसीएल के किलर ने अपनी विकास रणनीति पेश की

नई दिल्ली। भारतीय टेक्सटाइल उद्योग वैश्विक प्रतिस्पर्धा से मुकाबला करने के लिए तैयार हो रहा है, भारत टेक्स 2024, नई दिल्ली में आयोजित एक प्रतिष्ठित वैश्विक टैक्सटाइल कार्यक्रम में केवल किरण क्लोदिंग लिमिटेड समूह के एवं अग्रणी फैशन ब्रांड में से एक किलर ब्रांड ने विकास योजना के अपने नए अध्याय का खुलासा किया है। ब्रांड ने 'डबल इंजन के साथ परफॉर्मेंस में तेजी' की अपनी विकास रणनीति पेश की, जिसमें भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाज़ारों में लंबे समय के विकास के लिए अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं पर जोर दिया। हेमंत जैन, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, केकेसीएल, के नेतृत्व में किलर ब्रांड की प्रबंधन टीम द्वारा प्रमुख प्राथमिकताओं को विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया जिसमें भारत में किलर ब्रांड के 35 साल के नेतृत्व को मज़बूती देना, क्रिएटिव प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो को नया आकार देना, और किलर का भारत की ओर से एक ग्लोबल फैशन ब्रांड के तौर पर उभरना शामिल है। हेमंत जैन, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, केकेसीएल ने इस कार्यक्रम के बारे में प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अपने प्रमुख ब्रांड, किलर के लिए जब हमने अगली बड़ी योजना की शुरूआत के साथ भारत और पूरे विश्व के दर्शकों के सामने अपनी नई विकास रणनीति का खुलासा करते हुए हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं।



## रूपाली गांगुली ने किशोर कुमार, आशा भोसले के सदाबहार गाने पर किया लिप-सिंक

**मुंबई,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। 'अनुपमा' फेम एक्ट्रेस रूपाली गांगुली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह आशा भोंसले और किशोर कुमार के मशहूर गाने 'कह दूं तुम्हें' गाती नजर आ रही है।

एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 29 लाख फॉलोअर्स हैं। वीडियो में उन्हें अपनी बालकनी में सफेद और नीले रंग की ड्रेस पहने हुए 'कह दूं तुम्हें' पर लिप-सिंक करते हुए देखा जा सकता है।

रूपाली गांगुली ने इसमें कम से कम मेकअप किया हुआ है। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है। एक्ट्रेस हाथों में फूल लिए सदाबहार गीत का आनंद ले रही है K'कहदूं तुम्हें' यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित 1975 के एक्शन क्राइम ड्रामा 'दीवार' का गाना है। फिल्म में शशि कपूर, अमिताभ बच्चन, नीतू सिंह, निरूपा रॉय, परवीन बाबी अहम भूमिका में हैं।



'साराभाई बनाम साराभाई' फेम एक्ट्रेस ने पोस्ट को कैप्शन दिया, इशारों की बातें तो समझ जाती हूं, लफ्जों से बयां हुई बातों का मजा कुछ और ही होता है, तो अब कह ही दो ना' रूपाली वर्तमान में शो 'अनुपमा' में मुख्य भूमिका में नजर आ रही हैं। यह शो बंगाली सीरीज 'श्रीमोयी' पर आधारित है। इसमें सुधांशु पांडे, मदालसा शर्मा और गौरव खन्ना भी हैं।

## सिर की चोट से मृत्यु में कमी लाने के लिए जागरुकता की जरुरत

**जयपुर,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में सिर की चोट से मृत्यु के मामलें लगातार बढ़ते जा रहे हैं और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन एवं इसके प्रति जागरुकता लाकर इसमें कमी लाई जा सकती हैं।

द वर्ल्ड फैडरेशन ऑफ न्यूरोसर्जरी (डब्ल्यूएफएनएस) के उपाध्यक्ष (पहले भारतीय) डॉ. वी डी सिन्हा ने बुधवार को यहां भारत में पहली बार आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय न्यूरोट्रॉमा (इकरान 2024) सम्मेलन के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि हैड इंज्यूरी की भारत में बड़ी समस्या हैं और वर्ष 2017 में एक लाख 47 हजार लोगों की सिर में चोट लगने से मौत हुई। इसके बाद वर्ष 2020 में एक लाख 54 तथा वर्ष 2022 में एक लाख 68 हजार लोगों की हैड इंज्यूरी से मृत्यु हुई। उन्होंने कहा कि इसमें लगातार वृद्धि होती जा रही है।

उन्होंने बताया कि जयपुर में एक से तीन मार्च तक होने वाले भारत के पहले अंतरराष्ट्रीय न्यूरोट्रॉमा सम्मेलन में पश्चिमी देशों के 52 लोग भाग लेंगे और इस दौरान उनसे हैड इंज्यूरी मृत्यु दर को कैसे कम किया जाए, इस बारे में जानकारी एवं ज्ञान से हमारे देश को फायदा पहुंचेगा।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों को नहीं मानने के चलते 70 प्रतिशत मृत्यु हैड इंज्यूरी के कारण होती हैं और वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करके 70 प्रतिशत मृत्यु दर कम की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना, वाहन को तेज गति से नहीं चलाना और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने से मृत्यु दर में कम होगी।

डॉ. सिन्हा ने बताया कि जब जयपुर में हेलमेट अनिवार्य हुआ था उस समय हैड इंज्यूरी से मरने वालों की दर 42 प्रतिशत थी और

**■ वर्ष 2020 में एक लाख 54 तथा वर्ष 2022 में एक लाख 68 हजार लोगों की हैड इंज्यूरी से मृत्यु हुई**

उसके अगले ही वर्ष एक साल में ही हेलमेट पहनने के कारण इसमें कमी आई और यह दर घटकर 21 प्रतिशत हो गई। उन्होंने कहा कि हेलमेट हैड इंज्यूरी को कम एवं गंभीरता को कम करता है। उन्होंने बताया कि इस सेमिनार में यह संदेश भी होगा। उन्होंने बताया कि इस सेमिनार में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को नि:शुल्क हेलमेट दिया जाएगा।

डॉ. सिन्हा ने बताया कि सम्मेलन से पहले 29 फरवरी को एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसके तहत एसएमएस अस्पताल में 50 विद्यार्थी (न्यूरोसर्जरी रेजींडेंट) भाग लेंगे और उन्हें इस दौरान प्रदर्शित माइक्रो सर्जरी को देखकर ब्रेन की जटिलता को समझेंगे। उन्होंने बताया कि सेमिनार के पहले दिन एक मार्च को होटल आमेर क्लार्क में एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें सड़क सुरक्षा एवं अंगदान को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए वॉकथान का आयोजन होगा जो सुबह आठ से साढ़े दस बजे तक होगा।

# दो साल में ही प्रदेश में 300 से ज्यादा फिल्में व वेब सीरीज की गई शूट

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। यह पूरी तरह से सच है कि धरती का स्वर्ग कश्मीर अब फिल्म शूटिंगों का स्वर्ग भी बन चुका है। कश्मीर आतंकवाद की शुरूआत से पहले 1980 के दशक तक बालीवुड फिल्म उद्योग के लिए पसंदीदा स्थान हुआ करता था। और 30 साल के लंबे समय के बाद, भारतीय फिल्म उद्योग कश्मीर में वापस आ चुका है। नतीजतन जम्मू कश्मीर सरकार को कश्मीर में शूटिंग की अनुमति देने के लिए देश भर के फिल्म निर्माताओं से 1000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 500 से अधिक अनुमतियां दी जा चुकी हैं तथा कई फिल्मों की शूटिंगें धड़ल्ले से हो रही हैं।

एक समय था जब जम्मू और कश्मीर शूटिंग के लिए हर फिल्म मेकर्स की पहली पसंद हुआ करता था। हिंदी सिनेमा की यहां पर अनगिनत फिल्मों को शूट किया गया है। समय के साथ यहां बदलते माहौल ने सब कुछ खराब कर दिया। लेकिन एक बार फिर कश्मीर बॉलीवुड की पहली पसंद बनता जा रहा है।

पिछले दो वर्षों में जम्मू-कश्मीर में 300 से अधिक फिल्मों और वेब सीरीज की शूटिंग की गई है। इन फिल्मों और वेब सीरीज में कश्मीर के खूबसूरत स्थानों को दर्शाया गया है। वहीं, पिछले साल जम्मू-कश्मीर में 102 फिल्मों और वेब श्रृंखलाओं की शूटिंग की गई।



पर्यटन अधिकारियों के बकौल, देश में फिल्म उद्योग का जम्मू कश्मीर के साथ बहुत अच्छा रोमांस रहा है, अतीत में ज्यादातर फिल्मों की शूटिंग वहीं हुई थी। थोड़े समय के लिए ही लोग ऐसे स्थानों की तलाश में बाहर जाने लगे जो उतने सुंदर थे जो उन्हें देश में नहीं मिले, उन्हें शूटिंग के लिए विदेश जाना पड़ा। जम्मू और कश्मीर फिल्म शूटिंग के लिए बेहतरीन स्थान प्रदान करता है और हाल ही में एलजी प्रशासन ने एक पहल की और एक नई फिल्म नीति लेकर आया जहां कई प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं और सिंगल विंडो सिस्टम प्रदान किया जा रहा है।

**■ धरती का स्वर्ग कश्मीर अब फिल्म शूटिंगों का स्वर्ग भी बन गया**

आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में कुल 102 बॉलीवुड और टॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज को जम्मू-कश्मीर में शूटिंग की इजाजत दी गई। शाहरुख खान स्टारर डंकी, यामी गौतम की आर्टिकल 370, जॉन अब्राहम की वेदा कुछ प्रमुख बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग पिछले साल कश्मीर में हुई है।

इससे पहले 2022 में करीब 200 फिल्मों और वेब सीरीज को सरकार ने कश्मीर में शूटिंग की इजाजत दी गई। अधिकारियों ने कहा कि घाटी फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करने में सफल रही है। कई फिल्म निर्माताओं ने कश्मीर में शूटिंग की अनुमति के लिए आवेदन किया है। सिर्फ बालीवुड से ही नहीं बल्कि साउथ और दूसरे प्लेटफार्म्स से भी। इसमें जबरदस्त संभावनाएं हैं और इससे जम्मू कश्मीर में पर्यटन को फायदा होने वाला है। यह एक ऐसा ब्रांड है जो पूरी दुनिया में जाना जाता है।

सरकार इन फिल्म निर्माताओं को कश्मीर के विभिन्न स्थानों पर शूटिंग के लिए प्रोत्साहन भी प्रदान कर रही है। कश्मीर के स्थानीय फिल्म निर्माता खुश हैं कि कश्मीर प्रगति कर रहा है, और स्थानीय कलाकारों को भी इन परियोजनाओं पर काम करने का मौका मिलेगा।

वर्ष 2021 में, सरकार ने फिल्म निर्माताओं को जम्मू और कश्मीर में आकर्षित करने के लिए अपनी पहली फिल्म नीति शुरू की। सरकार ने जम्मू-कश्मीर फिल्म नीति 2021 में परिकल्पित सब्सिडी के वितरण के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए सूचना विभाग में एक फिल्म विकास कोष (एफडीएफ) भी बनाया।

परेशानी मुक्त शूटिंग की सुविधा के लिए जम्मू-कश्मीर फिल्म विकास परिषद द्वारा एकल-खिड़की तंत्र शुरू किया गया है। फिल्म निर्माता सरकारी वेबसाइट परा ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं। फिल्म नीति के अनावरण के बाद से, कई निर्देशक जम्मू-कश्मीर में अपनी फिल्मों की शूटिंग के लिए आवेदन कर रहे हैं। प्रशासन ने फिल्म निर्माताओं को केंद्र शासित प्रदेश में शूटिंग के लिए सब्सिडी की पेशकश की है।

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| विप्रो | 4.79 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 3.96 प्रतिशत |
| एलटी | 2.68 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.02 प्रतिशत |
| मारुति | 1.93 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.36 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.90 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.70 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.59 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.31 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# तीसरी तिमाही में देश की विकास दर 6.7-6.9 प्रतिशत रहने का अनुमानः एसबीआई

**चेन्नई,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक शीर्ष अर्थशास्त्री ने कहा कि देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के दौरान 6.7 प्रतिशत से 6.9 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। सरकारी आंकड़े 29 फरवरी को जारी किये जाएंगे। समूह की मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, 'वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में मामूली गिरावट को ध्यान में रखते हुए, हमारा अनुमान है कि सकल मूल्य वर्धित के साथ सकल घरेलू उत्पाद 6.7-6.9 प्रतिशत के बीच बढ़ना चाहिए जबकि सकल मूल्य वर्द्धन जीवीए के 6.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।' मासिक डेटा के आधार पर एसबीआई कंपोजिट लीडिंग इंडिकेटर (सीएलआई) इंडेक्स तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधि में थोड़ी नरमी दर्शाता है।




यह 41 प्रमुख संकेतकों के एक बास्केट पर आधारित है जिसमें लगभग सभी क्षेत्रों के पैरामीटर शामिल हैं। घोष के अनुसार, अनुमान 30 उच्च-आवृत्ति संकेतकों के साथ इन-हाउस विकसित एसबीआई-एएनएन (आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क) मॉडल से पुष्ट होते हैं।

एएनएन मॉडल के विकास के लिए वित्त वर्ष 2010-11 की चौथी तिमाही से 2019-20 की चौथी तिमाही तक के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। वैश्विक स्तर पर निराशा के बीच देश में उपभोक्ता विश्वास और मजबूत हुआ है, जो मुख्य रूप से सामान्य आर्थिक स्थिति और रोजगार स्थितियों के बारे में आशावाद से प्रेरित है। घोष ने कहा, विभिन्न उद्यम सर्वेक्षण भी मजबूत व्यावसायिक आशावाद की ओर इशारा करते हैं। कॉर्पोरेट भारत ने शहरी-ग्रामीण परिदृश्य में उपभोग पैटर्न में लगातार हो रही तेजी से उत्साहित होकर अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2023-24 के लिए प्रमुख खरीफ फसलों का अनुमानित उत्पादन 14.85 करोड़ टन (एमएमटी) है, जो वित्त वर्ष 2022-23 से लगभग 4.6 प्रतिशत कम है। घोष ने कहा, 'रबी फसलों की बुआई का मौसम जो 23 फरवरी को समाप्त हुआ, पिछले वर्ष की तुलना में कुल रकबे में मामूली वृद्धि का संकेत देता है। हालांकि, अनाज के तहत बोए गए क्षेत्र को लेकर चिंताएं पैदा हुईं, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।' उन्होंने कहा कि हालाँकि यदि रबी उत्पादन से ख़रीफ़ की कमी की भरपाई नहीं होती है, तो कृषि में कुछ नरमी देखी जा सकती है, लेकिन कृषि में मूल्यवर्धित मूल्य में गिरावट आएगी। इनलैंड मछली उत्पादन में 2014-15 से 2022-23 तक तेजी से वृद्धि देखी गई और यह 131.13 लाख टन तक पहुंच गया। मत्स्य पालन क्षेत्र की हिस्सेदारी कुल राष्ट्रीय जीवीए का लगभग 1.07 प्रतिशत और कृषि जीवीए का 6.86 प्रतिशत है। घोष ने कहा कि इसलिए इससे वित्त वर्ष 2024 में कृषि और संबद्ध क्षेत्र की वृद्धि को समर्थन मिल सकता है।

# वोडाफोन आइडिया के शेयरों में 11 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। वोडाफोन आइडिया के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। फंड जुटाने की योजना की घोषणा के एक दिन बाद बुधवार को वोडाफोन आइडिया के शेयरों में 11 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। बीएसई पर वोडाफोन आइडिया के शेयर 11.91 फीसदी की गिरावट के साथ 13.98 रुपये पर आ गए। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने एक रिपोर्ट में कहा कि वोडाफोन आइडिया का बहुप्रतीक्षित पूंजी जुटाना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह तत्काल नगदी सुनिश्चित करने और नेटवर्क के विस्तार को सुविधाजनक बनाने के लिए जरूरी है। कंपनी पर 2.1 ट्रिलियन रुपये का कर्ज है। कंपनी के लिए वित्त वर्ष 2025-26 मुश्किल भरा होगा क्योंकि सालाना 430 अरब रुपए की किस्त देनी होगी। यह वित्त वर्ष 2023-24 के 84 बिलियन रुपए के एबिटडा (कमाई) के मुकाबले चुनौतीपूर्ण दिखता है। रिपोर्ट के अनुसार, कर्ज चुकाने के लिए जरूरी नकदी की महत्वपूर्ण मात्रा एआरपीयू में किसी भी वृद्धि से संभावित परिचालन वित्तीय लाभ के साथ भी इक्विटी धारकों के लिए सीमित अवसर छोड़ती है। मौजूदा कम एबिटडा को देखते हुए बाहरी फंडिंग के बिना कर्ज चुकाना चुनौतीपूर्ण होगा।

फंड जुटाने के संबंध में पिछली 4-6 तिमाहियों में प्रबंधन के बयानों के अनुरूप, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) बोर्ड ने प्रमोटरों की भागीदारी के साथ 200 अरब रुपए तक के इक्विटी फंड जुटाने को मंजूरी दे दी है। इक्विटी और कर्ज दोनों को मिलाकर कुल फंड 450 अरब रुपए जुटाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, उम्मीद है कि अगली तिमाही में इक्विटी फंड जुटाया जाएगा। हालांकि, वित्त वर्ष 2026 में स्थगन समाप्त होने के बाद, कंपनी का वार्षिक दायित्व 430 बिलियन रुपए बनाम एबिटडा 84 बिलियन रुपए होगा, जो एक महत्वपूर्ण जोखिम पेश करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फंड जुटाने के पूरा होने पर, कंपनी के पास अपने 4जी नेटवर्क के विस्तार और 5जी तकनीक की तैनाती में निवेश करने की क्षमता होगी। शेयरधारकों की बैठक 2 अप्रैल को होगी और शेयरधारकों की मंजूरी के बाद, कंपनी को आने वाली तिमाही में इक्विटी फंड जुटाने को अंतिम रूप देने की उम्मीद है। ब्रोकरेज ने कहा कि इन निवेशों की अनुपस्थिति ने वीआईएल के लिए जोखिम पैदा कर दिया, जिससे इसके प्रीमियम ग्राहकों का एयरटेल और रिलायंस जियो नेटवर्क में स्थानांतरण हो गया और वीआईएल की नेटवर्क क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

# एयरटेल ने लॉन्च किया रिसाइकिल्ड पीवीसी सिमकार्ड

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने आज वर्जिन प्लास्टिक से बने सिम कार्ड्स की जगह रिसाइकल्ड प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इसके लिए आईडीईएमआईए सिक्योर ट्रांजैक्शंस के साथ उसने साझेदारी की है। एयरटेल हमेशा से ही पर्यावरण के अनुकूल और ज़िम्मेदार सर्कुलर बिजनेस प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसी कड़ी में एयरटेल ने आईडीईएमआईए सिक्योर ट्रांजैक्शंस के साथ साझेदारी की है जो आईडीईएमआईए ग्ररुप का हिस्सा है। यह ग्रुप वित्तीय संस्थानों, मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटरों और ऑटोमोटिव निर्माताओं के लिए भुगतान और कनेक्टिविटी सॉल्यूशंस प्रदान करता है।

एयरटेल भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री में पहली टेलीकॉम कंपनी बन गई है, जिसने रिसाइकिल प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च किए हैं। अब सिम कार्ड बनाने में वर्जिन प्लास्टिक की जगह रिसाइकिल किए गए प्लास्टिक का इस्तेमाल होगा। इस बदलाव से एक वर्ष में 165 टन से ज्यादा प्लास्टिक का इस्तेमाल कम होगा। साथ ही, 690 टन से ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन भी कम होगा।

# कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी एक्सपो 7 मार्च से राजधानी में

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी उद्योग को समर्पित तीन दिवसीय कोरूपैक प्रिंट इंडिया एक्सपो 2024 का आयोजन 7 मार्च से राजधानी में किया जा रहा है। यह एक्सपो कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी एसोसिएशन द्वारा संचालित एकमात्र प्रदर्शनी है जिसका आयोजन इंडियन पेपर कोरुगेटेड एंड पैकेजिंग मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन और फ्यूचरेक्स ग्रुप ने संयुक्त रूप से किया है। इसमें कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी क्षेत्र के अग्रणी निर्माता अत्याधुनिक मशीनों के लाइव प्रदर्शन के साथ अपने नवीनतम उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य पैकेजिंग और कोरुगेटेड उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पादों का व्यापक प्रदर्शन प्रस्तुत करते हुए कोरुगेटेड उद्योग के सभी आयामों को एक साथ लाना है। इसमें 300 से अधिक प्रदर्शक और 800 से ज़्यादा ब्रांड भाग ले रहे हैं। इसमें नवीनतम तकनीकों से लेकर क्रांतिकारी समाधानों तक, 1,000 से अधिक उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया जाएगा, जो इस क्षेत्र में नवीनतम विकास का व्यापक अवलोकन प्रदान करेगा। 10,000 से अधिक व्यापारियों के इसमें आने की उम्मीद के साथ ही यह आयोजन नेटवर्किंग, सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान का मंच बनेगा।

इंडियन पेपर कोरुगेटेड एंड पैकेजिंग मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईसीपीएमए) के अध्यक्ष और नेचुरल इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक हितेश नागपाल, आईसीपीएमए के सचिव और सुरजीत इंजीनियरिंग के निदेशक जतिंदर सिंह, फ्यूचरेक्स ग्ररुप के प्रबंध निदेशक स्वामी प्रेम अन्वेषी और फ्यूचरेक्स ग्ररुप के निदेशक नमित गुप्ता ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में ये घोषणा की। श्री नागपाल ने कोरुगेटेड खंड के लिए एक स्पेशल इवेंट के रूप में कॉरु पैक प्रिंट इंडिया की अद्वितीय महत्ता को उजागर किया। उन्होंने इस प्रदर्शनी को कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी निर्माताओं को एक साथ लाने वाला बताते हुये कहा कि उनका संगठन भारत के पहले पेपर कोरुगेटेड और पैकेजिंग मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के रूप में, 2014 में अपनी स्थापना के बाद से एक प्रेरक शक्ति रही है।

**सार संक्षेप**

## माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू का अधिग्रहण कर सकता है डेलीहंट

**नई दिल्ली।** मीडिया फर्म डेलीहंट घरेलू माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू का अधिग्रहण करने के लिए बातचीत के अंतिम चरण में है। बुधवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई। टेकक्रंच के अनुसार, सूत्रों का हवाला देते हुए इस सौदे को एक 'सप्ताह के भीतर' अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है और इसमें शेयर-स्वैप समझौता शामिल है। वर्ष 2020 में स्थापित कू का स्वामित्व बेंगलुरु स्थित बॉम्बिनेट टेक्नोलॉजीज के पास है। कंपनी की स्थापना अप्रमेय राधाकृष्ण और मयंक बिदावतका ने की थी और इसे अक्सर एलन मस्क के एक्स का भारत संस्करण माना जाता है। डेलीहंट ने इस पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। पिछले साल सितंबर में बिदावतका ने कहा था कि कंपनी 'किसी ऐसे व्यक्ति के साथ साझेदारी करना चाहती है जिसके पास कू के यूजरों की संख्या बढ़ाने और इसे बढ़ने में मदद करने के लिए बड़े पैमाने पर वितरण शक्ति हो।

## पेयू ने अपने निदेशक मंडल में 5 नए सदस्यों की नियुक्ति की


नई दिल्ली। लीडिंग पेमेंट सॉल्यूशन प्रोवाइडर पेयू ने बुधवार को अपने निदेशक मंडल में पांच नए सदस्यों की नियुक्ति का ऐलान किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने अब तीन स्वतंत्र निदेशक और दो गैर-कार्यकारी गैर-स्वतंत्र निदेशक जोड़े हैं। बोर्ड (मंडल) में शामिल होने वाले पांच नए सदस्यों में पेयू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अनिर्बन मुखर्जी और पेयू के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) अरविंद अग्रवाल शामिल होंगे, जिससे बोर्ड की कुल संख्या सात हो गई। अनिर्बन मुखर्जी ने कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रही है। पेयू बेमिसाल ऑनलाइन भुगतान अवसर का लाभ उठाने के लिए तैयार है, जिससे 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की इंटरनेट अर्थव्यवस्था तक पहुंचने की उम्मीद है।'

## स्कोडा ऑटो ने भारत के लिए ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा की

नोएडा। स्कोडा ऑटो इंडिया ने ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए अपनी नई योजनाओं की घोषणा की। इस एसयूवी को 2025 की पहली छमाही में भारत में लॉन्च किया जाएगा। यह कंपनी का तीसरा मेड-फॉर-इंडिया प्रोडक्ट होगा। यह नई कार कुशाक और स्लाविया की तरह MQB-A0-IN प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी। इस नए लॉन्च के साथ, स्कोडा ऑटो इंडिया 2026 तक साल भर में 100,000 कारों की बिक्री के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। स्कोडा ऑटो ए. एस के सीईओ क्लॉस ज़ेल्मर ने इस घोषणा के बारे में कहा, पूरी दुनिया में स्कोडा ऑटो के विकास के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण बाजार है। भारत अपनी बाजार की जबर्दस्त ताकत के साथ दुनिया भर के अन्य देशों के बाजारों में स्कोडा ऑटो के विस्तार के लिए विकास और निर्माण का आधार भी है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी से अधिक की गिरावट

मुंबई, 28 फरवरी (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर के कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर बाजार नियामक द्वारा संपदा प्रबंधन कंपनियों को निवेशकों को स्मॉलकैप और मिडकैप फंडों से जुड़े जोखिमों के बारे में अधिक और विस्तृत जानकारी देने की अपील करने से बने दबाव के कारण आज शेयर बाजार में भूचाल आ गया और चौतरफा बिकवाली से बाजार में एक फीसदी से अधिक की गिरावट देखी गयी। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 790.34 अंक लुढ़ककर 73 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 72304.88 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसइ) का निफ्टी 247.20 अंक टूटकर 21951.15 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में अधिक बिकवाली देखी गयी जिससे बीएसई का मिडकैप 1.82 प्रतिशत गिरकर 39019.19 अंक पर और स्मॉलकैप 1.94 प्रतिशत गिरकर 44998.14 अंक पर रहा। चौतरफा बिकवाली के कारण बीएसई में शामिल समूह लाल निशान में रहे जिसमें यूटिलिटी में सबसे अधिक 2.82 प्रतिशत और टेक में सबसे कम 0.30 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई में कुल 3921 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2963 लाल निशान में रही जबकि 881 हरे निशान में और 77 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर जर्मनी के डेक्स 0.09 प्रतिशत की मामूली तेजी को छोड़कर सभी प्रमुख




सूचकांक लाल निशान में रहा। इसमें चीन का शंघाई कंपोजिट 1.91 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.51 प्रतिशत , ब्रिटेन का एफटीएसई 0.58 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.08 प्रतिशत शामिल है। बीएसई का सेंसेक्स 167 अंकों की तेजी लेकर 73162.82अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 73223.11 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसके बाद शुरू हुयी बिकवाली कारोबार बंद होने तक बनी रही जिससे सेंसेक्स 72222.29 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया। अंत में यह पिछले दिवस के 73095.22 अंक की तुलना में 1.08 प्रतिशत अर्थात 790.34 अंक फिसलकर 72304.88 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से मात्र चार कंपनियां ही रहे निशान में रही जबकि शेष 26 लाल निशान में रही। हरे निशान में रहने वाली कंपनियों में भी एक फीसदी से कम ही वृद्धि देखी गयी जबकि पावरग्रिड में सबसे अधिक 4.43 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी।


इसी तरह से एनएसई का निफ्टी 16 अंकों की बढ़त लेकर 22214.10 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 22229.15 अंक के उच्चतम स्तर तक गया लेकिन बिकवाली के दबाव में यह 21915.85 अंक के निचले स्तर तक टूटा। अंत में यह पिछले दिवस के 22198.35 अंक की तुलना में 1.11 प्रतिशत अर्थात 247.20 अंक गिरकर 21951.15 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में मात्र चार हरे निशान में रही जबकि 46 को नुकसान उठाना पड़ा।

# झारखंड में बिजली 7.6 फीसदी हुई महंगी, रेगुलेटरी कमीशन ने नई दरें की घोषित

**रांची,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड में बिजली की कीमतों में 7.66 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन ने बुधवार को राज्य के बिजली उपभोक्ताओं के लिए नई दरों की घोषणा कर दी। नई दरें एक मार्च से प्रभावी हो जाएंगी। रेगुलेटरी कमीशन ने जिस नई टैरिफ की घोषणा की है, उसके मुताबिक शहरी क्षेत्रों में घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 6.65 रुपये का भुगतान करना पड़ेगा। अब तक उन्हें 6.30 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से भुगतान करना पड़ता है यानी प्रति यूनिट 35 पैसे की वृद्धि की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए यह दर 6.30 रुपये प्रति यूनिट होगी। इसके अलावा कुछ श्रेणियों में फिक्स चार्ज में भी बढ़ोत्तरी की गयी है। घरेलू ग्रामीण के लिए फिक्स चार्ज 75 रुपए तय किया गया है। घरेलू शहरी के लिए 100 रुपए, घरेलू एचटी के लिए 120 रुपए और व्यावसायिक शहरी के लिए भी 120 रुपए का फिक्स चार्ज तय किया गया है। नए टैरिफ में समय पर बिल भुगतान करने वालों के लिए राहत का भी ऐलान किया गया है। उपभोक्ता अगर पांच दिनों के अंदर बिल भुगतान करेंगे, तो 2 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। इतना ही नहीं, तय समय पर ऑनलाइन बिजली बिल जमा करने पर उपभोक्ताओं को 1 प्रतिशत की राहत मिलेगी। छूट की अधिकतम सीमा 250 रुपए तक रहेगी। बताया गया है कि झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम की ओर से टैरिफ में 39.71 फीसदी इजाफा करने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन जांच और राज्य के विभिन्न प्रमंडलों में जनसुनवाई के बाद आयोग ने टैरिफ 7.66 फीसदी बढ़ाने पर मुहर लगाई। गौरतलब है कि हाल में झारखंड सरकार ने 125 यूनिट तक की बिजली मुफ्त देने का ऐलान किया है।

# खाद्य तेलों में घटबढ़, जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगभग स्थिरता रहने के बीच स्थानीय स्तर पर आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों घटबढ़ देखा गया जबकि अन्य सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट फिसलकर 3967 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.05 सेंट की तेजी के साथ 44.25 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिश्रित रूख रहा। सरसों तेल 220 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 184 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 440 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया जबकि पाम ऑयल 200 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 200 रुपए प्रति क्विंटल उबल गई। इस दौरान सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

# एक दशक में दो लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा देश का खुदरा बाजार

**मुंबई,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक चमकीला सितारा बना हुआ है और इसके खुदरा बाजार का आकार अगले 10 साल में दो लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह खुदरा विक्रेताओं के लिए एक बड़ा अवसर पेश करेगा। बुधवार को जारी एक नई रिपोर्ट में ये बातें कही गई हैं। शीर्ष पांच वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेजी से बढ़ रहा है और वर्ष 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद के हिसाब से इसके तीसरा सबसे बड़ा देश बनने की उम्मीद है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) की रिपोर्ट के मुताबिक, रिटेल बाजार की वृद्धि दर 9-10 फीसदी रहने की उम्मीद है। बीसीजी के वरिष्ठ भागीदार और प्रबंध निदेशक अभीक सिंघी ने कहा, 'अगले दशक में विभिन्न



श्रेणियों और प्रारूपों में भारतीय खुदरा क्षेत्र का आकार दोगुना होकर दो लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा।' स्टोर का विस्तार जारी है और बढ़ते शहरीकरण के साथ अधिक खपत गैर-महानगरीय शहरों में होने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, 'ई-कॉमर्स लगातार बढ़ रहा है, हाँलाकि शुद्ध रूप से नए यूजर जोड़ने की गति इस वर्ष धीमी रही है। ऑनलाइन की भूमिका और उसके पैमाने की फिर से कल्पना करने की जरूरत है।' संगठित खुदरा विक्रेताओं को प्रदर्शन बनाए रखने और शेयरों में वृद्धि जारी रखने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के निष्कर्ष में कहा गया है, 'खुदरा क्षेत्र विकास की गति और आकार को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बदलावों से गुजर रहा है।' उन्होंने कहा, 'आय वृद्धि स्थिर बनी हुई है, और उपभोक्ता अपने व्यक्तिगत आय दृष्टिकोण पर आशावादी हैं। साथ ही, उपभोक्ता तेजी से 'अनुभवों' पर खर्च करना चाहते हैं या नए/नवोदित वाहनों के माध्यम से अधिक बचत करना चाहते हैं।' आरएआई के सीईओ कुमार राजगोपालन के अनुसार, व्यक्तिगत ग्राहक अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करके, नए सहयोग की खोज करके और दक्षता के लिए एआई का लाभ उठाकर, 'हम देश के खुदरा उद्योग को अभूतपूर्व विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की ओर ले जा सकते हैं।

# खेल जगत

**मैं जहीर खान से सीखने की कोशिश करता था : जेम्स एंडरसन**

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान को वह अक्सर देखा करते थे और उन गेंदों के बारे में समझने के लिए उनसे सीखने की कोशिश करते थे जो यहां की परिस्थितियों में अच्छा काम कर सकती हैं। एंडरसन ने जियोसिनेमा से कहा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज से बेहतर गेंदबाज कोई नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। आपने इशांत शर्मा को भी वहां रखा और यह वास्तव में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। मेरे लिए, जहीर खान एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें मैं सीखने के लिए बहुत कुछ देखा करता था। उन्होंने रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल कैसे किया, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़े तो उन्होंने गेंद को कैसे कवर किया, यह कुछ ऐसा है जिसे मैंने यहां कई बार उनके खिलाफ खेलते हुए विकसित करने की कोशिश की।



## केएल राहुल, गिल, सिराज ग्रेड ए में, श्रेयस और ईशान बाहर

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। केएल राहुल, शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज 1 अक्टूबर, 2023 से 30 सितंबर, 2024 तक चलने वाले सीज़न के लिए सीनियर पुरुष टीम के बीसीसीआई वार्षिक अनुबंध में ग्रेड ए में चले गए हैं।

विशेष रूप से, इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध से सम्मानित खिलाड़ियों की 30 सदस्यीय सूची में शामिल नहीं किया गया है, जो पिछले साल 26 से चार अधिक है। पिछले सीज़न में, राहुल, गिल और सिराज ग्रेड बी में थे, लेकिन पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट मैचों में प्रभावशाली प्रदर्शन का मतलब है कि ये तिकड़ी रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी और हार्दिक पांड्या के साथ ग्रेड ए में छह खिलाड़ी बन गए हैं।

ग्रेड ए+ में कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जड़ेजा और जसप्रीत बुमराह के रूप में चार खिलाड़ी हैं, जिनमें पिछले साल से कोई बदलाव नहीं किया गया है। यशस्वी जायसवाल खुद को सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव (ग्रेड सी से पदोन्नत), अक्षर पटेल और ऋषभ पंत (दोनों ग्रेड ए से नीचे चले गए) के साथ ग्रेड बी अनुबंध में पाते हैं।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि श्रेयस और ईशान, जो पिछली केंद्रीय अनुबंध सूची में क्रमशः ग्रेड बी और सी में थे, को सिफारिशों के इस दौर में वार्षिक अनुबंध के लिए नहीं माना गया। इसने यह भी सिफारिश की कि सभी एथलीट उस अवधि के दौरान घरेलू क्रिकेट में भाग लेने को प्राथमिकता दें जब वे राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों।

चयन समिति ने आकाश दीप, विजयकुमार विशक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा के लिए तेज गेंदबाजी अनुबंध की भी सिफारिश की है। इसके अतिरिक्त, बीसीसीआई ने कहा कि जो एथलीट निर्दिष्ट अवधि के भीतर न्यूनतम 3 टेस्ट या 8 वनडे या 10 टी20 खेलने के मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें स्वचालित रूप से आनुपातिक आधार पर ग्रेड सी में शामिल किया जाएगा। उदाहरण के लिए, ध्रुव जुरेल और सरफराज खान, जिन्होंने अब तक दो टेस्ट मैच खेले हैं, अगर वे धर्मशाला टेस्ट मैच, यानी इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला के पांचवें टेस्ट में भाग लेते हैं, तो उन्हें ग्रेड सी में शामिल किया जाएगा।

**ग्रेड ए+** – रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवीन्द्र जड़ेजा।

**ग्रेड ए** – आर अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या।

**ग्रेड बी** – सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल।

**ग्रेड सी** – रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार।





### मुझे भारत से प्यार है, मुझे यहां आना पसंद है : एश्ले नर्स

**ग्रेटर नोएडा।** वेस्टइंडीज के पूर्व स्पिनर एश्ले नर्स यहां ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जा रहे इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के पहले संस्करण में अपने प्रदर्शन का आनंद ले रहे हैं। आईवीपीएल में रेड कार्पेट दिल्ली का प्रतिनिधित्व करते हुए, नर्स ने मंगलवार को तीन विकेट लेकर मुंबई चैंपियंस पर अपनी टीम की हालिया जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत के प्रति अपने लगाव को व्यक्त करते हुए, नर्स ने आईवीपीएल में हर्शल गिब्स के नेतृत्व में खेलने को लेकर अपने उत्साह पर जोर दिया। एश्ले ने कहा, परम आनंद। मेरा मतलब है, मुझे भारत से प्यार है। मुझे भारत आना पसंद है। इसलिए मैं किसी भी चीज के लिए भारत आता हूं, मैं जितना चाहता हूं उसका आनंद लेने की कोशिश करता हूं। वह (गिब्स) एक बहुत ही रोमांचक खिलाड़ी है। वह महान है। इसलिए मुझे लगता है कि उसकी कप्तानी भी वैसी ही होगी।

## यशस्वी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंचे





**दुबई** 28 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 12वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग के शीर्ष पर बरकरार हैं। बुधवार को जारी ताजा टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप-10 में भारत का केवल एक बल्लेबाज शामिल हैं। विराट कोहली को दो स्थान का नुकसान हुआ है विराट नौवें नंबर पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन 893 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 818 के साथ दूसरे, ऑस्ट्रेलिया के जो रूट 799 अंक के साथ तीसरे नंबर पर आ गए हैं। न्यूजीलैंड के डेरियल मिचेल 780 अंकों के साथ चौथे, पाकिस्तान के बाबर आजम 768 के साथ पांचवें, उस्मान ख्वाजा 765 अंकों के साथ छठे, श्रीलंका के दिमुथ करूणारत्ने 750 अंकों के साथ सातवें , ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन 746 के साथ आठवें, भारत के विराट कोहली 744 अंकों के नौवें और इंग्लैंड के हैरी ब्रूक 743अंकों के साथ दसवें स्थान पर है।

गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह 867 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए, उसके आर अश्विन 846 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। दोनों के बीच अब सिर्फ 21 रेटिंग अंकों का अंतर है। इसके बाद कगिसो रबाडा 834 अंक, पैट कमिंस 828 अंक, जॉश हेजलवुड 818 अंक के साथ पांचवें नंबर पर है। रवींद्र जडेजा 785 अंकों के साथ छठे, प्रभात जयसूर्या 738 अंक के साथ सातवें, नाथन लियोन 746 अंक के साथ आठवें, काइल जेमिसन 743 अंक और जेम्स एंडरसन 742 अंक के साथ दसवें स्थान पर है। वहीं टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में हेजलवुड छह स्थान चढ़ते हुए नंबर सात पर पहुंच गए हैं। वह शीर्ष 10 में एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हैं। आदिल रशीद टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। उनके बाद श्रीलंकाई स्पिन जोड़ी वनिंदु हसरंगा और महीश थीक्षणा का नंबर आता है।

ट्रैविस हेड 18 अंकों की उछाल के साथ 19वें स्थान पर हैं, वहीं 10 गेंदों में 31 रन की पारी खेल आख़िरी गेंद पर ऑस्ट्रेलिया को मैच जिताने वाले टिम डेविड 22वें स्थान पर पहुंच गए है। टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर, फिल साल्ट दूसरे और मोहम्मद रिजवान तीसरे स्थान पर हैं।

## छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने राजस्थान लेजेंड्स को 7 विकेट से हराया

**ग्रेटर नोएडा,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के दसवें मैच में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने राजस्थान लेजेंड्स को 7 विकेट से मात दी। यह मुकाबला भी ग्रेटर नोएडा के के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला गया। इस मैच में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज मुनफ पटेल छत्तीसगढ़ की जीत के हीरो रहे। उन्होंने शानदार पांच विकेट लिए और राजस्थान के बल्लेबाजी लाइन-अप को ध्वस्त कर दिया।

इसके अलावा उन्होंने एक रनआउट भी किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान लेजेंड्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में महज 110 रन पर ढेर हो गई।

उनकी पारी किसी भी वक्त स्थिर नहीं हुई और नियमित अंतराल पर टीम के विकेट गिरते रहे। मैन ऑफ द मैच मुनफ पटेल ने अपनी गेंदबाजी से कहर बरपाते हुए सिर्फ तीन ओवर में



9 रन देकर पांच विकेट झटक लिए। उन्होंने इसके अलावा शानदार फील्डिंग की और श्रीलंकाई ऑलराउंडर सीकुगे प्रसन्ना को रन आउट किया। मुनफ के अलावा कप्तान शादाब जकाती, अमित मिश्रा, मिलिंदा सिरिवर्धना और जितेंद्र गिरी ने एक-एक विकेट लेकर राजस्थान को सामान्य स्कोर से नीचे रोक दिया। 111 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की टीम को कोई परेशानी नहीं हुई।

टीम ने 12.3 ओवर में आसानी से जीत हासिल कर ली। वॉरियर्स के सलामी बल्लेबाज नमन ओझा (20 गेंदों पर 27) और जतिन सक्सेना (8) ने आउट होने से पहले टीम को अच्छी शुरुआत दी थी। गौरव सचदेवा ने दोनों का विकेट लिया था। इसके बाद टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज और आईपीएल का अपार अनुभव रखने वाले सौरभ तिवारी ने 34 गेंदों पर 47 नाबाद की पारी खेली। 10वें ओवर में मान का विकेट गिरा लेकिन इसके बावजूद तिवारी ने असगर अफगान के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को आसान जीत दिला दी।

## दिलीप टिर्की और भोला बोले, हॉकी इंडिया में गुटबाजी के दावे गलत, हम एकजुट हैं

नई दिल्ली, 28 फरवरी (देशबन्धु)। बीते हफ्ते पहले भारत की महिला हॉकी टीम की चीफ कोच यांकी शॉपमैन के हॉकी इंडिया द्वारा पर्याप्त सम्मान और अहमियत न देने और उसके बाद करीब डेढ़ दशक तक सीईओ रही हॉकी इंडिया की सीईओ रही ऑस्ट्रेलिया की इलिना नॉर्मन के अपने अपने पद से इस्तीफा देने के बीच हॉकी के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन दिलीप टिर्की और महासचिव भोला नाथ के बीच अनबन गुटबाजी की खबरों भी सामने आई। इसी बीच हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन दिलीप टिर्की और महासचिव भोलनाथ ने बुधवार को हॉकी इंडिया के लेटर हेड पर संयुक्त रूप से अपने अपने दस्तखत कर एक संयुक्त वक्तव्य देकर कहा, हाल ही में हॉकी इंडिया को छोड़ कर जाने वाले अधिकारियों के हॉकी इंडिया के दो गुटों में बंटे होने के मीडिया में छपे सही नहीं है। हम साथ मिलकर काम करने को एकजुट रहेगे। और हमेशा हॉकी के हित में काम करेंगे। हॉकी इंडिया ने हमेशा देश की सभी टीमों और खिलाडियों को बराबर माना है। सभी खिलाडियों ट्रेनिंग की समान सुविधाएं, समान लाभ , नकद पुरस्कार और उनके प्रदर्शन के आधार पर दिए हैं। हमारी नीति जमीनी स्तर सभी राज्यों और राष्ट्रीय स्तर पर सभी को समान अवसर और एक सा व्यवहार करने की है।' यांकी शॉपमैन ने इस्तीफा देने के बाद हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तो उनकी बात सुनते लेकिन बाकी (यानी भोलानाथ गुट) उन्हें पसंद नहीं करते थे। वहीं इलीना नॉर्मन ने इस्तीफा ने इस्तीफा देते समय कहा , 'हॉकी इंडिया में दो गुटों के झगड़ों के बीच काम करना मुश्किल हो रहा था। हॉकी इंडिया में दो गुट है। हॉकी इंडिया में एक और मैं और अध्यक्ष दिलीप टिर्की थे तो दूसरी ओर यानी इसके दूसरे गुट में इसके महासचिव भोलानाथ सिंह, कार्यकारी निदेशक कमांडर आर. के. श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष शेखर मनोहरन।

### सार संक्षेप

#### हेम्प, एडम्स होंगे बंगलादेश के बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच

**ढाका।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने डेविड हेम्प और आंद्रे एडम्स को दो साल के अनुबंध पर क्रमशः बंगलादेश का नया बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। वे अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज से अपने सेवा शुरु करेंगे। काउंटी क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी हेम्प ने बरमूडा के लिए 24 एकदिवसीय मैच खेले, पिछले वर्ष न्यूजीलैंड दौरे के दौरान टीम के बल्लेबाजी कोच थे। सीनियर टीम में इस पदोन्नति से पहले वह मई 2023 में उच्च प्रदर्शन वाले मुख्य कोच के रूप में बीसीबी में शामिल हुए थे। वह 2020 से 2022 तक पाकिस्तान महिला टीम के भी मुख्य कोच रहे थे। इस बीच एडम्स ने न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमों सहित कई टीमों के लिए गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2022-23 श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच भी थे। एडम्स ने न्यूजीलैंड के लिए सभी प्रारूपों में 47 मैच खेले हैं। एलन डोनाल्ड बंगलादेश के पिछले स्थायी तेज गेंदबाजी कोच थे। 2022 में टी-20 विश्वकप तक जेमी सिडन्स बंगलादेश के आखिरी बल्लेबाजी कोच थे। चंडिका हथुरुसिंघे बल्लेबाजी कोच की भूमिका की देखरेख कर रहे थे। पिछले वर्ष विश्वकप के दौरान उनके पास तकनीकी सलाहकार के रूप में एस श्रीराम थे जबकि निक पोथास सहायक कोच थे।

#### महासंघ में गुटबाजी और मतभेद नहीं है : हॉकी इंडिया

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को महासंघ में गुटबाजी और मतभेद के आरोप खारिज करते हुए कहा कि हम हॉकी की बेहतरी के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने आज यहां जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिए गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी तथा अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है। हमारी राष्ट्रीय टीमों को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए हर तरह का सहयोग दिया जाता है। महासंघ ने हर खिलाड़ी और टीम के साथ समानता का रुख रखा है। सभी को समान सुविधायें और लाभ दिए गए, जिसमें नकद पुरस्कार और सम्मान शामिल है। हम जमीनी स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी समानता में विश्वास रखते हैं। हम महिला टीम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद के लिए हरसंभव प्रयास नए सिरे से करेंगे। इसके साथ ही पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर पदक जीतने के लिए पुरुष टीम को हरसंभव सुविधायें मुहैया कराएंगे। हमें टीमों और अपने खिलाड़ियों के लिए हॉकी प्रेमियों के सतत सहयोग की जरूरत है। फिलहाल पूरा ध्यान ओलिंपिक खेल पर रहना चाहिए।

## मंधाना अपने फैसलों को लेकर सक्रिय और साहसी रही है : सोफी डिवाइन

**बेंगलुरू,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ऑलराउंडर सोफी डिवाइन का मानना है कि कप्तान स्मृति मंधाना अपने फैसलों को लेकर सक्रिय और साहसी रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप फ्रेंचाइजी अब डब्ल्यूपीएल 2024 अंक तालिका में शीर्ष पर है। गेंदबाजों ने बुधवार रात को गुजरात जायंट्स को 107/7 पर रोककर आरसीबी के लिए आठ विकेट से जीत सुनिश्चित की, इसके बाद स्मृति ने 27 गेंदों में 43 रन बनाकर शानदार लय में रहते हुए मेजबान टीम के लिए लक्ष्य का पीछा करना आसान बना दिया। यह स्मृति और आरसीबी के लिए एक शानदार शुरुआत रही है, अब दो ठोस जीत हासिल की हैं, जबकि डब्ल्यूपीएल 2023 में अपने पहले पांच मैच हारने के बाद अंततः नॉकआउट के लिए बस चूक गए थे । यह शानदार रहा। मुझे लगता है कि उसने पिछले सीज़न से बहुत कुछ सीखा है। कभी-कभी यह कठिन था, उसके कंधों पर बहुत अधिक भार था। लेकिन वह शानदार रही है। सोफी ने मैच खत्म होने के बाद जियोसिनेमा पर कहा, वह अपने फैसलों को लेकर सक्रिय और साहसी रही है और मुझे लगता है कि इसका प्रभाव टीम के बाकी सदस्यों तक भी पहुंच गया है। इस समूह के भीतर एक वास्तविक शांति है। हर कोई स्मृति को देखना पसंद करता है जब वह आक्रामक होती है और जिस तरह से बल्लेबाजी करती है। मुझे लगता है कि कप्तानी और मैदान पर आने वाला आत्मविश्वास उनकी बल्लेबाजी में आ रहा है। सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर भी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारी भीड़ से आश्चर्यचकित थीं।

## केएल राहुल के पांचवें टेस्ट में खेलने को लेकर अनिश्चय

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। युवा यशस्वी जायसवाल,, शुभमन गिल, सरफराज खान ,नौजवान विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल जैसे युवा तुर्कों के बल्ले और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के गेंद से कमाल की बदौलत भारत ने इंग्लैंड से पहला टेस्ट हारने के बाद अगले लगातार तीनों टेस्ट जीत कर पांच टेस्ट की सीरीज 3-1 की निर्णायक बढ़त जीत ली। यह जीत इसलिए भी खास है कि भारत ने विराट कोहली के अपने बेटे के जन्म के चलते पूरी टेस्ट सीरीज से और केएल राहुल के पहले टेस्ट के बाद अगले तीनों टेस्ट से बाहर रहने के कारण ये टेस्ट जीते। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के करीबी सूत्रों पर यकीन करें तो केएल राहुल पहले टेस्ट के आखिर में जांघ (चार सिर वाली मांसपेशी) के अगले हिस्से चोट के आई चोट के लिए विशेषज्ञ से राय लेने के लिए लंदन गए हैं। केएल राहुल की बीते बरस लंदन में सर्जरी हुई थी। बीसीसीआई को शुक्रवार तक केएल राहुल की



चोट की बाबत कुछ स्थिति साफ होने की उम्मीद है। भारतीय टीम 26 फरवरी को ही चौथा टेस्ट पांच विकेट से जीतने के बाद अब सात मार्च से धर्मशाला में खेले जाने वाले सीरीज के पांचवें और आखिरी टेस्ट के लिए दो फरवरी को चंडीगढ़ आएगी और वहां से अगले दिन यानी तीन मार्च को धर्मशाला पहुंचेगी। चौथे टेस्ट के बाद करीब दस दिन का वक्त मिलने के कारण केएल राहुल के लंदन जाकर विशेषज्ञ से सलाह मशविरा करने की खबरों के कारण उनके पांचवें टेस्ट में खेलने को लेकर अभी भी अनिश्चय बरकरार है।

वहीं चौथे टेस्ट के लिए आराम दिए जाने के चलते एक पखवाड़े के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का धर्मशाला में पांचवें और आखिरी टेस्ट में वापसी लगभग तय है। साथ ही भारत सीरीज के दूसरे टेस्ट से करियर का आगाज कर बुरी तरह नाकाम रहने वाले रजत पाटीदार की जगह बाएं हाथ के देवदत्त पड्डीकल को अपने टेस्ट करियर का आगाज करने का मौका देने के साथ अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन की जगह वाशिंगटन सुंदर को मौका दे सकती है।

चौथे टेस्ट से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)से पहले कहा था कि केएल राहुल पूरी तरह फिट नहीं हो पाने के कारण इस टेस्ट से बाहर है और उनका पांचवें और आखिरी टेस्ट में खेलना उनके पूरी तरह फिट होने पर निर्भर है।

## 'टीम के साथियों को हनुमा विहारी के पक्ष में समर्थन पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए धमकी दी गई'

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहारी द्वारा कप्तानी छोड़ने के लिए मजबूर किए जाने के मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप के बाद घरेलू क्रिकेट में आंध्र के लिए कभी नहीं खेलने की कसम खाने के कुछ दिनों बाद, आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने आरोप लगाया है कि टीम के बाकी खिलाड़ियों को दाएं हाथ के बल्लेबाज के पक्ष में पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए धमकी दी गयी थी। सोमवार को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में आंध्र की मध्य प्रदेश से चार रन से हार के बाद, विहारी ने साझा किया कि उन्हें व्यक्तिगत कारणों से नहीं, बल्कि राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण पहले दौर के बाद कप्तानी छोड़नी पड़ी।

उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने बयान की एक प्रति के साथ-साथ अपने साथियों के हस्ताक्षर की एक और तस्वीर भी पोस्ट की, जिसमें उन्हें कप्तान के रूप में बहाल करने की मांग की गई। लेकिन इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक एसीए ने कहा है कि बाकी क्रिकेटरों को विहारी के पक्ष में इस पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया था।

उन्होंने आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन से आंध्र की ओर से जारी रखने के लिए कहा, भारतीय टीम में नहीं चुने जाने पर भावुक और निराश होने के लिए माफी मांगी, क्योंकि उन्हें एनओसी नहीं दी गई थी। खिलाड़ियों के माता-पिता ने कई बार एसोसिएशन का ध्यान इस ओर दिलाया है कि टीम में खिलाड़ियों के आने-जाने से स्थानीय खिलाड़ी मौके गंवा रहे हैं. लेकिन विहारी के अनुभव को ध्यान में रखते हुए टीम प्रबंधन ने उन्हें बरकरार रखा। हालांकि, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विहारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर झूठे आरोप लगा रहे हैं।

हनुमा विहारी ने आरोप लगाया है कि टीम के सभी खिलाड़ी उन्हें कप्तान बने रहने का समर्थन



कर रहे थे, इसके बावजूद उन्हें हटा दिया गया. इस संबंध में संबंधित खिलाड़ियों ने विहारी के खिलाफ आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन से शिकायत की है। रिपोर्ट के अनुसार, एसीए ने कहा, कुछ खिलाड़ियों ने आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन से शिकायत की है कि उन्हें धमकी देकर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया था। आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन प्राप्त सभी शिकायतों की गहन जांच करेगा और तथ्यों की रिपोर्ट बीसीसीआई को देगा।

रिपोर्ट में एसीए के हवाले से आगे कहा गया है कि विहारी आंध्र टीम में क्लास अंतर पैदा कर रहे हैं। इसके अलावा, खिलाड़ियों ने पहले आंध्र टीम मैनेजर्स एसोसिएशन से शिकायत की थी कि विहारी ने सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट के दौरान साथी खिलाड़ियों के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और दुर्व्यवहार किया था। यह कहा गया था कि हनुमा विहारी के व्यवहार के कारण टीम में वर्ग अंतर था।

जनवरी 2024 में, पहले रणजी ट्रॉफी मैच के बाद, एसीए सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष वासिरेड्डी चंद्रमौली प्रसाद चौधरी ने आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन को एक ई-मेल भेजा, जिसमें विहारी के फॉर्म के बारे में शिकायतों के बाद एक नए कप्तान का प्रस्ताव रखा गया।

इसके जवाब में विहारी ने भी आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन को एक मेल भेजकर कहा कि वह चयन समिति द्वारा लिए गए फैसले का सौ फीसदी पालन करेंगे, आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन ने इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं किया। निर्णय लेने का अधिकार पूरी तरह से चयन समिति के पास है।

एसीए ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल और उनके नेता सोशल मीडिया पर विहारी के आरोपों के आधार पर प्रतिष्ठित आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन की आलोचना करते हैं। विहारी, जिन्होंने आखिरी बार जुलाई 2022 में बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट खेला था, ने 2010 में हैदराबाद के साथ अपने घरेलू क्रिकेट करियर की शुरुआत की और 2015/16 सीज़न तक टीम के लिए खेले। बाद में वह अगले सीज़न के लिए आंध्र वापस जाने से पहले, 2021/22 सीज़न में हैदराबाद के लिए खेलने लौट आए।